राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 11 फ़रवरी 2026
वर्ष 07, अंक 131, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

चार वर्षीय मासूम की गला दबाकर हत्या इलाक़े में दहशत, दोपहर से लापता थी मासूम बच्ची...03

दिल्ली में खुले गड्ढे और नालों बन रहे मौत का सबब सुरक्षा मानकों की हो रही अनदेखी...12

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

# डिजिटल अरेस्ट स्कैम पर लगाम: व्हाट्सप्प जैसे प्लेटफॉर्म के लिए सिम-बाइंडिंग की तैयारी, केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

**● देशभर में बढ़ते डिजिटल अरेस्ट स्कैम मामले में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी बात रखी है. केंद्र सरकार ने व्हाट्सप्प जैसे ओटीटी कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म के लिए सिम-बाइंडिंग को एक प्रभावी उपाय बताया है. यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत दूरसंचार विभाग ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपी गई अपनी स्टेटस रिपोर्ट में दी।**

यह रिपोर्ट अक्टूबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा शुरू किए गए स्वप्रेरणा (सेल्फ-इंडक्शन) मामले के तहत दाखिल की गई है. सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को बताया गया कि डिजिटल अरेस्ट स्कैम की समस्या से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने एक इंटर-डिपार्टमेंटल कमेटी गठित की है।

केंद्र सरकार के अनुसार, कमेटी की अब तक दो बैठकें हो चुकी हैं, जिनमें सिम जारी करने और उसके मैनेजमेंट से जुड़ी कमजोरियों पर फोकस किया गया, जिनका फायदा स्कैमर्स उठा रहे हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि डिजिटल अरेस्ट स्कैम में ओटीटी प्लेटफॉर्म, खासकर व्हाट्सप्प, के दुरुपयोग को एक बड़ा कारण माना गया है और सिम-बाइंडिंग के जरिए इस पर काबू पाया जा सकता है।

### अब बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन की अनुमति

इस मामले में नियुक्त एमिकस क्यूरी सीनियर एडवोकेट एन.एस. नप्पिनई ने कमेटी की बैठकों में हिस्सा लिया और जोर दिया कि ऐसे उपायों का मूल्यांकन जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन और धोखाधड़ी से निरंतर सुरक्षा के आधार पर होना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि समाधान में मौजूदा और नए, दोनों तरह के SIM जारी करने के मामलों को शामिल किया जाना चाहिए।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि टेलीकम्युनिकेशन एक्ट, 2023 के तहत अब बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन की अनुमति दी गई है. ष्ठशञ्ज के मुताबिक, इससे जुड़े नियम अंतिम चरण में हैं और पब्लिक



कंसल्टेशन पूरा हो चुका है. स्पूफ्ड कॉल्स पर कार्रवाई का जिक्र करते हुए DoT ने बताया कि अक्टूबर 2024 में शुरू किए गए सेंट्रल इंटरनेशनल आउट रोमर (सीआईओआर) सिस्टम के जरिए विदेशी स्थानों से आने वाली लेकिन भारतीय नंबर दिखाने वाली कॉल्स को ब्लॉक किया गया. अकेले अक्टूबर 2024 में करीब 1.35 करोड़ कॉल्स रोकी गई, जिसके बाद ऐसी कॉल्स की संख्या घटकर लगभग 1.5 लाख रह गई है।

### वीओआईपी कॉल्स को लेकर कमेटी को क्या बताया

SIM जारी करने की सीमा को लेकर DoT ने बताया कि एक टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर (टीएसपी) एक दिन में अधिकतम तीन SIM जारी कर सकता है- एक द्ग्यङ्घष्ट और दो डी-केवाईसी के जरिए. हालांकि, यह भी स्वीकार किया गया कि फिलहाल अलग-अलग TSP के बीच क्रॉस-वेरिफिकेशन की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है।

वीओआईपी कॉल्स को लेकर कमेटी को बताया गया कि व्हाट्सप्प और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म से होने वाली कॉल्स आईटी एक्ट, 2000 के तहत आती हैं और डीओटी के सीधे दायरे से बाहर हैं. इस पर नप्पिनई ने आपत्ति जताते हुए कहा कि टेलीकॉम कंपनियां भी वीओआईपी सेवाएं देती हैं और उनके दुरुपयोग पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

### क्या है पूरा मामला?

यह मामला तब सामने आया जब एक सीनियर सिटिजन दंपति ने सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिखकर बताया कि स्कैमर्स ने खुद को सीबीआई, इंटेलिजेंस ब्यूरो और न्यायपालिका के अधिकारी बताकर उनसे 1.5 करोड़ की ठगी की. कोर्ट को यह भी बताया गया कि सीबीआई ने अब तक डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े मामलों में 10 करोड़ की राशि की पहचान की है।

बैंकों द्वारा ऐसे फ्रॉड ट्रांजैक्शन का पता लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल और डिजिटल अरेस्ट मामलों से निपटने के लिए एम ओयू और एसओपी तैयार किए जाने की जानकारी भी कोर्ट को दी गई. इन सबको देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित एजेंसियों को इन उपायों को तेज़ी से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

# दिल्ली में 'लाडली योजना' बंद, अब 'लखपति बिटिया' की शुरुआत, जानें कैसे मिलेगा लाभ

**● दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में कैबिनेट बैठक के बाद बड़ा फैसला लिया है. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि 31 मार्च तक लाडली योजना को बंद कर दिया जाएगा**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में कैबिनेट बैठक के बाद बड़ा फैसला लिया है. दिल्ली सरकार ने बेटियों से जुड़ी एक बड़ी योजना में बड़ा बदलाव करने का एलान किया है. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि 31 मार्च तक लाडली योजना को बंद कर दिया जाएगा। अब 1 अप्रैल से दिल्ली लखपति बिटिया योजना शुरू की जाएगी, जिसके तहत सरकार की ओर से बेटियों को पहले से अधिक आर्थिक सहायता दी जा सकेगी

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि लाडली योजना 2008 में लाडली योजना शुरू की गई थी. इस योजना के तहत अलग-अलग चरणों में कुल 36 हजार रुपये बैंक में जमा किए जाते थे और यह राशि मेच्योरिटी पर मिलती थी। हालांकि, इस योजना के तहत 1 लाख 86 हजार खाते अनक्लेम्ड रह गए थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि सरकार ने जब इस गड़बड़ी की तह तक जाना शुरू किया तो महिला एवं बाल विकास विभाग ने लगभग 30 हजार बच्चियों को खोजकर 90 करोड़ रुपये उनके खातों में ट्रांसफर किए।

### अब 12वीं तक नहीं, बल्कि ग्रेजुएशन तक मिलेगा लाभ

सीएम ने बताया कि इसके अलावा अब 41 हजार और बच्चियों की पहचान की गई है, जिनके हक का करीब 100 करोड़ रुपये का फंड एक साल पूरा होने पर जारी किया जाएगा। इस तरह कुल मिलाकर सरकार करीब 190 करोड़ रुपये लाभार्थियों को दे रही है. मुख्यमंत्री ने बताया कि अब नई दिल्ली लखपति बिटिया योजना के तहत कई बड़े बदलाव किए गए हैं।

इस योजना की राशि 36 हजार से बढ़ाकर 56 हजार रुपये की जाएगी. लाभ अब 12वीं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ग्रेजुएशन तक मिलेगा। मॅच्योरिटी पर 1 लाख रुपये दिए जाएंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पास्को एक्ट व अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर,** शोहरतगढ़ पुलिस ने पास्को एक्ट व अपहरण के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसएचओ नवीन कुमार सिंह ने बताया कि शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के पकड़ी ग्रामपंचायत के टोला डफालीडीह के रहने वाले शिवकुमार के ऊपर नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोप में मुकदमा दर्ज था।जिसकी तलाश की जा रही थी।मंगलवार पुलिस ने आरोपी को नाबालिग बालिका के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान एसआई बलिराम गौड़,आरक्षी पवन कुमार मौर्य व महिला आरक्षी जूही सिंह मौजूद रहे।

### संभल हिंसा मामले में ASP अनुज चौधरी को राहत, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने FIR के आदेश पर लगाई रोक



**ब्यूरो प्रयागराज** संभल हिंसा मामले में चर्चित एएसपी अनुज चौधरी समेत अन्य 22 पुलिसकर्मियों के खिलाफ सीजेएम ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। इस आदेश पर सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एएसपी अनुज चौधरी को अंतरिम राहत जमानत दे दी है. इसके साथ ही कोर्ट ने सीजेएम के 9 जनवरी के आदेश पर भी रोक लगा दी है। दरअसल संभल जामा मस्जिद सर्वे के दौरान जिले में हुई हिंसा में सीजेएम कोर्ट ने तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी और 22 अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया था. इस फैसले के को अनुज चौधरी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. इसके साथ ही राज्य सरकार मे भी इस फैसले के खिलाफ याचिका दायर की थी। अब इस मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने फिलहाल सीजेएम कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है. अब इस मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी, तब तक एफआईआर के आदेश पर रोक लगा दी है. मामले की अगली सुनवाई में कोर्ट किसी कानूनी कार्रवाई की बात कर सकता है।

# असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ कार्रवाई की मांग, सीपीआई (एम) ने सुप्रीम कोर्ट का किया रुख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कथित विवादित वीडियो को लेकर मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सीपीआई (एम) ने मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। वरिष्ठ वकील निजाम पाशा ने इस मामले को देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के समक्ष उल्लेख किया। वकील ने अदालत को बताया कि असम के मुख्यमंत्री द्वारा मुस्लिम समुदाय को लेकर कई विवादित बयान दिए गए हैं। इसके अलावा, हाल ही में एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें मुख्यमंत्री को मुस्लिम टोपी पहने कुछ लोगों की ओर बंदूक से निशाना साधते हुए दिखाया गया है। वकील ने कोर्ट को यह भी बताया कि इस मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने इस पर अदालत के हस्तक्षेप की मांग की।

इस पर मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए कहा कि समस्या यह है कि जैसे ही चुनाव आते हैं, आधी चुनावी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट में लड़ी जाने लगती है। हालांकि, अदालत ने मामले को खारिज नहीं किया और कहा कि इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। इससे पहले एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भी सोमवार को असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ हैदराबाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत सरमा के खिलाफ उस वीडियो के लिए तुरंत कार्रवाई की मांग की थी, जिसमें उन्हें मुसलमानों को गोली मारते हुए दिखाया गया था। हालांकि, बाद में उस वीडियो को डिलीट कर दिया गया था।

पुलिस कमिश्नर वीसी सज्जनार के पास सीएम सरमा के खिलाफ मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को भड़काने के जानबूझकर और गलत इरादे वाले कामों के लिए शिकायत दर्ज कराते हुए, हैदराबाद सांसद ने असम के मुख्यमंत्री पर दो धार्मिक समुदायों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था।

# शिखर धवन बने दिल्ली खेल महाकुंभ के ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके शिखर धवन को आगामी दिल्ली खेल महाकुंभ का ब्रांड अंबेसडर नियुक्त किया गया है। यह आयोजन 13 फरवरी 2026 से शुरू हो रहा है, जिसमें राजधानी के हजारों युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शिक्षा मंत्री आशीष सूद और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शिखर धवन से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। आशीष सूद कहा कि खेलों के प्रति दिल्ली सरकार की गंभीर प्रतिबद्धता से प्रभावित होकर शिखर धवन ने स्वयं आगे आकर यह जिम्मेदारी स्वीकार की है। उन्होंने कहा धवन जैसे प्रेरणादायी खिलाड़ी का जुड़ना दिल्ली के युवाओं के लिए आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का स्रोत बनेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी शिखर धवन के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से दिल्ली के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। सरकार खेलों को करियर के रूप में अपनाने वाले युवाओं को हर संभव मंच और अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने इस अवसर पर कहा कि दिल्ली उनकी कर्मभूमि रही है और इस मिट्टी के लिए कुछ करना उनके लिए गर्व की बात है।

# लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस, 100 से ज्यादा सांसदों ने किया साइन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को ''बोलने की इजाजत नहीं देने'' तथा कांग्रेस की महिला सांसदों पर सदन में अनुचित स्थिति पैदा करने के आरोपों पर विपक्ष ने अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा सचिवालय को सौंप दिया। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश और सांसद मोहम्मद जावेद तथा अन्य ने लोकसभा सचिवालय को यह नोटिस सौंपा।

नोटिस पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके और कई अन्य विपक्षी दलों के 100 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। संविधान के अनुच्छेद 94 (सी) के तहत यह प्रस्ताव संबंधी नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा गया है। बीते दो फरवरी को, राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़ा विषय उठाने की अनुमति नहीं मिलने, सदन की अवमानना के मामले में आठ विपक्षी सांसदों को निलंबित किए जाने तथा अन्य मुद्दों पर सदन में गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। विपक्ष का आरोप है कि लोकसभा में विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा है, जबकि सत्तापक्ष के लोगों को कुछ भी बोलने की छूट दी गई है।

# सांसद पप्पू यादव को पटना कोर्ट से जमानत, 31 साल पुराने मामले में हुई थी गिरफ्तारी



**ब्यूरो प्रयागराज।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को पटना के कोर्ट से जमानत मिल गई। सिविल कोर्ट के एसीजेएम-1 की कोर्ट में उनकी पेशी हुई थी। पटना सिविल कोर्ट में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। कोर्ट के अंदर आने-जाने वाले हर व्यक्ति की बारिकी से जांच की जा रही है। अभी कल ही पटना सिविल कोर्ट बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। जिसे लेकर पटना सिविल कोर्ट में गहमागहमी का माहौल है। कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गई है। दरअसल, करीब तीन दशक पुराने एक मामले में गिरफ्तारी के बाद से सांसद पप्पू यादव पटना के बेऊर जेल में कैद थे। पप्पू यादव की जमानत याचिका पर कोर्ट में सोमवार को ही सुनवाई होनी थी। लेकिन अचानक पटना सिविल कोर्ट में बम रखने जाने की सूचना ईमेल से आई, जिसके बाद वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। पटना पुलिस इसकी जांच-पड़ताल में जुट गई। कोर्ट परिसार को खाली करवा कर चेकिंग की गई थी। इससे न्यायिक कामकाज भी बाधित हुए। जिसके चलते पप्पू यादव की याचिका पर भी सुनवाई नहीं हो पाई।

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को 6 फरवरी 2026 को पटना के 31 साल पुराने धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। ये मामला साल 1995 का है, जो पटना के गर्दनीबाग थाने में दर्ज हुआ था। शिकायतकर्ता विनोद बिहारी लाल ने आरोप लगाया था कि पप्पू यादव और उनके सहयोगियों ने उनका मकान व्यक्तिगत उपयोग के नाम पर किराए पर लिया था, लेकिन बाद में उसका इस्तेमाल धोखे से सांसद के कार्यालय के रूप में किया जाने लगा। इस मामले में धारा 467 (दस्तावेजों की जालसाजी) समेत अन्य गंभीर धाराएं लगी थीं।

# लखनऊ की विशेष पॉक्सो अदालत का फैसला: दुष्कर्म व पॉक्सो आरोपों से आरोपी बरी, आपराधिक धमकी में एक वर्ष की सजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ, लखनऊ** की विशेष पॉक्सो अदालत ने वर्ष 2018 में दर्ज एक गंभीर आपराधिक मामले में फैसला सुनाया है। विशेष पॉक्सो न्यायालय के न्यायाधीश मोहम्मद कमरुज्जमा खान ने आरोपी पवन लोधी को भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के साधारण कारावास तथा 5,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में आरोपी को 10 दिन का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। वहीं, अदालत ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म) और पॉक्सो अधिनियम, 2012 की धाराओं 3/4 के तहत लगाए गए आरोपों से साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। यह मामला थाना कृष्णानगर, लखनऊ में दर्ज एफआईआर संख्या 395/2018 से संबंधित है, जो 25 जुलाई 2018 को दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने विवाह का आश्वासन देकर लगभग एक वर्ष तक उससे शारीरिक संबंध बनाए और बाद में विवाह से इंकार करने पर उसे तथा उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराएं 376 और 506 तथा पॉक्सो अधिनियम की धाराएं 3/4 में आरोप पत्र दाखिल किया था।

मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता, उसके परिजन और अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए गए। इसके साथ ही पीड़िता की मेडिकल और रेडियोलॉजिकल जांच रिपोर्ट, विद्यालयीय अभिलेख, आयु से संबंधित दस्तावेज तथा धारा 161 और 164 सीआरपीसी के अंतर्गत दर्ज बयान अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए गए। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी अधिवक्ता वीरेंद्र चौधरी और सुमन ने दलील दी कि घटना के समय पीड़िता नाबालिग थी और आरोपी ने गंभीर अपराध किया है।

बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अभिषेक उपाध्याय और अरुण कुमार ने अभियोजन के साक्ष्यों पर आपत्ति उठाते हुए पीड़िता की आयु से जुड़े दस्तावेजों में




विरोधाभास की बात रखी। बचाव पक्ष ने यह भी तर्क दिया कि अभियोजन यह सिद्ध नहीं कर सका कि कथित घटना के समय पीड़िता नाबालिग थी या शारीरिक संबंध उसकी इच्छा के विरुद्ध बनाए गए थे।

सभी साक्ष्यों और दलीलों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने कहा कि पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत अपराध सिद्ध करने के लिए पीड़िता की आयु का संदेह से परे प्रमाण आवश्यक है, जो इस मामले में प्रस्तुत नहीं हो सका। इसी आधार पर आरोपी को दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम के आरोपों से बरी किया गया। हालांकि, अदालत ने यह पाया कि आरोपी द्वारा पीड़िता और उसके परिजनों को धमकी देने का आरोप सुसंगत गवाहियों से सिद्ध होता है, जिस पर उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 506 के तहत दोषी ठहराया गया।

अदालत ने यह भी आदेश दिया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में बिताई गई अवधि का लाभ धारा 428 सीआरपीसी के अंतर्गत दिया जाएगा तथा फैसले की प्रमाणित प्रति आरोपी को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाए। जेल प्रशासन को सजा से संबंधित सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि यह फैसला स्पष्ट करता है कि पॉक्सो जैसे गंभीर मामलों में पीड़ित की आयु और घटनाक्रम से जुड़े ठोस प्रमाण निर्णायक होते हैं, जबकि आपराधिक धमकी जैसे अपराधों पर अदालतें सख्त रुख अपनाती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### उद्घाटन के दिन ही लाखों का सामान जलकर राख, नव-उद्घाटित ब्यूटी पार्लर में आग से भारी नुकसान



**बस्ती।** बस्ती जिले केलालगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को एक नव-उद्घाटित श्रृंगार और ब्यूटी पार्लर केंद्र में अचानक आग लग गई। आग की इस घटना में दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया, जिससे करीब एक लाख रुपये से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बखरिया निवासी ममता पत्नी जवाहर जिनकी दुकान बस्ती-महुली मार्ग पर बैंक ऑफ बड़ौदा से करीब 50 मीटर की दूरी पर स्थित है ने सोमवार शाम को दुकान बंद की और घर चली गई। दुकान बंद करने के लगभग एक से दो घंटे बाद महादेवा निवासी रामप्रसाद ने उन्हें फोन कर दुकान में आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही ममता और उनके पति जवाहर मौके पर पहुंचे, तब तक दुकान का सारा सामान जल चुका था। आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों नें दुकान का ताला तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी और दुकान में रखा पूरा सामान जलकर नष्ट हो चुका था।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई दवा



**देवरिया।** जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाते हुए 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई गई। शहर के पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज में जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी व सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान सी एम ओ ने बताया कि जिले में करीब 17 लाख लाभार्थियों को दवा देने का लक्ष्य है। जो बच्चे वंचित रह गए हैं, उन्हें 13 फरवरी को मॉप-अप राउंड में दवा दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि छह माह पर दी जाने वाली यह दवा सुरक्षित है और खून की कमी, कुपोषण व कमजोरी से बचाव में सहायक है।

### दिव्यांगजनों की कला-कौशल प्रदर्शनी आयोजित

**देवरिया।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग व जिला प्रशासन के सहयोग से जीआईसी प्रांगण में दो दिवसीय 'दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी' आयोजित हुई। उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी ने किया। प्रदर्शनी में 12 स्टॉलों पर दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प व उत्पाद प्रदर्शित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। विभिन्न जनपदों की संस्थाओं ने भी सहभागिता की।

### दो माह के लिए धारा 163 लागू

**देवरिया।** कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 10 फरवरी से 9 अप्रैल तक जनपद में धारा 163 लागू कर दी गई है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने बताया कि पर्वों व परीक्षाओं को देखते हुए निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों, भड़काऊ पोस्टर, सोशल मीडिया पर अफवाह, बिना अनुमति अस्त्र-शस्त्र ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर रोक रहेगी। उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई होगी।

### देवरिया में यातायात पुलिस का चेकिंग अभियान, 129 वाहनों का चालान

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में यातायात पुलिस ने शहर क्षेत्र में दुर्घटना रोकथाम हेतु विशेष चेकिंग अभियान चलाया। यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में कोतवाली क्षेत्र में ई-रिक्शा वाहनों की जांच कर वैध वाहनों की नंबरिंग की गई। गोरखपुर ओवरब्रिज, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड व बस स्टैंड पर सड़क किनारे सवारी भरने वाले बस, ऑटो व ई-रिक्शा के विरुद्ध चालान व सीज की कार्रवाई की गई। न्यू कॉलोनी व साकेत नगर में नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर भी कार्रवाई हुई। अभियान के दौरान 129 वाहनों का ई-चालान व 2 वाहन सीज किए गए। पुलिस ने नियम पालन की अपील की है।

# राज्यपाल तक पहुंची लैबुड़वा तालके जीर्णोद्धार, व पार्क निर्माण की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में मंगलवार को राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने लैबुडवा तालाब के निकट ट्रांसजेण्डरों के लिये बनाये गये गरिमा गृह का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उद्घाटन किया। इस दौरान रौतापार क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 की सभासद मंजू श्रीवास्तव ने राज्यपाल तक पत्र पहुंचाकर क्षेत्र के विशालकाय लैबुडवा तालाब का चिन्हांकन कर उसके जीर्णोद्धार, सुंदरीकरण और वहां पार्क की स्थापना कराने की मांग किया। सभासद मंजू श्रीवास्तव ने पत्र में कहा है कि तालाब के चारों ओर कई मोहल्लों की घनी आबादी निवास करती है, लेकिन बच्चों, महिलाओं, बहनों और बुजुर्गों के लिए टहलने, शारीरिक व्यायाम, खेलकूद या स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों के लिए कोई व्यवस्थित स्थल उपलब्ध नहीं है। मंजू श्रीवास्तव ने कहा कि लैबुडवा तालाब क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण धरोहर है, लेकिन वर्तमान में यह धीरे-धीरे अतिक्रमण का शिकार होता जा रहा है। यदि समय रहते इसका चिन्हांकन और संरक्षण नहीं कराया गया, तो भविष्य में यह जलस्रोत समाप्त होने की कगार पर पहुंच सकता है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए तालाब की सीमाओं का निर्धारण कराया जाए और अतिक्रमण पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। सभासद ने आगे कहा कि तालाब के जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण के बाद यहां पैदल पथ (वॉकिंग ट्रैक), ओपन जिम, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र तथा हरित पार्क विकसित किया जा सकता है। इससे न केवल क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यह स्थान सामाजिक गतिविधियों और परिवारों के लिए एक सुरक्षित एवं स्वच्छ मनोरंजन स्थल के रूप में विकसित हो सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस पहल से वार्ड के निवासियों में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि तालाब का विकास किया जाता है, तो क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी और लोगों को शहर से दूर जाए बिना ही बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि राज्यपाल और संबंधित प्रशासनिक अधिकारी इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेंगे।

## विश्व हिन्दू महासंघ ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, बाहर से आ रहे फेरी वालों पर कड़ी कार्रवाई की अपील



**बस्ती।** बस्ती जिले में विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपकर संदिग्ध फेरी लगाने वालों की सघन जांच और प्रभावी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में अखिलेश सिंह ने पैकोलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में फेरी लगाने वाले द्वारा दुराचार की दुर्भाग्यपूर्ण घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि कुछ फेरी वाले बिहार, बंगाल और अन्य राज्यों से बस्ती आकर यह व्यापार करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि इनकी कड़ी जांच की जाए तो बाहर से आने वाले फेरी वालों का आपराधिक इतिहास स्पष्ट हो जाएगा और ये अपराध की आड़ में गंभीर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## टैंकर से केमिकल का रिसावः दर्जनों बकरियां झुलसीं, गड्ढे में गिरने से बछड़ा गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर शंकरपुर गांव के सामने आज केमिकल से भरे एक टैंकर से रिसाव होने के कारण बड़ा हादसा हो गया। सड़क किनारे चर रही दर्जनों बकरियां केमिकल की चपेट में आकर झुलस गईं, जबकि पास में बने गड्ढे में गिरने से एक छुट्टा बछड़ा भी गंभीर रूप से झुलस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को बजरंग सिंह ढाबा के सामने कई वाहनों के आपस में टकराने की घटना हुई थी। इसी दौरान एक ट्रक ने केमिकल से लदे टैंकर में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टैंकर की टंकी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद चालक क्षतिग्रस्त टैंकर को लेकर शंकरपुर गांव के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग की पटरी पर खड़ा कर गया। टैंकर से केमिकल लगातार रिसता रहा और सड़क किनारे बहते हुए आसपास बने खुले गड्ढों में इकट्ठा हो गया। इसी दौरान एक छुट्टा बछड़ा गड्ढे में गिर गया और तेज़ाब जैसे केमिकल की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। दर्द से तड़पता हुआ बछड़ा बाद में पास के खेत में पड़ा मिला। वहीं, आसपास चर रही आधा दर्जन से अधिक बकरियां भी केमिकल के संपर्क में आकर झुलस गईं। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित पशुपालकों ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरवी टीम ने पीड़ितों के नाम-पते नोट किए और मामले को स्थानीय चौकी पुलिस को ट्रांसफर कर दिया। एक दर्जन लोगों की बकरियां शामिल बताई जा रही हैं। घटना मंगलवार दोपहर करीब 11 बजे की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि टैंकर चालक ने केमिकल से भरे गड्ढों को समय रहते रस्सी या बैरिकेड लगाकर घेर दिया होता, तो इस तरह की घटना से बचा जा सकता था। फिलहाल सड़क किनारे खुले गड्ढों और जमा केमिकल के कारण आगे भी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

# कांपते हाथों से बेटे ने दी मुखाग्नि, तिरंगे में लिपटे पिता को देख फूट पड़ा गांव का कलेजा

**●राजकीय सम्मान के साथ सीआरपीएफ हवलदार शिव कुमार राणा को अंतिम विदाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** विकासखंड पचपेड़वा क्षेत्र के विशुनपुर विश्राम गांव का आंगन शनिवार को उस वक्त गमगीन हो उठा, जब सीआरपीएफ हवलदार/जीडी शिव कुमार राणा (45) का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर गांव पहुंचा। देश की सेवा में जीवन अर्पित करने वाले वीर जवान को पूरे राजकीय और सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। शहीद का शव देखते ही पत्नी मीना देवी अपने आंसू रोक नहीं सकीं और पति का माथा चूमते ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। बेटियां पिता के सीने से लिपटकर फूट-फूट कर रोती रहीं। सबसे हृदयविदारक दृश्य तब सामने आया, जब महज़ 13 वर्षीय बेटे सत्येंद्र ने कांपते हाथों से अपने पिता को मुखाग्नि दी। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं।

**ड्यूटी के दौरान सीने में दर्द, इलाज के दौरान निधन**

हवलदार शिव कुमार राणा को 6 फरवरी को ड्यूटी के दौरान अचानक सीने में तेज दर्द उठा। उन्हें तत्काल माई हॉस्पिटल, सेक्टर-69, एसएएस नगर (पंजाब) में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। जैसे ही उनके निधन की खबर गांव पहुंची, पूरा इलाका शोक में डूब गया। किसी को यकीन नहीं हो रहा था कि हमेशा मुस्कुराते, कर्तव्यनिष्ठ शिव कुमार अब इस दुनिया में नहीं रहे।

**2003 में सीआरपीएफ में भर्ती, अनुशासन और देशभक्ति की मिसाल**

वर्ष 2003 में हरियाणा से सीआरपीएफ में भर्ती हुए शिव कुमार राणा अपने अनुशासन, साहस और देशभक्ति के लिए जाने जाते थे। वे अक्सर कहा करते थे– 'देश की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता।' उनकी यह सोच आज भी गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा बनी हुई है।

**मां, पत्नी और बच्चों पर टूटा दुखों का पहाड़**

शहीद अपने पीछे मां राम कली, पत्नी मीना देवी, दो बेटियां रेनू और अंकिता तथा इकलौते बेटे सत्येंद्र को छोड़ गए हैं। रेनू बीएड कर चुकी हैं और शिक्षक बनने की तैयारी कर रही हैं। अंकिता बीएससी की छात्रा हैं। सत्येंद्र कक्षा सात में जीसस एंड मैरी स्कूल, बलरामपुर में पढ़ता है। पति और पिता के असमय चले जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**गार्ड ऑफ ऑनर, नारों से गूंजा इलाका**

शनिवार को पश्चिम भांभर नाले के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। सीआरपीएफ जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अपने वीर साथी को अंतिम सलामी दी। इस दौरान– भारत माता की जय ', 'शिव कुमार अमर रहें' और 'जब तक सूरज-चांद रहेगा, शिव कुमार तेरा नाम रहेगा' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। शासन की ओर से शहीद के परिवार को 1 लाख रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की गई।

**भतीजा बोला— युवाओं को सेना में भर्ती होने की देते थे प्रेरणा**

शहीद के भतीजे आलोक चौधरी ने बताया कि उनके चाचा पिछले दिसंबर में गांव आए थे। वे युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित करते थे और एसएसबी द्वारा आयोजित फिजिकल ट्रेनिंग कैंपों में भाग लेने की सलाह देते थे। उन्होंने बताया कि करीब छह महीने पहले भी उन्हें सीने में दर्द की शिकायत हुई थी, लेकिन इस बार किसे पता था कि यह दर्द उन्हें हम सब से हमेशा के लिए छीन ले जाएगा।

## भ्रष्टाचार मामले में जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम की जाँच ठन्डे बस्ते में



**देवरिया।** जनपद के बैतालपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत विशुनपुर मुरार में विकास कार्यों को लेकर उठे सवाल अब तूल पकड़ते जा रहा है। मनरेगा व अन्य मदों में कथित अनियमितता के आरोपोंके बाद शिकायतकर्ता रामजी यादव, संतोष प्रसाद और हरिकेश यादव ने शपथ-पत्र के साथ साक्ष्य प्रस्तुत किए थे। इसके बाद जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने मामले की जांच के आदेश दिए थे जिसमें जांच अधिकारियों को 15 दिन के भीतर फोटोग्राफ, तकनीकी परीक्षण व स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी जांच पूरी न होने से ग्रामीणों में असंतोष है। उपायुक्त मनरेगा व जांच अधिकारी आलोक कुमार पाण्डेय ने व्यस्तता के कारण विलंब की बात कही है और शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया है। अब सबकी निगाहें जांच रिपोर्ट और संभावित कार्रवाई पर टिकी हैं।

## नवागत पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी.को संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने दी शुभकामनाएं

**● समाजसेवी ने संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों से अवगत कराया वहीं पुलिस अधीक्षक ने की सराहना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन,उत्साहवर्धन एवं सहयोग से सामाजिक कार्यों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक विकासखंड शुकुलबाजार अन्तर्गत ग्राम पंचायत भटमऊ निवासी समाजसेवी पी के तिवारी ने कार्यालय पुलिस अधीक्षक अमेठी पहुंचकर नवागत पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी.से मुलाकात कर बतौर संस्था प्रबंधक श्री राधा कृष्ण प्रतिमा भेंटकर शुभकामनाएं दी एवं संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि द्वारा कराए जा रहे कार्यों से अवगत कराया वहीं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी.ने संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सराहना की समाजसेवी पी के तिवारी ने पुलिस अधीक्षक सरवणन टी.का धन्यवाद किया बताते चलें कि समाजसेवी पी के तिवारी कोरोना काल से ही सामाजिक कार्यों मे बढ़ चढ़ कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य कर रहे हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उनकी निस्वार्थ भावना एवं कुशल नेतृत्व मे संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्यों की सराहना कर रहा है और उनका उत्साहवर्धन एवं सहयोग भी कर रहा है वहीं संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि वह प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन उत्साहवर्धन एवं सहयोग से भविष्य मे और भी बेहतर से बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे और समाज के प्रति समर्पित रहेंगे।

## पचपेड़वा में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा शिविर, 83 मरीजों का निःशुल्क उपचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमलिया कोडर में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन अवध प्रांत 'गोरक्ष प्रांत' एवं श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के सहयोग से राम कृपाल शुक्ला (गुरु जी) के नेतृत्व में संपन्न हुआ। थारू जनजाति बाहुल्य इस पिछड़े क्षेत्र में आयोजित शिविर से ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच एवं इलाज की सुविधा सुलभ रूप से प्राप्त हुई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। समय रहते जांच व उपचार मिलने से लोगों को बीमारियों से बचाव में भी सहायता मिली। सीएचसी अधीक्षक डॉ. विजय कुमार ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रसून गुप्ता ने जानकारी दी कि शिविर में कुल 83 मरीजों की जांच की गई तथा सभी को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं।

इस अवसर पर समाजसेवी राम सरन गुप्ता द्वारा शिविर में सेवाएं दे रहे चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने चिकित्सकों के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा शिविर समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। शिविर में डॉ. प्रसून गुप्ता (प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, इमलिया कोडर), डॉ. यशराज, डॉ. आदित्य यादव, ओम प्रकाश गौतम (फार्मासिस्ट), विशाल श्रीवास्तव (एल.टी.), मीना गौड़ (स्टाफ नर्स), ज्योतिसना मंगलम (स्टाफ नर्स) सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# क्रीड़ा भारती संस्था द्वारा एक दिवसीय 'खेल कबड्डी खेल' प्रतियोगिता का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज विकासखंड आज बीआरएस एकेडमी, गड़हा गौतम परिसर में क्रीड़ा भारती संस्था के बैनर तले एक दिवसीय 'खेल कबड्डी खेल' प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य समुदाय में खेल भावना का विकास करना, युवाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना तथा आपसी भाईचारे को मजबूत करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र प्रताप चौधरी तथा समाजसेवी अजय सिंह गौतम के द्वारा भारत माता तथा हनुमान जी की प्रतिमा पर पुष्प एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । इसके बाद क्रीड़ा भारती गोरक्ष प्रांत के सह मंत्री सुरेंद्र सिंह तथा गोरखपुर महानगर कीड़ा भारती संयोजक मानवेंद्र जी ने कहा ग्रामीण परिवेश के युवाओं में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए प्रसन्नता व्यक्त किया तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को खेल का बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए आयोजकों साधुवाद दिया। प्रतियोगिता मे बस्ती के विभिन्न भागों से आए हुए 42 टीमों ने प्रतिभा किया ! प्रतियोगिता में सब जूनियर तथा सीनियर बालक एवं बालिका संवर्ग के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ! दिन भर चली खेल प्रतियोगिता के पश्चात फाइनल मैच मैं खेलते हुए बालक सीनियर वर्ग में जे.डी अकैडमी बस्ती ने बनकटा B.R.S अकादमी को 25- 20 के मुकाबले हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, बालिका सीनियर वर्ग में बस्ती स्टेडियम की टीम विजेता रही जबकि कुदरहा टीम उपविजेता बनी ! सब जूनियर बालक में B.R.S अकादमी नेJ.R.C अकादमी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, तथा बालिका सब जूनियर वर्ग में B.R.S अकैडमी ने 15 अंक अर्जित करते हुए क्रीड़ा केंद्र निपनिया को पांच अंक से पराजित किया , क्रीड़ा केंद्र निपनिया की टीम उपविजेता रही पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों में अनुशासन, समर्पण और खेल भावना देखने को मिली। दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए तालियों और नारों से वातावरण को ऊर्जावान बनाए रखा। मुख्य निर्णायक डॉ. रत्नेश सिंह और निश्चय दुर्गेश पाल की टीम द्वारा निष्पक्ष निर्णय देकर प्रतियोगिता संपन्न कराया गया !

समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के आयोजक एवं प्रबंधक रणधीर सिंह तथा क्रीड़ा भारती बस्ती के सचिव राम सिंह के द्वारा सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों, स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। अंत में यह आयोजन सामुदायिक एकता, स्वास्थ्य और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ। इस अवसर पर धर्मेंद्र पाठक, सुधीर कुमार पांडे, चंद्रभूषण सिंह कलहंस, संतोष सिंह, सुनील सिंह, साक्षी सिंह,प्र भात पाल, संध्या, मनीष , रागिनी, अंजू मौर्य, विश्वजीत वर्मा आदि खेल प्रेमि और शिक्षक की उपस्थित रहे !

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर गौरा में विशाल भंडारे का भव्य आयोजन

**●अधिवक्ता शिक्षा तिवारी व परिजनों द्वारा किया गया विशेष धार्मिक आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जनपद के जामो कस्बा क्षेत्र अंतर्गत गौरा चौराहा स्थित श्रद्धा का केंद्र नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर इस वर्ष भी गत वर्षों की भांति विशाल भंडारे का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चार एवं रुद्राभिषेक के साथ किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।इस पुनीत अवसर पर हाई कोर्ट लखनऊ की अधिवक्ता शिक्षा तिवारी ने अपने परिजनों एवं सहयोगियों के साथ मिलकर विशेष रूप से भंडारे का आयोजन कराया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं, साधु-संतों एवं दूर-दराज से आए भक्तों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान विद्वान आचार्यों द्वारा देवाधिदेव महादेव की महिमा का विस्तृत वर्णन किया गया। प्रवचनों में बताया गया कि भगवान शिव सृष्टि के संहारक ही नहीं, बल्कि करुणा, कल्याण और मोक्ष के दाता भी हैं। नर्मदेश्वर शिवलिंग की विशेष महत्ता का वर्णन करते हुए कहा गया कि नर्मदा नदी से प्राप्त शिवलिंग स्वयंभू एवं अत्यंत सिद्ध माने जाते हैं। इनकी पूजा-अर्चना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा जीवन में सुख-शांति एवं समृद्धि का वास होता है।

श्रद्धालुओं की उमड़ी आस्थाभंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर सेवा कार्य में भाग लिया। प्रसाद वितरण देर शाम तक चलता रहा। आयोजन समिति द्वारा स्वच्छता, पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिसकी श्रद्धालुओं ने सराहना की।समाज में एकता का संदेश इस अवसर पर अधिवक्ता शिक्षा तिवारी ने कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति की पहचान हैं। ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता, सहयोग और सेवा भाव को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी भक्तों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, आस्था और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने क्षेत्रीय जनमानस को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। इस दौरान रामनरेश तिवारी, कृपा शंकर तिवारी (सोहगौरा )हरिशंकर तिवारी, जयशंकर तिवारी, राम दुलारे तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, कुलदीप शुक्ला, शिखर तिवारी, अभिनन्दन ओझा सहित हजारों भक्तगण शामिल हुए।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बस्ती में गरिमा गृह का किया उद्घाटन, ट्रांसजेंडर समुदाय के सम्मान और अधिकारों पर दिया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में आज प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज बस्ती में स्थापित गरिमा गृह का उद्घाटन और निरीक्षण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकार, सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक सहभागिता को लेकर स्पष्ट और संवेदनशील संदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि समाज का प्रत्येक नागरिक समान अधिकारों का अधिकारी है और ट्रांसजेंडर समुदाय को सम्मानजनक जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सामूहिक जिम्मेदारी है। राज्यपाल के गरिमा गृह परिसर में पहुंचने के साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इंदिरा चैरिटेबल सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल ने गरिमा गृह का औपचारिक उद्घाटन कर परिसर का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उद्घाटन के उपरांत राज्यपाल ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंची, जहां राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। इस दौरान पांच विशेष बच्चियों द्वारा संयुक्त रूप से राज्यपाल का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश में ट्रांसजेंडर समुदाय के उत्थान में राज्यपाल के योगदान पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। इसके बाद ट्रांसजेंडर समुदाय और समाज विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों ने प्रश्न रखे और समावेशी सोच, समान अवसर तथा सामाजिक संवेदनशीलता को बढ़ाने पर सार्थक चर्चा हुई। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समाज में सकारात्मक वातावरण बनाना आवश्यक है और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मिलना चाहिए। उन्होंने समाज से अपील की कि ट्रांसजेंडर समुदाय को स्वीकार किया जाए, भेदभाव न किया जाए और उन्हें पूरा सम्मान दिया जाए। राज्यपाल ने कहा कि ट्रांसजेंडर जन्म से ही होते हैं, उन्हें घर में अपनाकर रखना चाहिए और शिक्षा व रोजगार के अवसर देकर आत्मनिर्भर बनाने पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पहल बस्ती से शुरू हुई है और यहां अच्छा कार्य हो रहा है। अगर किसी घर में ट्रांसजेंडर बच्चे का जन्म होता है तो उसे अपनाया जाए और पड़ोस में किसी तरह की टीका-टिप्पणी न हो, यह पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' पुस्तक की दो हस्ताक्षरित प्रतियां विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो लोगों को भेंट कीं। कार्यक्रम के दौरान गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ला ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मानवी सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसटीएफ ने किया अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ एक शातिर गिरफ्तार




**सीतापुर** जनपद सीतापुर में अवैध हथियारों के निर्माण और तस्करी पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसटीएफ अयोध्या और थाना तालगांव की संयुक्त पुलिस टीम ने एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। मौके से भारी मात्रा में निर्मित और अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र तथा हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई मंगलवार को की गई। एएसपी उत्तरी आलोक सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने थाना तालगांव क्षेत्र के ग्राम कंजाशरीफपुर में दबिश दी यहां अभियुक्त मायाराम पुत्र स्वर्गीय श्रीपाल लोहार को उसके घर में अवैध हथियार बनाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के कब्जे से 12 बोर के एक अवैध तमंचे और दो अवैध अद्धी, 315 बोर के छह अवैध तमंचे, एक अर्द्धनिर्मित तमंचा, दोनों बोर के खोखा कारतूस समेत हथियार निर्माण में प्रयुक्त होने वाले कई उपकरण बरामद किए गए हैं एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि अभियुक्त मायाराम लंबे समय से अवैध शस्त्र निर्माण के धंधे में लिप्त था और उसके खिलाफ थाना तालगांव व लहरपुर में आर्म्स एक्ट के तहत कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। बरामदगी के आधार पर थाना तालगांव में मुकदमा संख्या 39/26 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जा रहा है!!

### महिला की मौत के मामले में ई-रिक्शा चालक पर मामला दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पिलखा गांव में ई-रिक्शा की टक्कर से महिला की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मृतका के बेटे राहुल ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उसकी मां सड़क से जा रही थी। तभी पीछे से तेज रफ्तार और बेकाबू ई-रिक्शा चालक विकास ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद महिला काफी दूर तक रिक्शा के साथ घिसटती चली गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### 69 ग्रामीणों पर हाइवे जाम करने व मारपीट तथा पथराव का केस




**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने हाइवे पर मासूम का शव रखकर जाम लगाने वाले उन्मत्त ग्रामीणों पर केस दर्ज किया है। दरोगा ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जाम लगाने के साथ ही आरोपियों ने समझाने पर पुलिस से मारपीट व वाहनों पर पथराव भी किये। लालगंज कोतवाली के चांदीपुर, भदारी कला गांव निवासी धर्मेश सरोज का पुत्र देव सरोज 09 बीती तेरह जनवरी की शाम बाइक की टक्कर से घायल हो गया था। घटना को लेकर घायल मासूम के चाचा सोनू सरोज की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोसी गांव निवासी पूरे कलंदर निवासी बलवन्त वर्मा पुत्र संतलाल वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इधर प्रयागराज में इलाज के दौरान आठ फरवरी की रात देव सरोज की मौत हो गयी।आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह मासूम का शव लेकर नगर स्थित संगम चौराहे पर पहुंचे और हाइवे पर जाम लगा दिया। पुलिस का आरोप है कि समझाने के दौरान ग्रामीणों ने पुलिस से गालीगलौज व मारपीट की तथा धमकी दी। इसके साथ ही वाहनों पर पथराव भी किया। दरोगा राजेश यादव की तहरीर पर पुलिस ने गांव के संदीप पाल, बृजेश, हरिकेश विश्वकर्मा, शिवदुलारे यादव, आशा देवी, शोभा देवी, गुड्डी समेत नौ नामजद व साठ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# चार वर्षीय मासूम की गला दबाकर हत्या इलाक़े में दहशत, दोपहर से लापता थी मासूम बच्ची



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के बिसवा कोतवाली इलाके में सोमवार की देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां गांव के बाहर स्थित एक झोपड़ी में दोपहर 3:00 बजे से लापता एक 4 वर्षीय बच्ची का खून से लथपथ शव बरामद मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। इस वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार 4 वर्षीय मासूम बच्ची संध्या पुत्री रामशरण दोपहर 3 बजे से लापता हो गई। पिता शाम 5 बजे से ग्रामीणों की मदद से उसकी तलाश की तो देर रात उसका शव गांव के बाहर बने एक झोपड़ी से खून से लथपथ बरामद हुआ तो हड़कंप मच गया। परिजनों ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी पर पहुंची स्थानीय पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। वहीं देर रात से एसपी अंकुर अग्रवाल, एएसपी दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, सीओ बिसवा अमन सिंह ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और परिजनों के बयान दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया मासूम बच्ची के गर्दन पर रस्सी से गला कसे जाने के निशान पाए गए है। वहीं शव पास मिले खून से मासूम की मौत का राज और अधिक गहरा हो गया। परिजनों ने मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले में एक युवक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है!!

### भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज को मुख्य धारा से जोड़ा जाए:- हाजी इक़बाल अहमद मंसूरी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**तंबौर सीतापुर** भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज को मुख्य धारा से जोड़ा जाए हाजी इक़बाल अहमद मंसूरी ने अपने संबोधन में कहा धारा 341 के प्रतिबंध को हटाया जाए जिससे भारतीय पसमांदा मुसलमानों का शोषण होता है तथा पसमांदा मुसलमानों को मुख्य धारा से अलग रखा जाता है। इतिहास गवाह कि आज तक किसी ने उनके लिए आवाज़ तक नहीं उठाई भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज एक गैर राजनीतिक संगठन है यह संगठन पिछड़े, शोषित, दबे, कुचले, मुस्लिम समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का काम करता है यह कहना है भारतीय मुस्लिम पसमांदा समाज के प्रदेश अध्यक्ष हाजी इक़बाल अहमद मंसूरी का जिन्होंने आयोजित एक आयोजन में ये बात कही और साथ ही ये भी कहा कि अब तक देश वा प्रदेश में जितनी राजनीतिक पार्टियां है सभी पार्टियों ने भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज को सिर्फ और वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो बार भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज का कहने को तो नाम जरूर लिया लेकिन काम तो कोई नही हुआ नतीजा शून्य ही रहा लेकिन इतना जरूर कहा भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी जरूर मिलना चाहिए जिस तरह से अन्य समाज को हिस्सेदारी मिलती है और पिछड़े मुसलमानों का आरक्षण अलग कर दिया जाए वा धारा 341 पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया जाए। राजनीति में जब कोई पद दिया जाता है तो उसमें बड़े मुसलमानों को दिया जाता है जो दबे कुचले शोषित मुस्लिम समाज के लोग हैं उनको सिर्फ वोट बैंक के लिये इस्तेमाल किया जाता है भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज को भी बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए ये मांगे भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष इरफान मंसूरी के हुकुम पर प्रदेश अध्यक्ष इक़बाल मंसूरी ने कही इस मौके पर रशीद इक़बाल मंसूरी, एजाज खान, अब्दुल वाहिद सिद्दीकी, डॉक्टर इश्तियाक मंसूरी, मोहम्मद मुहीब नदवी, खालिद मंसूरी, हाशिम गौरी, आदि लोग सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

### बलिया में युवक को मारी गई गोली, हालत नाज़ुक: वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर, बदमाशों की तलाश में 3 पुलिस टीमें गठित

बलिया जिले के हल्दी थाना क्षेत्र में सोमवार रात आपसी रंजिश के चलते बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी के बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना सोमवार रात करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है। हल्दी थाने की पीआरबी को गोली चलने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायल युवक की पहचान ग्राम भरसौता निवासी आयुष सिंह के रूप में हुई है। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए उसे वाराणसी रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार आयुष एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर खाना खाने के बाद घर लौट रहा था। इसी दौरान हल्दी चट्टी के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी। प्रारंभिक जांच में मामला आपसी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) कृपा शंकर ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन विशेष पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं। फिलहाल घटनास्थल पर शांति व्यवस्था कायम है और पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## कृषि महाविद्यालय ने मनाया अपना 32वां स्थापना दिवस

● **महाविद्यालय ने प्रारंभ किये सर्टिफिकेट कोर्स - डॉ योगेंद्र**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के 32वें स्थापना दिवस का आयोजन महाविद्यालय कैंपस में मनाया गया श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण महाविद्यालय के प्रबंधक टी पी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि प्रो एस पी सिंह ने किया। सरस्वती वंदना के साथ 32वें स्थापना दिवस की सुरवात हुई महाविद्यालय की छात्राओ द्वारा भजन की सुन्दर प्रस्तुति कर हुई महाविद्यालय प्रबंध समिति के महामंत्री डॉ बैजनाथ रावत ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलपति प्रो एसपी सिंह ने कहा कि बाबू भगवती सिंह जी भाव से काम करते थे उनमें काम करने की एक अलग लगन थी आज विद्यालय 32 वर्ष पूरा कर चुका है यह उनकी मेहनत का नतीजा है। समाजसेवी एवं पूर्व विधायक राजेंद्र यादव ने महाविद्यालय को हर संभव मदद करने की बात कहते हुए कहा कि बाबूजी शिक्षा के पुजारी थे उनकी तपस्या का यह विद्यालय है। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ टीपी सिंह ने बताया कि बाबू भगवती सिंह महाविद्यालय को विश्वविद्यालय बनाना चाहते थे उनके इस प्रयास में हम लोग लगे हुए हैं। श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह मेमोरियल लेक्चर भी कराया गया जिसमें नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्ति आचार्य प्रोफेसर बी वी एस सिसोदिया ने बताया कि खेती की जोत कम हो रही है किसानों को आधुनिक खेती की तरफ बढ़ना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने महाविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए मशरूम कल्चर, फ्रूटप्रोसेसिंग, मधुमक्खी पालन एवं वर्मी कंपोस्टिंग के सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किए गए यह आय का अच्छा साधन होंगे। इस अवसर पर शिक्षा समिति के सम्मानित सदस्य बलवीर सिंह राठौड़ ने कहा कि मैं इस विद्यालय से की जड़ से जुड़ा हूं बहुत ही मेहनत से यह विद्यालय बना है इसका लाभ किसानों को निरंतर मिलता रहता है। मंच का संचालन करते हुए डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाबू भगवती सिंह सदैव शिक्षकों का सम्मान करते थे और कहते थे कि शिक्षक सबसे मजबूत कड़ी है मैं विद्यालय की स्थापना से



छात्र हूं 10 फरवरी 1996 को बीएससी (कृषि) ऑनर्स की पढ़ाई शुरू हुई थी तब से लेकर के अब तक बहुत सारे परिवर्तन हुए है। आज विद्यालय पूरे भारत में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रवादी कवि योगेश चौहान, वक्शी का तालाब इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अशोक बाजपेई, महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी ने भी मंत्री जी के विचारों पर चर्चा किया। इस अवसर पर डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी, प्रबंध समिति के सदस्य जितेंद्र निगम व अशोक सिंह, डॉ उपमा त्रिपाठी, प्रतिमा सिंह, डॉ सुधाकर सिंह, धनेन्द्र कुमार सिंह,डॉ दीपक कुमार पांडे, डॉ के डी सिंह, समन्वयक अधिकारी अजय भदौरिया प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, उमेश कुमार सहित सभी शिक्षक कर्मचारी तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

### खबर छपी, आवेदन दिया, फिर भी कार्रवाई शून्य- जल जीवन मिशन में मलिहाबाद मॉडल फेल





● **......जल जीवन मिशन बना 'जल बर्बादी मिशन'।**

**मलिहाबाद।** मलिहाबाद तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत दतली और ग्राम अटोरा में जल जीवन मिशन पूरी तरह फेल नजर आ रहा है। जगह-जगह पाइपलाइन से हो रहे भारी रिसाव के कारण हजारों लीटर पानी सड़कों पर बह रहा है, वहीं अटोरा गांव में सड़कों की हालत बद से बदतर हो चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। बीजेपी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने इस गंभीर लापरवाही को लेकर 10 दिन पहले उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायत दी थी, बावजूद इसके प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। इससे साफ है कि अधिकारियों को न जनता की परेशानी से मतलब है और न ही सरकारी योजनाओं की दुर्दशा से। वहीं प्रसिद्ध अखबार स्वतंत्र प्रभात ने भी इस भ्रष्टाचार और लापरवाही को उजागर किया, लेकिन मलिहाबाद के भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी अब भी आंख और कान पर पट्टी बांधे हुए हैं। जल जीवन मिशन के इंजीनियर वरुण पर अधिकारियों का खुला संरक्षण होने के आरोप हैं, जिस कारण अब तक न पाइपलाइन की मरम्मत कराई गई और न ही सड़क सुधार का कोई काम शुरू हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो जल जीवन मिशन का नाम बदलकर 'जल बर्बादी मिशन' रखना पड़ेगा। पानी की बर्बादी, सड़कें तबाह और अधिकारी मस्त–यही मलिहाबाद प्रशासन की असली तस्वीर बन चुकी है। अब सवाल यह है कि आखिर कब जागेगा प्रशासन?

### शहीद SI वरुण राकेश के परिवार के लिए बलिया पुलिस का संवेदनशील कदम, एक दिन की सैलरी से 10.32 लाख की आर्थिक सहायता



**बलिया।** सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए उपनिरीक्षक वरुण राकेश के परिजनों को बलिया पुलिस परिवार की ओर से आर्थिक संबल दिया गया। जनपद के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने मानवीय पहल करते हुए स्वेच्छा से अपने एक-एक दिन का वेतन दान किया, जिससे कुल 10 लाख 32 हजार 350 रुपये की राशि एकत्र हुई। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दिनेश कुमार शुक्ल और अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) कृपा शंकर ने दिवंगत उपनिरीक्षक के परिजनों को सहायता राशि का चेक सौंपा। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि बलिया पुलिस परिवार हर कठिन समय में अपने साथी और उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है।

### रेलवे क्रॉसिंग पर चलती कार में लगी आग, बड़ा हादसा टला सड़क के दोनों ओर वाहनों की लगीं रहीं लम्बी कतार



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के रायबरेली रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 71-बी पर मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रेलवे क्रॉसिंग पार करते ही एक चलती कार में अचानक आग लग गई। कार चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए फायर एक्सटिंग्विशर और समर्सिबल पंप की मदद से आग पर काबू पाया। आग लगने की घटना से कुछ देर के लिए सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जली हुई कार को सड़क से हटवाया। इसके बाद आवागमन धीरे-धीरे सुचारू हो सका। कार चालक उन्नाव निवासी दीपक सिंह ने बताया कि वह अपनी कार से मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। रेलवे क्रॉसिंग खुलने के बाद जैसे ही आगे बढ़े, कार में अचानक आग लग गई। समय रहते बाहर निकलने से बड़ा हादसा टल गया।

### अधजले शव की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी, पुलिस कराएगी डीएनए जांच



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के अटरिया थाना क्षेत्र में रविवार को मिले युवक के अधजले शव के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। शव लगभग 70 फीसदी तक जला होने के कारण उसकी शिनाख्त और अधिकारिक पुष्टि के लिए पुलिस डीएनए जांच कराएगी। सोमवार शाम को पुलिस निगरानी में शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया है, जबकि विसरा सुरक्षित रख लिया गया है अधजले शव की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी हुई है। घटना अटरिया थाना इलाके के अलबदा गांव के बाहर की है। यहां गांव निवासी विमलेश उर्फ मनू (32 वर्ष) का अधजला शव उसके टीनशेड वाले घर से करीब 100 मीटर दूर पुआल और लिपलिट्स की पत्तियों के बीच पड़ा मिला था। विमलेश गांव के बाहर अकेले रह रहा था और उसके साथ कोई अन्य परिजन नहीं रहते थे।

मृतक का बड़ा भाई दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। रविवार सुबह करीब 9 बजे ग्रामीणों ने खेत की ओर जाते समय शव देखा। सूचना पर अटरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेराबंदी कर जांच शुरू की। इसके साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने साक्ष्य जुटाए। ग्रामीणों ने शव की हालत देखकर हत्या की आशंका जताई थी, हालांकि पुलिस प्रथम दृष्टया इसे दुर्घटना मान रही है इस संबंध में सीओ कपूर कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि अत्यधिक ठंड के चलते मृतक ने अलाव जलाया था। फिलहाल पुलिस सभी तथ्यों की गहनता से जांच कर रही है। डीएनए रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की!

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डीएम को मिली खामियां अधीक्षक सहित कई स्वास्थ्यकर्मियों का रोका वेतन, कार्रवाई के दिए निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी राजागणपति आर. ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाएं सामने आने पर जिलाधिकारी ने कई अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए, जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले अपने इमरजेंसी वार्ड का जायजा लिया, जहां कलर कोडिंग के अनुसार बेडशीट न मिलने और गंदगी पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। इस संबंध में आदेशों का उल्लंघन करने पर फार्मासिस्ट आदित्य प्रकाश पाण्डेय के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं एमओआईसी डॉ. संजय गौड़ निरीक्षण के समय अनुपस्थित मिले, जिस पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

औषधि केंद्र का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने दवाओं की एक्सपायरी रजिस्टर का अवलोकन किया दवाओं के रख- रखाव में गंभीर लापरवाही मिलने पर फार्मासिस्ट के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए दवाओं के भंडारण कक्ष में अव्यवस्था पाए जाने पर चीफ फार्मासिस्ट को भी प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए गए। बीपीएम राहुल बाजपेयी की कार्यों में लापरवाही पर 15 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए जिलाधिकारी ने एमओआईसी द्वारा अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन न किए जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के साथ ही अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरित न करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। लेबर रूम निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रजिस्टरों की जांच की और एचआरपी ट्रैकिंग रजिस्टर में एक महिला का टीकाकरण न पाए जाने पर स्टाफ नर्स मंदाकिनी मिश्रा के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति की वहीं प्रसव लक्ष्य के सापेक्ष कम संस्थागत प्रसव होने पर बीसीपीएम संतोष कनौजिया का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे!!

### आवारा कुत्तों का आतंक, एक दिन में 35 लोग घायल

● **ग्रामीणों में आवारा कुत्तों को लेकर दहशत का माहौल, बच्चे डरें हुए**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में मंगलवार को आवारा कुत्तों ने आतंक मचा दिया। एक ही दिन में कुत्तों ने 35 लोगों को काटकर घायल कर दिया, जिससे गांवों में दहशत का माहौल बन गया। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई गई। इलाज कराने पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कुत्ते राह चलते लोगों के साथ-साथ बच्चों पर भी अचानक हमला कर रहे हैं, जिससे लोग घरों से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं।

अस्पताल पहुंचे घायलों में खानपुर गांव की दीपा (23), लालगंज के विजय सिंह (45) व शांति (35), मीठापुर के बसंत लाल (48), ठकुराइन खेड़ा के नितिन (7), पूरे गुलाब का पुरवा की प्रेमा (45), बेहटा कला के अनुज (25), आनापुर के सक्षम यादव (9), हसनापुर के राजकुमार (40), दीपमऊ के महेंद्र (28) और पूरे महुआरी के शिवा (18) सहित अन्य लोग शामिल हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमल पटेल ने बताया कि सोमवार को कुल 110 मरीजों को एंटी रेबीज वैक्सीन का इंजेक्शन लगाया गया, जिनमें 35 नए मरीज शामिल थे। उन्होंने बताया कि कुत्ते के काटने की स्थिति में घाव को तुरंत साबुन और साफ पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए और बिना देर किए अस्पताल पहुंचकर वैक्सीन की पूरी डोज लेना बेहद जरूरी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या पर जल्द प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

### विवाहिता की मौत पर पति समेत पांच पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** फांसी के फंदे से लटक कर विवाहिता द्वारा आत्महत्या किये जाने की घटना में पुलिस ने पति समेत पांच ससुरालीजनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के देल्हूपुर गांव निवासी धर्मेन्द्र यादव की पत्नी रीता 35 ने आठ फरवरी की रात ससुराल में घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना को लेकर मृतका के भाई राकेश कुमार यादव पुत्र स्व० गोकुल प्रसाद निवासी धनेही मोवाई थाना ऊंचाहार, रायबरेली ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन उसकी बहन को मारते पीटते व प्रताड़ित करते थे। ससुरालीजनों की प्रताड़ना से मजबूर होकर उसकी बहन रीता ने आठ फरवरी की रात आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बिसवां में मतदाता सूची से कथित रूप से नाम हटाए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने की शिकायत

● **उपजिलाधिकारी व उपजिला निर्वाचन अधिकारी को सबोधित तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी को सौपा ज्ञापन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बिसवां (सीतापुर)** विधानसभा क्षेत्र बिसवां में मतदाता सूची से कथित रूप से नाम हटाए जाने की शिकायत को लेकर समाजवादी पार्टी की ओर से उप जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी बिसवां को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार उमा शंकर त्रिपाठी को सौंपा गया। ज्ञापन पूर्व सपा प्रत्याशी अफ़जाल कौसर के नेतृत्व में दिया गया। समाजवादी पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से आशंका जताई कि कुछ स्थानीय स्तर पर मतदाता प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि मुस्लिम समाज एवं पीडीए वर्ग (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के मतदाताओं को कथित तौर पर गुमराह कर फॉर्म-7 भरवाए जा रहे हैं, जिससे उनके नाम मतदाता सूची से हटने की स्थिति बन रही है। पार्टी का कहना है कि इससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

**ज्ञापन में रखी गई प्रमुख मांगें**

जांच एवं पुष्टि: किसी भी मतदाता का नाम हटाने से पहले प्रशासन स्वयं स्थल पर जाकर सत्यापन करे।

कार्रवाई की मांग: कथित रूप से धोखे से फॉर्म-7 भरवाने वाले तत्वों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। निष्पक्षता सुनिश्चित हो: बीएलओ एवं निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों को राजनीतिक दबाव से मुक्त रहकर कार्य करने के निर्देश दिए जाएं।

समाजवादी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि इन कथित गतिविधियों पर शीघ्र रोक नहीं लगाई गई तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने एवं न्यायालय की शरण लेने पर विवश होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जाहिद अली, इरशाद अली, लुकमान अली, जावेद, शावेज अंसारी, अनस अंसारी, इरफान अहमद, आमिर खान, समीर अंसारी, मोहम्मद अफजाल खान, सुनील यादव, रमाशंकर, नूरुद्दीन अंसारी, बबलू, अनुज यादव, गुफरान अंसारी, अशरफ सभासद, रिंकल जोशी, हसीब अंसारी, मुजक्किर खान सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट कहे, शहर सुन न पाए: ध्वनि का अन्याय

**स्वप्नों पर हमला: तेज़ ध्वनि और शिक्षा का टकराव**

**शोर के पीछे छुपा अन्याय: नींद, स्वास्थ्य और भविष्य**

शहर की रात मानो सोई नहीं, बल्कि दोहरी ज़िंदगी जी रही है। गली-गली में सन्नाटा छाया है, लेकिन वह झूठा है–हर मैरिज गार्डन और कई मोहल्लों/कालोनियों में तेज़ धुनें, डीजे की थाप और लाउडस्पीकर की गूँज जैसे नींद में सो रहे शहर को झकझोर रही हों। वहीं एक छात्र अपने नोट्स और किताबों के बीच चुपचाप बैठा है, हर शब्द को अपने भविष्य की नींव बनाने के लिए तरस रहा है, लेकिन चारों ओर की आवाज़ें उसकी मेहनत को छीन रही हैं। फरवरी की ठंडी सुबहें परीक्षा के समय की घंटी बन चुकी हैं–स्थानीय परीक्षाओं संग एमपी बोर्ड की कक्षा 12 की परीक्षाएं 10 फरवरी से, कक्षा 10 की 13 फरवरी से और सीबीएसई की 17 फरवरी से। लाखों युवा रातों की नींद काटकर सपनों की नींव रख रहे हैं, पर हर ध्वनि, हर उत्सव, हर पार्टी की तेज़ी उनके हक, उनके आराम और उनके स्वास्थ्य पर एक बेवजह बोझ डाल रही है।

ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 स्पष्ट रूप से कहते हैं कि रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी लाउडस्पीकर, म्यूजिक सिस्टम या सार्वजनिक ध्वनि उपकरण का उपयोग बिना अनुमति प्रतिबंधित है। आवासीय क्षेत्रों में रात के समय ध्वनि स्तर 45 डेसिबल से अधिक नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 'इन रेः नॉइज पॉल्यूशन' (2005) में स्पष्ट किया कि यह केवल कानूनी नियम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का जीवन का अधिकार है। मध्यप्रदेश सरकार ने भी परीक्षा काल में विशेष सख्ती का आदेश जारी किया है, ताकि छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो और उनका भविष्य सुरक्षित रहे।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, रात के समय आवासीय क्षेत्रों में ध्वनि स्तर 45 डेसिबल और व्यावसायिक क्षेत्रों में 55 डेसिबल से अधिक नहीं होना चाहिए। एमपी सरकार के आदेश में स्पष्ट लिखा गया है कि परीक्षा काल के दौरान रात 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार का लाउडस्पीकर, म्यूजिक सिस्टम या डीजे नहीं चलाया जाएगा। इसके बावजूद, हर मैरिज गार्डन और कई मोहल्लों/कालोनियों में लगातार तेज़ ध्वनि सुनाई देती है। इस अत्यधिक शोर के कारण बच्चों की मानसिक एकाग्रता टूटती है, उनकी नींद बाधित होती है, और स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

शिकायत करने पर अक्सर जवाब मिलता है– 'लिखित शिकायत लाओ।' क्या केवल शिकायत न होने से उल्लंघन वैध हो जाता है? कई बार पुलिस, प्रशासन और स्थानीय नेता इन कार्यक्रमों में उपस्थित रहते हैं। मंच से शिक्षा और अनुशासन की बातें करते हैं, लेकिन डांस फ्लोर पर थिरकते हैं। यह कोई दोहरा मापदंड नहीं, बल्कि स्पष्ट पाखंड है। प्रभावशाली लोगों के लिए छूट, आम जनता के लिए सख्ती–यह समाज में बढ़ते असंतुलन और असंवेदनशीलता का प्रतीक है।

शिकायत न करने का कारण डर और सामाजिक दबाव है। पड़ोसी की शादी हो या कोई बड़ा कार्यक्रम, मन में बार-बार यह ख्याल आता है– 'मैं भी इससे नहीं बच पाऊँगा।' स्थानीय नेताओं या पुलिस की मिलीभगत का डर भी है। मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि कई बार पुलिस सुरक्षा में मौजूद रहती है, लेकिन डेसिबल मीटर नहीं लगाया जाता। ऑनलाइन शिकायत पोर्टल हैं, लेकिन कार्रवाई दुर्लभ है। परिणामस्वरूप छात्रों की एकाग्रता टूटती है, नींद छिन जाती है, और तनाव बढ़ता है। यह केवल शैक्षणिक नुकसान नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर गहरा आघात है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का स्पष्ट कहना है कि लगातार ध्वनि प्रदूषण नींद की कमी का सबसे बड़ा कारण है। इससे न केवल मानसिक तनाव और अवसाद बढ़ता है, बल्कि हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ भी उत्पन्न होती हैं। भारत में शिक्षा किसी प्रतियोगिता की तरह है, और एक रात की खराब नींद साल भर की मेहनत पर पानी फेर सकती है। अत्यधिक शोर से बीमार लोग–हृदय रोगी, कैंसर पीड़ित, गर्भवती महिलाएं–गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं। वृद्ध माता-पिता, जिनकी सुनने की क्षमता पहले से कम है, उनकी शांति भी छीनी जाती है। यह केवल व्यक्तिगत परेशानी नहीं, बल्कि पूरे समाज के प्रति अन्याय है।

उत्सव मनाना हर किसी का अधिकार है, लेकिन यह अधिकार दूसरों की पीड़ा के ऊपर कभी हावी नहीं होना चाहिए। क्या सचमुच शादी या धार्मिक आयोजन बिना तेज़ म्यूजिक के संभव नहीं हैं? क्या ये आनंद शांतिपूर्ण ढंग से नहीं मनाए जा सकते? पश्चिमी देशों में रात 10 बजे के बाद शोर पर सख्त नियंत्रण होता है, और उल्लंघन करने वालों पर तुरंत कार्रवाई होती है। वहीं भारत में 'चलता है' की मानसिकता ने नियमों को खोखला कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट और मध्य प्रदेश सरकार दोनों स्पष्ट कर चुके हैं–ध्वनि प्रदूषण के नियम सभी पर समान रूप से लागू होंगे, और परीक्षा के समय किसी को भी छूट नहीं दी जाएगी।

आज अगर हम मौन रहेंगे, तो कल हमारे बच्चे हमसे प्रश्न करेंगे– 'हमारे सपनों को पूरा करने का अवसर क्यों छीन लिया गया?' रात की चुप्पी कोई विलासिता नहीं, बल्कि सुरक्षा, अधिकार और उज्जवल भविष्य की आधारशिला है। परीक्षा के कठिन दिनों में इसे बनाए रखना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। नियम केवल कागज़ों तक सीमित नहीं होने चाहिए; उन्हें सड़कों, गलियों और मोहल्लों में भी लागू होना चाहिए। आवाज़ उठाएँ–शांतिपूर्ण रातों के लिए, बच्चों के उज्ज्वल और संवारते भविष्य के लिए। क्योंकि शिक्षा तभी फलती-फूलती है जब उसके साथ शांति और सुरक्षा का साथ हो।

**कृति आरके जैन**

# राजनीतिक दलों द्वारा एसआईआर का विरोध वोट बैंक की मजबूरी दर्शाता है

पश्चिम बंगाल सहित पूरे देश में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) किया जा रहा है। यह कार्य विशेष रूप से विधानसभा और लोकसभा चुनावों से पूर्व किया जाना चाहिए, ताकि मतदाता सूची की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर कोई प्रश्नचिह्न न लगे। यह भी सत्य है कि वर्ष 2003 के बाद देश के अधिकांश राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण नहीं हुआ, जिसके कारण अवैध बांग्लादेशी, पाकिस्तानी और रोहिंग्या घुसपैठियों को स्थानीय राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक लापरवाही के चलते आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और राशन कार्ड जैसे दस्तावेज प्राप्त हो गए। इन दस्तावेजों के आधार पर वे वर्षों से केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते रहे।

केरल में जनसंख्या से अधिक आधार कार्ड पाए जाने का मामला सामने आने के बाद ही निर्वाचन आयोग की चिंता गंभीर हुई। इसके बाद कई राज्यों और जिलों में भी ऐसे ही मामले उजागर हुए, जिससे यह आशंका गहराई कि कहीं अवैध घुसपैठिए भारतीय मतदाता बनकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को प्रभावित तो नहीं कर रहे हैं। मतदाता सूचियों के परीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि बड़ी संख्या में अवैध घुसपैठियों के नाम मतदाता के रूप में दर्ज हैं। इसी कारण बिहार विधानसभा चुनाव से पहले, तमाम राजनीतिक विरोधों के बावजूद और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से, एसआईआर प्रक्रिया आरंभ की गई। इसके परिणामस्वरूप बिहार में लगभग 65 लाख मतदाता आवश्यक नागरिकता दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने के कारण सूची से बाहर हुए। इसके बाद अन्य 12 राज्यों में भी यही स्थिति देखने को मिली, जहाँ लाखों नाम हटाए गए।

यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि सूची से हटाए गए सभी व्यक्ति अवैध घुसपैठिए नहीं हैं। निर्वाचन आयोग ने सभी को भारतीय नागरिकता सिद्ध करने के लिए पर्याप्त अवसर दिए जा रहे हे। इसके बाद भी जो व्यक्ति दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए, वे जांच के दायरे में आएंगे और जो घुसपैठिए पाए जाएंगे, उन्हें देश से बाहर किया जाना चाहिए जिस पर किसी भी राजनीतिक दल को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। ऐसे में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा एसआईआर प्रक्रिया का विरोध करना और इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देना कई सवाल खड़े करता है। पश्चिम बंगाल की लंबी सीमा बांग्लादेश से लगती है और यह सर्वविदित है कि बड़ी संख्या में अवैध घुसपैठिए वहां प्रवेश करते हैं। स्थानीय राजनीतिक संरक्षण के चलते वे आसानी से भारतीय दस्तावेज बनवा लेते हैं और मतदाता सूची में नाम जुड़वा कर वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बन जाते हैं।

यदि एसआईआर के माध्यम से ऐसे नाम सूची से हटते हैं तो इसमें आपत्ति क्यों? यदि मुख्यमंत्री अपने विकास कार्यों और ईमानदारी के बल पर सत्ता में हैं, तो उन्हें इस प्रक्रिया से डरने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। अवैध घुसपैठियों के प्रति सहानुभूति दिखाकर एसआईआर का विरोध करना बंगाल की जनता के साथ छल है और राष्ट्रहित के साथ भी समझौता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण का सभी राजनीतिक दलों को स्वागत करना चाहिए और बूथ स्तर तक सहयोग करना चाहिए। यह समझना होगा कि एसआईआर किसी सरकार के पक्ष या विपक्ष में नहीं, बल्कि राष्ट्र और लोकतंत्र के पक्ष में है। यदि प्रक्रिया में कोई खामी है, तो उसका समाधान संवाद और सुधार से निकाला जा सकता है। लेकिन केवल इसलिए विरोध करना कि इससे वोट बैंक दरक सकता है यह न केवल लोकतंत्र से विश्वासघात है, बल्कि राष्ट्रहित के विरुद्ध भी है।

मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कोई नई या असंवैधानिक प्रक्रिया नहीं है। यह भारत निर्वाचन आयोग का वैधानिक दायित्व है, जिसे हर चुनाव से पहले पूरा किया जाना चाहिए, ताकि लोकतंत्र की बुनियाद मतदाता सूची संदेह से परे रहे। इसके बावजूद जब राजनीतिक दल, विशेषकर पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस, इस प्रक्रिया का मुखर विरोध करती है, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर डर किस बात का है? आज का भारतीय मतदाता जागरूक है वह जाति, धनबल या बाहुबल से नहीं, बल्कि विकास, सुरक्षा और सुशासन के आधार पर निर्णय करता है और वह यह भी जानता है कि मतदाता सूची की शुद्धता ही निष्पक्ष चुनाव की गारंटी है। जो दल इस बुनियादी सुधार का विरोध करेंगे, जनता उन्हें यह संदेश देगी कि लोकतंत्र की सफाई से भागने वालों के लिए सत्ता में कोई जगह नहीं हे। इक्कीसवीं सदी का नया भारत और उसका मतदाता उन्हीं दलों और नेताओं का समर्थन करेगा, जो भारत को एक विकसित और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**अरविंद रावल**

# खेजड़ी एक पेड़ नहीं, मरुजीवन की रीढ़

**पर्यावरण, आस्था और राजनीति के बीच खड़ा एक ऐतिहासिक सवाल**

राजस्थान के रेगिस्तानी भूगोल में खेजड़ी केवल एक वृक्ष नहीं है, वह जीवन-पद्धति है, संस्कृति है और संघर्ष का प्रतीक भी। जब 'खेजड़ी बचाओ आंदोलन' के तहत महापड़ाव से यह घोषणा होती है कि पांच लाख पर्यावरण प्रेमी क्रमिक अनशन पर बैठेंगे, तो सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि आखिर खेजड़ी को लेकर इतना बड़ा आंदोलन क्यों, क्या यह केवल भावनात्मक उभार है, या इसके पीछे कोई गहरी पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक वजह छिपी है। कुछ लोग इसे राजनीतिक स्टंट कहकर खारिज करने की कोशिश करते हैं, तो कुछ इसे अरावली के बाद एक और पर्यावरणीय मुद्दे के रूप में देखते हैं। लेकिन सच्चाई इन सरलीकृत धारणाओं से कहीं आगे है।

खेजड़ी का महत्व समझने के लिए सबसे पहले राजस्थान के मरुस्थलीय पर्यावरण को समझना जरूरी है। थार जैसे शुष्क क्षेत्र में जहां पानी, छाया और उपजाऊ मिट्टी दुर्लभ हैं, वहां खेजड़ी प्रकृति का वरदान है। इसकी जड़ें गहराई तक जाकर भूजल को थामे रखती हैं, मिट्टी का क्षरण रोकती हैं और आसपास के क्षेत्र को उपजाऊ बनाती हैं। यही कारण है कि खेजड़ी के आसपास खेती अपेक्षाकृत बेहतर होती है। इसकी पत्तियां पशुओं के लिए पोषक चारा हैं, इसकी फलियां 'सांगरी' के रूप में स्थानीय आहार का अहम हिस्सा हैं और इसकी छाया इंसान व पशु दोनों को तपते रेगिस्तान में राहत देती है।

पर खेजड़ी का महत्व केवल पर्यावरणीय नहीं है, वह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरातल पर भी उतना ही गहरा है। बिश्नोई समाज के लिए खेजड़ी आस्था का केंद्र है। 1730 में खेजड़ली गांव में अमृता देवी बिश्नोई और 363 अन्य लोगों ने खेजड़ी को बचाने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। यह घटना केवल इतिहास का पन्ना नहीं, बल्कि आज भी जीवित चेतना है। जब आज के आंदोलन में संत, महंत और कथावाचक खेजड़ी की महिमा गाते हैं, तो वह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि उस परंपरा की पुनर्पुष्टि है जिसमें प्रकृति की रक्षा धर्म का हिस्सा मानी जाती है।

तो फिर विवाद किस बात का है? विवाद का मूल कारण है विकास की वह परिभाषा, जिसमें पेड़ अक्सर बाधा माने जाते हैं। सड़क, बिजली, खनन, औद्योगिक परियोजनाएं या शहरी विस्तार इन सबके रास्ते में खेजड़ी खड़ी दिखती है। कई बार 'अनिवार्य कटाई' के नाम पर, तो कई बार प्रशासनिक ढिलाई या निजी स्वार्थ के चलते, बड़ी संख्या में खेजड़ी काटी जाती है। कानून मौजूद हैं, लेकिन उनका पालन ढीला है, और खेजड़ी जैसे वृक्ष के लिए कोई विशेष, सख्त और प्रभावी संरक्षण तंत्र अब तक नहीं बन पाया है।

यहीं से आंदोलन की जमीन तैयार होती है। जब लोग देखते हैं कि प्रशासनिक आश्वासन के बावजूद कटाई जारी है, तब विरोध सड़कों पर उतरता है। महापड़ाव, क्रमिक अनशन और कलश यात्रा जैसे प्रतीकात्मक कदम दरअसल ध्यान आकर्षित करने के साधन हैं। पांच लाख लोगों के अनशन की घोषणा को अगर केवल संख्या के खेल के रूप में देखा जाए, तो यह आंदोलन के मर्म को समझने में चूक होगी। यह संख्या उस सामूहिक चिंता का प्रतीक है, जो लोगों के मन में अपने पर्यावरण, अपनी परंपरा और अपने भविष्य को लेकर है।

क्या इसमें राजनीति है? इस सवाल से बचा नहीं जा सकता। किसी भी बड़े जनांदोलन में राजनीति प्रवेश करती है, कभी समर्थन के रूप में, कभी विरोध के रूप में। लेकिन हर आंदोलन को केवल राजनीतिक स्टंट कह देना बौद्धिक आलस्य होगा। अगर खेजड़ी का मुद्दा सिर्फ राजनीति होता, तो इसमें संतों, साधुओं, ग्रामीणों, एनआरआई और यहां तक कि विदेशी पर्यटकों की भागीदारी इतनी सहजता से न होती। इंग्लैंड से आए टूरिस्ट का खेजड़ी के महत्व पर बोलना इस बात का संकेत है कि यह मुद्दा स्थानीय होते हुए भी वैश्विक पर्यावरणीय सरोकारों से जुड़ता है।

अरावली और खेजड़ी की तुलना भी इसी संदर्भ में की जानी चाहिए। अरावली पहाड़ियां और खेजड़ी वृक्ष दोनों ही राजस्थान के पर्यावरणीय संतुलन के स्तंभ हैं। अरावली को लेकर संघर्ष खनन और शहरीकरण के खिलाफ था, जबकि खेजड़ी का संघर्ष स्थानीय स्तर पर पेड़, खेती और आजीविका से जुड़ा है। दोनों अलग मसले हैं, लेकिन जड़ एक ही है,प्रकृति और विकास के बीच असंतुलन। फर्क इतना है कि खेजड़ी आम आदमी के दैनिक जीवन से कहीं अधिक सीधे जुड़ी है।

आंदोलन की एक अहम मांग है खेजड़ी कटाई पर पूर्ण रोक और इसके लिए विशेष कानून। साथ ही, कानून बनाने वाली समिति में पर्यावरण संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग यह दर्शाती है कि लोग केवल विरोध नहीं चाहते, वे निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी भी चाहते हैं। यह लोकतांत्रिक चेतना का सकारात्मक संकेत है, जहां जनता नीति निर्माण में अपनी आवाज चाहती है।

अंततः सवाल यह नहीं है कि आंदोलन कितना बड़ा है या उसमें कितनी भीड़ जुटेगी। असली सवाल यह है कि हम खेजड़ी को किस नजर से देखते हैं एक साधारण पेड़, जिसे जरूरत पड़ने पर काटा जा सकता है, या एक जीवनदायी संरचना, जिसके बिना मरुस्थल और भी कठोर हो जाएगा। अगर खेजड़ी बचती है, तो केवल एक वृक्ष नहीं बचेगा, बल्कि खेती, पशुपालन, जल-संतुलन और एक पूरी सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रहेगी।

इसलिए खेजड़ी पर उठता विवाद किसी एक समुदाय या क्षेत्र का मसला नहीं है। यह उस विकास मॉडल पर सवाल है, जिसमें पर्यावरण को हाशिये पर रखा जाता है। महापड़ाव और अनशन इस सवाल को सत्ता के दरवाजे तक पहुंचाने के माध्यम हैं। अब यह सरकार, समाज और हम सब पर निर्भर करता है कि हम इस आवाज को केवल शोर मानकर अनसुना करते हैं, या इसे भविष्य की चेतावनी समझकर समय रहते खेजड़ी और प्रकृति के पक्ष में खड़े होते हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## मूल शिक्षा में आर्थिक वैज्ञानिक सोच विचारणीय

**(समृद्ध नैतिकता आधारित शिक्षा नीति की जरूरत)**

हर राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा का अति महत्वपूर्ण किरदार होता है जिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित,पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक तथा वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है।हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकेंद्य बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के बिना कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकताद्य वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है। विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है। किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

**संजीव ठाकुर**

# धार्मिक स्थलों की पूजा सामग्री के सदुपयोग पर कार्य हो

भारतीय मंदिरों में पूजा-पाठ के दौरान अर्पित किए जाने वाले पुष्प, नारियल आदि सामान न केवल हमारी गहरी आस्था का प्रतीक हैं। अपितु हमारे लिए वह सम्माननीय हैं। देखने में आता रहा है कि पूजन के बाद मंदिर प्रबंधन द्वारा इन्हें इधर - उधार फिंकवा दिया जाता है। कई जगह ये सड़कों के किनारे पड़े सड़ते रहते हैं। जहां नदियां हैं , वहां नदियों में डाल दिए जाते हैं। नदियों में डाल दिए जाने से वे प्रदूषित होती रहती हैं। भगवान को श्रद्धा से चढ़ाई सामग्री का ये दुर्गति देख अच्छा नही लगता। ये सामग्री थोड़ी- बहुत हो तो प्रबंधन कुछ सोचे भी। रोज कई- कई सौ क्विंटल सामग्री हो जाती है। इसके निस्तारण की बडी समस्या रहती है।ऐसे में प्रबंधन के सामने भी चुनौती होती है कि वह क्या करे?

जरूरत है कि इनके सदुपयोग की सोचे। हाल ही में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रोफेसर शांथि सुंदरम और नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आदि नाथ के नेतृत्व में किए गए शोध ने इस दिशा में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया है। उन्होंने मंदिरों के अवशेष पुष्पों को 'कचरे' से 'कंचन' में बदलते हुए ऐसी हर्बल औषधियां, सौंदर्य प्रसाधन और जैव ऊर्जा उत्पाद विकसित किए हैं। यह भविष्य की अर्थव्यवस्था और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। भारत में प्रतिवर्ष मंदिरों जैसे धार्मिक स्थलों पर औसतन 80 करोड़ टन (800 मिलियन टन) पुष्प अर्पित किए जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार, भारत में प्रतिदिन लगभग 300 मीट्रिक टन फूलों का कचरा निकलता है। अकेले वाराणसी और प्रयागराज जैसे धार्मिक केंद्रों से प्रतिदिन करीब 70 से 100 टन तक पूजन सामग्री और पुष्प अवशेष उत्पन्न होते हैं। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि श्रद्धा के ये पुष्प यदि सही तरीके से प्रबंधित न किए जाएं, तो ये पर्यावरण के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकते हैं।

दुर्भाग्यवश, भारत में चढ़ने वाली कुल पूजन सामग्री का एक बहुत बड़ा हिस्सा, जो लगभग 90 प्रतिशत से अधिक है, उचित उपयोग या रीसाइक्लिंग के अभाव में सीधे तौर पर बर्बाद हो जाता है। लोग इन पुष्पों को पवित्र मानते हुए कचरे के डिब्बे में नहीं डालते, बल्कि नदियों (विशेषकर गंगा और यमुना), तालाबों या खुले स्थानों पर विसर्जित कर देते हैं। आंकड़ों के अनुसार, भारत की नदियों में होने वाले कुल प्रदूषण में लगभग 16 प्रतिशत हिस्सेदारी इसी 'धार्मिक कचरे' की है। जब ये फूल पानी में सड़ते हैं, तो इनसे निकलने वाले कीटनाशक और रासायनिक तत्व जलीय जीव-जंतुओं के लिए घातक बन जाते हैं और पानी के ऑक्सीजन स्तर (BOD) को कम कर देते हैं।

वर्तमान में केवल पांच से आठ प्रतिशत पुष्प सामग्री का ही वैज्ञानिक या व्यावसायिक रूप से पुनर्चक्रण रिसाइकिल हो पा रहा है। कुछ प्रमुख संस्थाएं और शोधकर्ता अब इन पुष्पों से अगरबत्ती, धूपबत्ती, जैविक खाद (वर्मीकम्पोस्ट) और प्राकृतिक रंग बनाने का कार्य कर रहे हैं। हालांकि, प्रोफेसर शांथि सुंदरम और डॉ. आदि नाथ का शोध इस दायरे को और विस्तृत करता है। उन्होंने इन पुष्पों से उच्च मूल्य वाले उत्पाद जैसे हर्बल सीरम, फेस पैक, एंटी-एजिंग क्रीम और बायो-फ्यूल (जैव ऊर्जा) विकसित करने की दिशा में सफलता प्राप्त की है, जो इस सामग्री के उपयोग की दर को भविष्य में बढ़ा सकते हैं।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय और नेहरू ग्राम भारती के शोधकर्ताओं ने यह सिद्ध किया है कि मंदिरों में चढ़ने वाले गुलाब, गेंदा, गुड़हल और कमल जैसे फूलों में प्रचुर मात्रा में औषधीय गुण मौजूद होते हैं। शोध के अनुसार, इन फूलों से निकाले गए अर्क (सत) का उपयोग ऐसी हर्बल औषधियां बनाने में किया जा रहा है । यह त्वचा रोगों, घावों को भरने और तनाव कम करने में सहायक हैं। गेंदे के फूल में मौजूद ल्यूटिन और कैरोटीनॉयड जैसे तत्वों का उपयोग आंखों की रोशनी बढ़ाने वाली दवाओं और एंटीऑक्सीडेंट सप्लीमेंट्स के लिए किया जा सकता है। सौंदर्य प्रसाधनों की दुनिया में यह शोध एक गेम-चेंजर साबित हो रहा है। मंदिरों से एकत्र किए गए फूलों को वैज्ञानिक विधियों से उपचारित कर उनसे टॉक्सिन्स (विषाक्त पदार्थ) हटाए जाते हैं और फिर उनसे प्राकृतिक इत्र, बॉडी लोशन और फेस मास्क तैयार किए जाते हैं। चूंकि ये उत्पाद पूरी तरह रासायनिक मुक्त और प्राकृतिक होते हैं, इसलिए इनकी मांग बाजार में तेजी से बढ़ रही है। यह न केवल सुंदरता निखारने का काम कर रहे हैं, बल्कि सिंथेटिक उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों को भी कम कर रहे हैं।

जैव ऊर्जा के क्षेत्र में भी इन फूलों का उपयोग क्रांतिकारी है। डॉ. आदि नाथ और उनकी टीम ने शोध में पाया कि फूलों के अवशेषों से 'बायो-एथेनॉल' और 'बायो-गैस' का उत्पादन प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। फूलों में मौजूद सेल्यूलोज को किण्वन प्रक्रिया के माध्यम से ऊर्जा में बदला जा सकता है। यह तकनीक न केवल कचरा प्रबंधन का समाधान देती है, बल्कि भविष्य के लिए एक स्वच्छ ईंधन का विकल्प भी प्रदान करती है।

इस पूरी प्रक्रिया का एक अत्यंत मानवीय और सामाजिक पक्ष भी है। मंदिर के पुष्पों पर आधारित इस उद्योग ने ग्रामीण महिलाओं और स्थानीय कारीगरों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। जब शोध संस्थानों की तकनीक को धरातल पर उतारा जाता है, तो स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों महिलाओं को इन फूलों को इकट्ठा करने, सुखाने और उत्पाद बनाने के कार्य में लगाया जाता है। इससे न केवल पर्यावरण स्वच्छ हो रहा है, बल्कि 'वेस्ट टू वेल्थ' (अपशिष्ट से धन) के मंत्र के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो रही है। प्रोफेसर शांथि सुंदरम और डॉ. आदि नाथ जैसे वैज्ञानिकों का यह प्रयास हमें यह बताता है कि श्रद्धा के फूल केवल विसर्जन के लिए नहीं, बल्कि सृजन के लिए भी हैं। यदि हम तकनीक और आस्था का सही संतुलन बना लें, तो मंदिरों से निकलने वाला यह 'पुष्प अवशेष' हमारे स्वास्थ्य, सौंदर्य और ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने वाला एक अक्षय संसाधन बन सकता है। यह पहल न केवल हमारी नदियों को प्रदूषण से बचाएगी, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महकती हुई मिसाल पेश करेगी।

सरकारी स्तर से इसके लिए शोध हों। दकिये गए शोध और उत्पादों को तैयार करने के लिए मंदिर क्षेत्र के आसपास के जरूरतमंद निवासियों को तैयार कर उन्हें नए व्यवसाय से जोड़ा जा सकता है। कच्चा माल उन्हें पास के मंदिर से मुफ्त या बहुत ही सस्ता मिलेगा। उसके प्रोसेस और पैंकिग आदि पर ही खर्च आएगा। अभी तक मंदिर में चढ़ाए जाने वाले पुष्प पर ही कार्य हो रहा है। पुष्पों के अलावा मंदिर में चढ़ाए जाने वाले नारियल आदि पर भी कार्य हो । उनका भी सदुपयोग हो।

**अशोक मधुप**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## नगर व देहात क्षेत्र में बुलेट की तड़तड़ाहट का टेरर

**रूद्रपुर, देवरिया।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बुलेट की तड़तड़ाहट का टेरर बना हुआ है। जिस पर न तो अभिभावकों की नजर है और न ही पुलिसिया डर। बुलेट से तड़तड़ाहट की ध्वनि निकाल रहे ज्यादातर स्कूलों व कॉलेजों के युवा हैं जो टेरर पैदा करने व स्टंट बनाने के लिए जुगत कर रहे हैं। पूर्व थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने ऐसे बिगड़ैल युवाओं को सबक सिखाया था। एकौना थाना क्षेत्र में भी तेज गति से बुलेट चलाने वाले,माडिफाइड साइलेंसर से कर्कश आवाज निकालने वाले युवाओं का आतंक व्याप्त है। पुलिस प्रशासन इन नाबालिग बदमाशों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। अभिभावकों को भी चाहिए कि वे अपने नाबालिग बच्चों को मोटरसाइकिल न दें और और उन्हें ऐसा करने से रोकें।

## नाथबाबा मंदिर के मुख्य द्वार का सुंदरीकरण करा रहा नगर पंचायत

**रूद्रपुर, देवरिया।** कई वर्ष से नाथ बाबा मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार के सुंदरीकरण को लेकर भक्तों द्वारा सजाया सपना अब सरकार होने जा रहा है। महाशिवरात्रि पर्व से पहले नगर पंचायत प्रशासन मुख्य द्वार का सुंदरी कारण करने का कार्य शुरू कर दिया। बता दें कि उक्त प्रवेश द्वार पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डा रामभरोसा त्रिपाठी ने कराया था। उसके बाद प्रवेश द्वार के मार्बल उखड़ने लगे।पट्टियां टूट कर गिरने लगी और प्रवेश द्वार विकास को मुंह चिढ़ाने लगा।हालांकि मंदिर परिसर में विकास के अन्य कार्य हुए किंतु प्रवेश द्वार पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। अंततः नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा निगम व उनके प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने गेट के सुंदरीकरण का व्रत लिया और उसे शुरू कर दिया। वर्तमान में गेट का सुंदरीकरण कार्य गतिमान है। अध्यक्ष प्रतिनिधि छट्ठे लाल निगम में बताया कि महाशिवरात्रि से पहले ही गेट को आकर्षक बना दिया जाएगा। उसमें रंग बिरंगी लाइट भी लगेगी और मंदिर के प्रवेश द्वार पर भव्य तरीके से नामकरण भी किया जाएगा।

## साहित्य संगम के बीच प्रवेश द्वार का लोकार्पण

**भाटपार रानी,देवरिया।** तहसील क्षेत्र के नेउरहाँ गांव स्थित मां जगत जननी धाम के नवनिर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण साहित्य संगम कार्यक्रम के बीच हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीश चंद्र तिवारी ने फीता काटकर द्वार का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गांव के विकास से ही देश का विकास संभव है और सभी को मिलकर समाजहित में कार्य करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया। पूर्व प्रधानाचार्य पं0 आद्या प्रसाद मिश्र ने शिक्षा व जागरूकता पर बल दिया। समाजसेविका गिरिजा त्रिपाठी निर्भीक ने नीतियों के सही क्रियान्वयन और शराबबंदी की मांग उठाई। कार्यक्रम में कवि-शायरों ने सामाजिक सद्भाव व कुरीतियों पर रचनाएं प्रस्तुत कीं। अध्यक्षता जटाशंकर सिंह व संचालन मकसूद भोपतपुरी ने किया। संयोजक प्रदीप मौर्य ने आभार जताया।

## खुनियांव ब्लॉक के रोजगार सेवकों ने बकाया मानदेय के भुगतान को लेकर किया प्रदर्शन



**सिद्धार्थनगर-** जिले के खुनियाँव ब्लॉक परिसर में मंगलवार को रोजगार सेवकों ने संघ के ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश मौर्या के अगवाई में प्रदर्शन किया। पिछले छह माह से रुके हुए बकाया मानदेय के भुगतान की मांग कर रहे थे। रोजगार सेवकों का आरोप है कि उन्हें नियमित रूप से मानदेय नहीं मिल रहा है, और अधिकांश का भुगतान अभी तक लंबित है। रोजगार सेवकों ने बताया कि मानदेय के अभाव में उन्हें गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। परिवार का भरण-पोषण और दैनिक खर्च चलाना उनके लिए मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल बकाया मानदेय की भुगतान की मांग की। मामले की जानकारी मिलने पर इटवा के उपजिलाधिकारी कुणाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि, रोजगार सेवकों का आरोप है कि उनकी समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया,रोजगार सेवकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, तो वे आगे भी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मामले में खण्ड विकास विजय सिंह ने बताया कि नियमानुसार भुगतान किया जाएगा।

# खजनी तहसील में प्रशासनिक लापरवाही बेनकाब, एडीएम के निरीक्षण में उड़े अफसरों के होश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी गोरखपुर दीपक मीणा के निर्देशन में एडीएम (सीआईओ) हिमांशु बर्मा ने खजनी तहसील का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसील की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। भूलेखागार कक्ष सहित विभिन्न कार्यालयों में अभिलेखों की स्थिति बेहद खराब पाई गई, जिस पर एडीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। निरीक्षण में सामने आया कि अधिकांश कक्षों में रिकार्ड क्रमबद्ध नहीं थे। फाइलें बिखरी हुई मिलीं, कई टेबलों पर संबंधित अधिकारियों के नाम-पट (नेम प्लेट) तक नहीं लगे थे।

हैरानी की बात यह रही कि कई रिकार्ड फाइलों में आवश्यक चिप्पड़ तक नहीं पाए गए, जो सरकारी कामकाज में गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। इस पर एडीएम हिमांशु बर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी रिकार्ड तत्काल सुदृढ़, सुरक्षित और क्रमबद्ध किए जाएं, अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी। एडीएम ने तहसील के प्रत्येक कक्ष में बारीकी से जांच की और सभी विभागों के दस्तावेजों की साफ-सफाई व रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि जिलाधिकारी के संभावित आगमन की सूचना पहले से होने के बावजूद व्यवस्थाएं केवल दिखावटी रहीं। बताया जाता है कि डीएम के आने की सूचना पर राजस्व विभाग ने सुबह से ही आनन-फानन में साफ-सफाई कराई। आरसीसी मार्ग की धुलाई कराई गई, वृक्षारोपण कराया गया और चौमुखी लाइटें भी लगाई गई, लेकिन यह सब केवल औपचारिकता साबित हुई। जिलाधिकारी के न पहुंचने से दूर-दराज से आए कई वादकारी मायूस होकर लौट गए।

निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर के स्वागत (वेलकम) गेट पर खड़ी बाइक को देख एडीएम हिमांशु बर्मा ने एसडीएम खजनी राजेश प्रताप सिंह से सवाल किए, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। यह दृश्य भी तहसील में अनुशासनहीनता और लचर व्यवस्था की ओर इशारा करता है। कुल मिलाकर, खजनी तहसील का यह निरीक्षण प्रशासनिक तैयारियों और कार्यसंस्कृति पर गंभीर सवाल खड़े करता है। एडीएम की सख्ती के बाद अब देखना होगा कि तहसील स्तर पर सुधार सिर्फ कागजों तक सीमित रहता है या वास्तव में व्यवस्था में बदलाव आता।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**देवरिया।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर विकास भवन स्थित गांधी सभागार में 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह रहे। आयोजन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कृष्णानंद यादव द्वारा किया गया। इस वर्ष की थीम स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सुरक्षित व जिम्मेदार उपयोग की खोज रही। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा, साइबर स्वच्छता, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विवेकपूर्ण प्रयोग पर विस्तृत जानकारी दी। साइबर सेल के शिवमंगल यादव ने साइबर अपराधों से बचाव व शिकायत प्रक्रिया समझाई। कार्यशाला का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता बढ़ाना और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।

# आमी नदी पर पीपा पुल निर्माण की घोषणा, ग्रामीणों में खुशी की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां - गोरखपुर-** सहजनवां ब्लॉक क्षेत्र में आमी नदी पर पीपा पुल के निर्माण की घोषणा से ग्रामीणों में उत्साह और खुशी का माहौल है। ग्राम पंचायत खीरीडाड़ व रघुनाथपुर के निवासियों को लंबे समय से नदी पार करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब दोनों ग्राम पंचायतों के प्रधानों के अथक प्रयास से पीपा पुल का निर्माण होने जा रहा है, जिससे दर्जनों गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। ग्राम प्रधान खीरीडाड़ विजय कुमार उर्फ त्रिपुरारी ने बताया कि अब तक ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय व हरपुर बाजार जाने के लिए लगभग 8 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी, लेकिन पीपा पुल के निर्माण के बाद यह दूरी घटकर मात्र 2 किलोमीटर रह जाएगी। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन से शिकायत की गई थी, जो अब जाकर सफल हुई है। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मिथिलेश गुप्ता ने बताया कि हरपुर क्षेत्र के लोगों को खीरीडाड़, हरदी, भीटी रावत व सिहापार जाने के लिए करीब 12 किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता था। पीपा पुल बनने के बाद यह दूरी घटकर सिर्फ 3 किलोमीटर रह जाएगी। उन्होंने बताया कि पुल निर्माण के लिए प्रशासन से लगातार पत्राचार व प्रयास किए गए, जिसका अब सकारात्मक परिणाम सामने आया है। पीपा पुल के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ-साथ समय और संसाधनों की भी बचत होगी। क्षेत्र में कनेक्टिविटी बेहतर होने से विकास को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधानों और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# खजनी तहसील में उबालः एडीएम-सीआरओ के सामने अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, तहसीलदार हटाने की मांग तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनी - गोरखपुर।** खजनी तहसील में मंगलवार को उस समय माहौल गर्म हो गया जब तहसील निरीक्षण पर पहुंचे एडीएम (प्रशासन)/सीआरओ हिमांशु वर्मा की मौजूदगी में अधिवक्ताओं ने वर्तमान तहसीलदार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर तहसीलदार को तत्काल हटाए जाने की मांग करते हुए एडीएम को ज्ञापन सौंपा और प्रशासन के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। अधिवक्ताओं का आरोप है कि वर्तमान तहसीलदार के कार्यकाल में वादकारियों और अधिवक्ताओं को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। न्यायिक एवं राजस्व मामलों में अनावश्यक विलंब, सुनवाई में पारदर्शिता का अभाव और व्यवहार को लेकर लंबे समय से असंतोष बना हुआ है। इसी आक्रोश के चलते अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एडीएम-सीआरओ हिमांशु वर्मा ने तत्काल सभी अधिवक्ताओं को मीटिंग हाल में आमंत्रित कर शांतिवार्ता की पहल की। बैठक में अधिवक्ताओं ने खुलकर अपनी समस्याएं और आपत्तियां रखीं। लगभग एक घंटे तक चली वार्ता में पूरे मामले पर गहन मंथन हुआ। एडीएम ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों और शिकायतों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और उच्चाधिकारियों तक पूरा पक्ष पहुंचाया जाएगा।

एडीएम हिमांशु वर्मा ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य व्यवस्था को सुचारु रखना और सभी पक्षों के हितों की रक्षा करना है। अधिवक्ताओं द्वारा उठाए गए बिंदुओं की जांच कराई जाएगी और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल किसी भी प्रकार का जल्दबाजी में निर्णय नहीं लिया जाएगा, लेकिन समाधान की दिशा में ठोस कदम जरूर उठाए जाएंगे। वार्ता के बाद अधिवक्ताओं ने फिलहाल आंदोलन को स्थगित करते हुए प्रशासन को समय देने की बात कही, हालांकि उन्होंने साफ कर दिया कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो आगे और बड़ा आंदोलन किया जा सकता है। खजनी तहसील में यह घटनाक्रम अब प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि तहसीलदार को लेकर उठे इस विवाद पर प्रशासन कब और क्या फैसला लेता है।

# फर्जी इंस्पेक्टर बनकर ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार, पुलिस वर्दी-बैज व कार बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद में फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को सिकरीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। आरोपी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से रुपये ऐंठता था और खुद को उत्तर प्रदेश पुलिस का निरीक्षक बताकर रौब जमाता था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर डॉ. कौस्तुभ (आईपीएस), पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दिनेश कुमार पुरी (पीपीएस) तथा क्षेत्राधिकारी खजनी कमलेश कुमार सिंह (पीपीएस) के कुशल निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। थाना सिकरीगंज के थानाध्यक्ष आशीष कुमार तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक बैजनाथ बिंद, उपनिरीक्षक दीपक कुमार, कांस्टेबल राजू यादव व कांस्टेबल संदीप कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर 10 फरवरी 2026 को कस्बा सिकरीगंज से अभियुक्त को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दिग्विजय नाथ पुत्र स्व. रामलाल निवासी ग्राम लखवापाकड़ थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर, उम्र करीब 55 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से उत्तर प्रदेश पुलिस की इंस्पेक्टर रैंक की वर्दी, नेम प्लेट, बैज, पीकेप, फर्जी पुलिस आईडी कार्ड, बैरट कैप, बेल्ट, स्टार, मोनोग्राम, पेनड्राइव, मोबाइल फोन तथा एक नीले रंग की अल्टो कार बरामद की गई है। घटना क्रम के अनुसार, जनसुनवाई से प्राप्त प्रार्थना पत्र की जांच के दौरान पीड़ित धीरज शर्मा ने पुलिस को आरोपी की पहचान कराई। सिकरीगंज-बेलघाट मार्ग पर जब संदिग्ध कार को रोका गया तो आरोपी पुलिस इंस्पेक्टर की वर्दी में मौजूद था और थाने चलने से आनाकानी करने लगा। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसकी सच्चाई सामने आ गई। उसने स्वीकार किया कि वह कूटरचित दस्तावेजों के सहारे खुद को पुलिस अधिकारी बताकर लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करता था। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 32/2026, धारा 204, 205, 319(2), 318(2), 338, 336(3), 339, 340(2) बीएनएस के तहत थाना सिकरीगंज में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि किसी भी नौकरी या सरकारी कार्य के नाम पर मांगी जा रही रकम के झांसे में न आएं और ऐसे मामलों की तत्काल पुलिस को सूचना दें।

# धान खरीद केंद्र कौवापुर पर बिचौलियों की चांदी

- किसान दो माह से भटकने को मजबूर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कौवापुर (बलरामपुर)।** सरकारी धान खरीद व्यवस्था की पोल धन कर केंद्र कौवापुर में खुलकर सामने आ रही है। जहां एक ओर वास्तविक किसान बीते दो माह से अपनी उपज बेचने के लिए केंद्र के चक्कर काटने को मजबूर हैं, वहीं दूसरी ओर बिचौलिए खुलेआम सरकारी व्यवस्था का फायदा उठाकर चांदी काट रहे हैं। लोहेपनिया निवासी महेंद्र तिवारी, राजकुमार, बुद्ध सागर सेठी, सुंदर सहित दर्जनों किसानों का कहना है कि केंद्र पर पहुंचने पर उन्हें रोज नए-नए बहाने बनाकर लौटा दिया जाता है। कभी बोरा न होने, कभी सर्वर डाउन, तो कभी स्टाफ की कमी का हवाला देकर किसानों को टाल दिया जाता है। किसानों का आरोप है कि सचिव द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि धान खरीद कर ऑनलाइन प्रविष्टि भी कर दी जाएगी, लेकिन न तो आज तक धान खरीदा गया और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई।

### बिचौलियों को खुली छूट, किसानों की मेहनत पर डाका

किसानों का आरोप है कि वास्तविक किसानों को जहां केंद्र से लौटाया जा रहा है, वहीं बिचौलियों द्वारा किसानों से कम दामों पर धान खरीदकर उसी धन कर केंद्र कौवापुर में सरकारी दर पर बिक्री की जा रही है। यह स्थिति खरीद व्यवस्था में गंभीर अनियमितता और मिलीभगत की ओर इशारा करती है।

### सरकारी व्यवस्था पर उठे सवाल

धान खरीद में हो रही इस मनमानी से न केवल किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है, बल्कि सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की साख पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। समय पर धान न बिक पाने से किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और मजबूरी में अपनी उपज बिचौलियों को औने-पौने दामों पर बेचने को विवश हैं।

### प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

आक्रोशित किसानों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र ही धान खरीद प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से शुरू नहीं की गई और बिचौलियों व दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# सड़क हादसे में रिटायर्ड फौजी की मौत, परिजनों में कोहराम, कार चालक वाहन छोड़कर फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर-** जनपद के सिकरीगंज थाना क्षेत्र में सोमवार की रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बारीगांव निवासी रिटायर्ड फौजी गौरीशंकर (61) की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बारीगांव निवासी गौरीशंकर भारतीय सेना से सेवानिवृत्त थे और गांव में सादगी भरा जीवन व्यतीत कर रहे थे। सोमवार को वे अपनी बेटी को उसकी बुआ के घर इन्नाडीह छोड़ने गए थे। रात में घर लौटते समय बारीगांव-बनकटा मोड़ पर उसरैन के पास एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गौरीशंकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल ढेबरा बाजार स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें गोरखपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां भी स्थिति में सुधार न होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में मंगलवार सुबह इलाज के दौरान गौरीशंकर ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी, बच्चों और रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल है। मंगलवार को परिजन शव लेकर सिकरीगंज थाने पहुंचे और लिखित तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने के साथ-साथ फरार कार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

इस संबंध में थानाध्यक्ष सिकरीगंज आशीष कुमार तिवारी ने बताया कि मृतक के पुत्र अमरनाथ की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दुर्घटना में प्रयुक्त कार को कब्जे में ले लिया गया है और चालक की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने और दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की।

# मृतक एसएसआई की लाश मिलने के बाद परिवार ने खड़े किए सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में तैनात एसएसआई अजय कुमार गौड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया है,उनकी लाश मिलने के बाद परिजनों ने मामले में गंभीर आरोप लगाए हैं और निष्पक्ष जांच की मांग की है,पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है,मृतक एसएसआई अजय कुमार गौड़ की पत्नी रंजिता गौड़ और झांसी में तैनात एडीएम अरुण कुमार गौड़ ने डीआईजी से मुलाकात कर पूरे मामले की हर पहलू से जांच कराने की मांग की है,परिजनों का कहना है कि यह कोई सामान्य मामला नहीं है और सच्चाई सामने आनी चाहिए। इस पर डीआईजी संजीव त्यागी ने परिजनों को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच किया जाएगा। जानकारी के अनुसार एसएसआई अजय कुमार गौड़ 5 फरवरी से लापता थे,उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी,8 फरवरी को उनका शव छावनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरयू नदी से बरामद किया गया था,इससे पहले अमहट घाट पर मृतक की बाइक मिली थी,जिससे मामला और भी संदिग्ध हो गया,एसएसआई अजय कुमार गौड़ परशुरामपुर थाने में तैनात थे,थाना प्रभारी के छुट्टी पर जाने के बाद उन्हें थाने का प्रभार सौंपा गया था,अचानक उनकी लापता होने और फिर शव मिलने से पुलिस महकमे में भी शोक और चर्चा का माहौल था फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतक एसएसआई अजय कुमार गौड़ के भाई एडीएम झांसी अरुण कुमार गौड़ ने बताया कि जो भी कंडीशन में हमारे भाई साहब की डेड बॉडी मिली है,उस जाहिर किया है कि रहसमय तरीके से मौत हुई है, डीआईजी साहब और मैं चाहता हूं जो भी हमारे पुलिस के आला अधिकारी हैं और हमारे प्रशाशन के लोग हैं उसकी सही तरीके से गहनता जांच करें और जो भी दोषी पाया जाता उस पर कार्यवाही करें। वहीं इस पूरे मामले पर डीआईजी संजीव त्यागी ने बताया कि एसएसआई अजय कुमार गौड़ 5 फरवरी से लापता थे इनका शव 8 फरवरी को छावनी थाना क्षेत्र के सरयू नदी में मिली है,इनके परिजन आज रेंज ऑफिस में मिलने आए हैं इनके परिवार ने साजिश की आशंका जाहिर की है।

# UGC के 'इक्विटी रेगुलेशन 2026' के विरोध में सवर्ण शक्ति मोर्चा का पैदल मार्च, राष्ट्रपति को ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** राष्ट्रीय सवर्ण मोर्चा शक्ति के बैनर तले जीआईसी मैदान से शास्त्री चौक तक एक विशाल, शांतिपूर्ण और अनुशासित पैदल मार्च निकाला गयाविश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( ) द्वारा अधिसूचित 'क्ष 2026' (व्रष्ट रूल 2026) के विरोध में राष्ट्रीय सवर्ण मोर्चा शक्ति के बैनर तले जीआईसी मैदान से शास्त्री चौक तक एक विशाल, शांतिपूर्ण और अनुशासित पैदल मार्च निकाला गया। मार्च का उद्देश्य इस विनियमन से जुड़ी संवैधानिक आपत्तियों को लोकतांत्रिक और विधिसम्मत तरीके से देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुँचाना रहा।मार्च के समापन पर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें कहा गया कि 'इक्विटी' के नाम पर प्रस्तावित प्रावधान संवैधानिक समानता, निष्पक्षता और नैतिकता की मूल भावना से टकराते प्रतीत होते हैं। ज्ञापन में आशंका जताई गई कि इस तरह के विनियम शैक्षणिक परिसरों में सामाजिक विभाजन और वैचारिक टकराव को बढ़ावा दे सकते हैं। पैदल मार्च में सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं, शिक्षकों, अधिवक्ताओं और विभिन्न वर्गों के नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। प्रतिभागियों ने संविधान, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता से जुड़े संदेशों की तख्तियाँ लेकर शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखी। पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति, अनुशासन और प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन किया गया।

मोर्चा अध्यक्ष रामजी पांडेय ने कहा कि यह आंदोलन किसी वर्ग के विरुद्ध नहीं, बल्कि संविधान की मूल भावना के समर्थन में है। उन्होंने तर्क दिया कि पूर्वधारणाओं के आधार पर किसी समाज को दोषी ठहराना संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 की आत्मा के विपरीत है और शिक्षा संस्थानों को सामाजिक संघर्ष का अखाड़ा बनने से बचाया जाना चाहिए। संयोजक और जन आंदोलन मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभयदेव शुक्ल ने विनियमन को औपनिवेशिक मानसिकता की पुनरावृत्ति बताया और कहा कि कुछ समुदायों को जन्म से संदेह की दृष्टि से देखने का यह दृष्टिकोण राष्ट्र को बाँट सकता है। उन्होंने राष्ट्रपति से संवैधानिक हस्तक्षेप की अपेक्षा जताई। जिलाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने कहा कि शोषण या उत्पीड़न की रोकथाम के लिए तकनीकी और तटस्थ उपाय होने चाहिए, जैसे सीसीटीवी, पारदर्शी शिकायत प्रणाली और निष्पक्ष जांच, न कि सामाजिक वर्गीकरण। वहीं यशवंत सिंह और रोलु सिंह ने कहा कि यह मार्च समाज के संविधान के साथ खड़े होने का संदेश देता है और विश्वविद्यालयों को ज्ञान व राष्ट्र निर्माण के केंद्र बने रहना चाहिए। मोर्चा ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी तरह अहिंसक, लोकतांत्रिक और संविधानसम्मत है तथा आगे भी संवाद और संवैधानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से अपनी बात रखी जाएगी। संगठन ने जिला प्रशासन के सहयोग के लिए आभार जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि राष्ट्रपति इस गंभीर संवैधानिक विषय पर संवेदनशील और न्यायसंगत निर्णय लेंगी।

# मनरेगा को बचाने के लिए जनजागरण के लिए पदयात्रा का ऐलान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय में मंगलवार को संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने एवं संचालन नगर अध्यक्ष मो.इस्तियाक ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी व मनरेगा प्रभारी रवि भूषण सिन्हा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को ख़त्म करने का प्रयास किया जा रहा है जिसके विरोध में शीर्ष नेतृत्व द्वारा 45 दिन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत आगामी 13 फरवरी को विधानसभा प्रतापगढ़ में होने वाली 10 से 15 किमी की प्रस्तावित पदयात्रा की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा हुई।इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य मनरेगा मजदूरों के मुद्दे पर जन जागरूकता फैलाना है।पदयात्रा बाबा साहेब डॉ.भीम राव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर प्रारंभ होगी। यह पदयात्रा अम्बेडकर चौराहा, पुलिस लाइन, राजापाल टंकी,चौक घंटाघर पर आयोजित नुक्कड़ सभा के बाद जीजीआईसी के सामने से पंजाबी मार्केट, गल्ला मंडी,सब्जी मंडी में नुक्कड़ सभा फिर श्रीराम चौराहे से बेगमवार्ड होते हुए विक्रम चौराहा, आजाद नगर,भुलियापुर पुलिस चौकी के बगल मनरेगा मजदूर भाइयों एवम बहनों के बीच चौपाल फिर मदर अस्पताल होते हुए अम्बेडकर चौराहा पहुंचेगी।जहां पदयात्रा का समापन होगा।नगर अध्यक्ष मो. इस्तियाक एवं सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो. वसीम ने इस विशाल पदयात्रा को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी।बैठक में कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, एसआईआर प्रभारी रामशिरोमणि वर्मा, एमएलसी चुनाव प्रभारी मासूम हैदर,विजय प्रताप त्रिपाठी, सुरेश कुमार मिश्र, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, सुरेश कुमार सरोज, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, पूर्व प्रत्याशी पट्टी राम लवट यादव, चन्द्र नाथ शुक्ल, ब्लॉक अध्यक्ष मोअसलम, रविन्द्र मिश्र, मो. कासिम, अशोक सिंह,लव त्रिपाठी, अश्वनी उपाध्याय, मो दिलशाद, सहजाद सलमानी, संस्कार मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## भमोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीवी एवं कैंसर जांच केंद्र का हुआ शुभारंभ 27 फरवरी तक चलेगा कार्यक्रम




**बरेली**/भमोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एन पी एन सी डी कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कैंसर एवं टीवी की रोकथाम के लिए जागरूकता एवं स्क्रीनिंग हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर का शुभारंभ प्रभारी डॉक्टर विवेक कुमार द्वारा किया गया इस अवसर पर उन्होंने कहा की समय पर जांच और सही उपचार से कैंसर हुआ टीवी रोग जैसी गंभीर बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

आम लोगों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए शिविर के दौरान लोगों को कैंसर हुआ टीवी से बचाव के उपाय की जानकारी दी गई तथा लाभार्थियों को स्क्रीनिंग कर संदिग्ध मामलों को आगे की जांच एवं उपचार हेतु चिकित्सा केंद्रों पर भेजे जाने की प्रक्रिया अपनाई गई इस अवसर पर डॉक्टर मंजीत यादव डॉ रवि कुमार डॉक्टर श्वेतांबरी शर्मा डॉक्टर तूलिका भारद्वाज डॉक्टर सबा खान डॉक्टर फैजी हबीब एस टी एस है जी हबीब मनोज कुमार बीसीपीएम नीरज कुमार सहित अनेको स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे यह कार्यक्रम 27 फरवरी तक चलाया जाएगा इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए लोगों से अपील की गई।

## आई जी आर एस निस्तारण मे गोला तहसील को मिला प्रथम स्थान

**गोला तहसील के तहसीलदार व समस्त तहसील स्टाफ ने उनको पुस्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।**



**गोला गोकरननाथ खीरी।** उप जिला अधिकार प्रतीक्षा त्रिपाठी के नेतृत्व में गोला तहसील आईजीआरएस की रैंकिंग में प्रदेश में नंबर वन आई है। इसके लिए तहसीलदार भीमचन्द एवं नायब तहसीलदार भानू प्रताप ने उनका पुष्प कुछ देकर बधाई भी दी है। उप जिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बताया कि उनकी टीम के प्रयासों से आईजीआरएस की समस्याओं का निस्तारण समय से हो पाया है। जिसके लिए मैंने तत्परता के साथ लोगों की समस्याओं का निस्तारण कराया है। हलाकि कि इससे पहले गोला उप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी की अगुवाई मे Sir अभियान का कार्य समय से पहले कराया गया था इसके लिये जिला अधिकारी लखीमपुर दुर्गा शक्ति नागपाल ने उनको व उनकी टीमवके लोगो को लखीमपुर बुलाकर सम्मानित करने का काम किया गया था। जब से प्रतिक्षा त्रिपाठी ने गोला तहसील का कार्य भार ग्रहण किया है तब से तहसील क्षेत्र की शक्ल परावर्तित हो गई है। हलाकि इसका मुख्य कारण यह है कि वह समय से पहले ही तहसील मे पहुचकर काम को देखती है और अपने सभी अधीनस्थो को भी आये हुये फरिआदियो को त्वरित न्याय दिलाने के लिये आदेशित करती भी है

## ऑपरेशन रक्षा के तहत AHT थाना द्वारा मानव तस्करी व बाल श्रम के विरुद्ध विशेष अभियान

**होटल/ढाबों की सघन चेकिंग, जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने हेतु चलाया गया जन-जागरूकता अभियान**

**सोनभद्र**/उत्तर प्रदेश- मंगलवार को शासन द्वारा संचालित ऑपरेशन रक्षा अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र अनिल कुमार के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में॥ थाना जनपद सोनभद्र द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत मानव तस्करी, अनैतिक देह व्यापार एवं बाल श्रम की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न होटल/ढाबों की सघन चेकिंग की गई, जिसमें कोई भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा बाल श्रमिक नहीं पाया गया। जिन होटल/ढाबों पर बार-बार की गई चेकिंग के उपरान्त बाल श्रमिक न पाए जाने पर उन्हें 'बाल श्रम मुक्त' का पम्पलेट चस्पा किया गया। इसी क्रम में आमजन को बाल श्रम उन्मूलन, मानव तस्करी एवं महिला/बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 1076, 1098, 102 एवं 108 के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक AHT थाना माधव सिंह जनपद सोनभद्र,मुख्य आरक्षी धनंजय यादव AHT थाना जनपद सोनभद, आरक्षी पंकज कुमार AHT थाना जनपद सोनभद्र उपस्थित रहे।

# खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, नहीं रुक रहा क्षेत्र में खनन

**● क्षेत्र में खनन माफियाओं के लिए वरदान साबित हो रहा**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिंगाही खीरी।** डीएम का खनन पर रोक लगाने के बाद भी तहसील निघासन के निघासन, सिंगाही, बेलरायां, तिकुनिया में अवैध मिट्टी एवं सफेद रेती बालू का खनन का काला कारोबार खुले आम किया जा रहा है। बालू एवं मिटटी खनन का धंधा क्षेत्रीय पुलिस एवं राजस्व विभाग के लिए अवैध कमाई करने का जरिया बना हुआ है। विभागीय अधिकारियों को सूचना मिलते ही खनन माफियाओं के पास संदेश पहुंचा दिया जाता है जिससे वह चौंकने होकर थोड़ी देर के लिए अपने काम को अंजाम रोक कर स्थान बदल कर छुप जाते हैं।खनन माफियाओं व प्रशासनिक अफसरों की आंख मिचोली का खेल बनता जा रहा है। सिंगाही थाना क्षेत्र में खनन अधिकारी पर जान लेवा हमला का मुकदमा भी दर्द हुआ था फिर भी खनन माफियाओं के हौसले को खत्म नहीं कर पाया।

बताते चलें की एक माह पहले अवैध खनन रोकने के लिए।जिला खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह पर खनन माफियाओं पर कार्रवाई करने के लिए मोतीपुर भौंका घाट पर पहुंचे कुछ बालू से लदी ट्रालियों को पकड़ था इसकी भनक खनन माफियाओं को लग गई। माफियाओं ने ट्रॉली को छुड़ाने के लिए उन पर जान लेवा हमला कर उनके साथ मारपीट की और उनकी कनपटी पर तमंचा लगाकर जान से मारने की कोशिश की जिसका मुकदमा सिंगाही थाने मे दर्ज किया गया।

लेकिन पुलिस की मेहरबानी से खनन माफिया पकड़े नहीं गए और वह हाईकोर्ट से स्टे लाकर गिरफ्तार होने से बच गये।उसके बाद सिंगाही के खैरीगढ रोड़ पर चौराहा नाला मांझा घाट पर जिला प्रशासन के द्वारा खनन का पट्टा बनाया गया। जिसको निरस्त करने के लिए क्षेत्रीय किसानों ने अपनी जमीन नदी मैं कट जाने का हवाला देकर एक हफ्ता तक तम्बू कनात लगाकर आंदोलन किया। उसके बाद जिलाधिकारी के आदेश पर नदी में बना होम पाइपों का पुल हटा दिया गया। बालू खनन करने का रास्ता साफ होते ही अवैध खनन करने वालों बालू माफिया फिर से सक्रिय हो गये। और धरती की कोख को खोद कर धरती को बाँझ बनाने की कावायद शुरू कर दी है। मिट्टी और बालू खनन करने वालों के लिए फिर से वरदान बन गया है क्षेत्रीय प्रशासन भी गोरख धंधे से दिन दूनी रात चौगुनी कमाई कर रहा है। निघासन तहसील में हरी पुरवा खनन माफियाओं का गढ़ बना है।यहां पर खनन माफियाओं के ट्रैक्टर-ट्रॉली फर्राटा भरकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं सिंगाही भौंका, मोतीपुर में सरजू नदी के घाटों से रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन से खनन किया जाता है तिकुनिया कोतवाली के बघैया में बालू डम्प की गयी है।

## भोलेनाथ की मूर्ति स्थापना को लेकर निकली भव्य शोभा यात्रा



**सिंगाही खीरी।** सिंगाही बेलरायां रोड स्थित देव स्थान सिद्ध बाबा पर भूत-भावन भगवान भोलेनाथ की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मोटरसाइकिल ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से निकाली गई इस शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरुष शिवभक्ति में लीन होकर शामिल हुए। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में भक्ति गीतों व ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा सिगहा कलां, सिंगाही, मोतीपुर बेलरायां तिकुनिया में भ्रमण किया। मूर्ति स्थापना को लेकर क्षेत्र में धार्मिक आस्था और उल्लास का माहौल बना रहा। इस अवसर पर लव दीक्षित पप्पू वर्मा खगेश्वर वर्मा बलराम वर्मा व बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राधा स्वामी विद्या मन्दिर, ऐरा में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी** राधा स्वामी विद्या मन्दिर, ऐरा खमरिया-खीरी के तत्वावधान में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अनुज गोपाल शंकर अवस्थी, भाजपा नेता अनुपम अवस्थी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय श्रीवास्तव ने वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना की। कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाण-पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही खेल, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अनुज गोपाल शंकर अवस्थी,भाजपा नेता अनुपम अवस्थी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग की भी सराहना की।समारोह के अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# सख्त पुलिसिंग और सामाजिक सरोकारों की मिसाल कप्तान ख्याति गर्ग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** भारतीय पुलिस सेवा की 2013 बैच की अधिकारी आईपीएस ख्याति गर्ग अपने कर्तव्यनिष्ठ कार्य, महिला सुरक्षा और आधुनिक पुलिसिंग के लिए जानी जाती हैं। उत्तर प्रदेश कैडर की इस तेज-तर्रार अधिकारी ने अब तक कई महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए प्रभावशाली सेवाएं दी हैं।

12 सितंबर 1988 को जन्मी ख्याति गर्ग मूल रूप से हरियाणा राज्य की निवासी हैं। उन्होंने चंडीगढ़ से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की और इसके बाद सिविल सेवा में चयनित होकर वर्ष 2013 में भारतीय पुलिस सेवा जॉइन की। उनके पिता का नाम विजेंदर कुमार गर्ग है।सेवा के दौरान आईपीएस ख्याति गर्ग को कई अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई। वे पूर्व में लखनऊ कमिश्नरेट में डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (DCP) तथा जनपद अमेठी में पुलिस अधीक्षक (SP) के पद पर तैनात रह चुकी हैं। इसके अतिरिक्त वे 9वीं वाहिनी पीएसी, मुरादाबाद की कमांडेंट के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।आईपीएस ख्याति गर्ग का विशेष जोर महिलाओं की सुरक्षा, समुदाय आधारित पुलिसिंग और डिजिटल नवाचारों पर रहा है। वे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। बेघर और अनाथ बच्चों की शिक्षा, दहेज विरोधी अभियान तथा महिला अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय सहभागिता रही है। साथ ही पुलिस कर्मियों के लिए प्रशिक्षण और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रम भी उनके कार्यकाल की पहचान रहे हैं।

अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें डीजीपी प्रशंसा डिस्क सहित कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। इसके अलावा फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड जैसे प्रतिष्ठित नागरिक सम्मानों से भी उन्हें नवाजा गया है।

व्यक्तिगत रुचियों की बात करें तो ख्याति गर्ग को बैडमिंटन, ट्रेकिंग, फोटोग्राफी और लेखन का शौक है। वे कविता और गद्य लेखन में भी रुचि रखती हैं। उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में आईपीएस ख्याति गर्ग का विकिपीडिया पर आधिकारिक पेज उपलब्ध नहीं है, हालांकि उनके कार्यों और सेवाओं से जुड़ी जानकारी विभिन्न विश्वसनीय समाचार एवं प्रोफाइल स्रोतों में दर्ज है।

## भक्तिमय हुआ गौशाला परिसर, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने शुरू कराया श्रीरामचरितमानस का पाठ



**सिंगाही खीरी।** विकास खंड निघासन की ग्राम पंचायत सिंगहा कला की गौशाला में आज आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। गौवंश के संरक्षण और जन कल्याण की कामना के साथ ग्राम पंचायत प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित द्वारा गौशाला परिसर में श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ कराया। मंगलवार को ग्राम पंचायत सिंगहा कला में बनी गौ साला में गौ सेवा और अध्यात्म का संगम देखने को मिला।गौ वंश के संरक्षण और जन कल्याण की कामना के लिए गौशाला में रामचरित मानस का पाठ प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य अंकित मिश्रा द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराकर किया गया। प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने कहा कि गौशाला केवल पशुओं के रहने का स्थान नहीं, बल्कि सेवा का केंद्र है। मानस पाठ के आयोजन से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और लोगों में गौ सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान मौजूद ग्रामीण और पंचायत सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने पाठ का श्रवण किया।

# 'हम जुर्मे मुहब्बत की सजा काट रहे हैं बरेली में कवियों बिखेरा रंग

**● रामपुर में अखिल भारतीय काव्यधारा के तत्वावधान में यादगार कवि सम्मेलन, शब्द शिल्पी और काव्य शिल्पी सम्मान से नवाजे गए कई वरिष्ठ कलमकार**

**पूनम गंगवार बरेलवी के सुरीले सुरों से रीझे आयोजकों ने उन्हें पहनाई मां शारदे की कंठी माला**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली।** पड़ोसी रामपुर के मोहल्ला ज्वालानगर स्थित आनंद कॉन्वेंट स्कूल में साहित्यिक संस्था अखिल भारतीय काव्यधारा के तत्वावधान में विराट कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बरेली की पूनम गंगवार 'पुष्पा' और यहीं के डॉ. महेश 'मधुकर', रामपुर के जितेंद्र कमल आनंद, शिवकुमार 'चंदन', डॉ. गीता मिश्रा 'गीत', शशि त्यागी समेत कई वरिष्ठ काव्यकारों को शब्द शिल्पी सम्मान और काव्य शिल्पी सम्मान से विभूषित किया गया। समारोह का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा वागेश्वरी मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर और पुष्पार्चन कर किया गया। पूनम गंगवार 'पुष्पा' ने सुरीले सुरों में वाणी वन्दना सुनाई जिस पर पूरा सदन भक्तिभाव और आनंद के सागर में डूबता-उतराता रहा। पूनम गंगवार 'पुष्पा' की यह ग़ज़ल भी खूब सराही गई- 'हम जुर्मे मुहब्बत की सजा काट रहे हैं, उस बेवफा पर कोई भी इल्ज़ाम नहीं है।' आयोजक रामकिशोर वर्मा की ओर से पूनम गंगवार को उनके उत्कृष्ट शब्द चयन, अनुपम भावोद्गार और सुरीले गायन के लिए स्मृति चिह्न, शब्द शिल्पी सम्मान प्रदान कर और मोतियों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

सुभाषनगर बरेली के एक धर्मनिष्ठ परिवार में ब्याही पूनम रामलीला सभा महिला सभा सुभाषनगर और समृद्धि काव्य मंच की अध्यक्ष हैं। फतेहगंज पश्चिमी के गांव कुरतरा की बिटिया पूनम को उनके सराहनीय साहित्यिक-सामाजिक अवदान के लिए कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। कवि सम्मेलन में वरिष्ठ साहित्यकार जितेंद्र कमल आनंद के दो और नीलम रानी सक्सेना के चार काव्य संग्रहों का विमोचन भी किया गया।

कवि सम्मेलन में जितेंद्र कमल आनंद ने अध्यात्म की यह रचना सुनाकर खूब वाहवाही और तालियां बटोरीं-नवचक्रों की बात हम- करते मूलाधार, मणिपुर के ऊपर 'कमल', स्वाधिष्ठानाधार। 'वरिष्ठ कवि रामकिशोर वर्मा ने भारत के स्वर्णिम अतीत और पतन के कारणों का कुछ इस अंदाज में बखान किया और सबकी प्रशंसा अर्जित की- 'सोने की चिड़िया था भारत, वीरों की थी कमी न भाई, लाख हमारे वहां एक था, कहो गुलामी फिर क्यों आई?' नीलमरानी सक्सेना ने यह सरस गीत सुनाकर सदन को तालियों से गुंजायमान करवा दिया- चांदनी रात में अर्चना आपकी, चाहती हूं करूं वन्दना आपकी। कई घंटे तक चले इस यादगार कवि सम्मेलन में राजीव प्रखर, डॉ.अशफाक ज़ैदी, प्रीति अग्रवाल, पूनम दीक्षित, शिवकुमार शर्मा 'चंदन', अमित रामपुरी, हर्ष अमरोही, राजबाला धैर्य, रवि प्रकाश, सचिन सिंह, उदय प्रकाश सक्सेना, रश्मि चौधरी 'दीक्षा', आकर्ष सफर अमरोही, रजनी सिंह आदि कवि-कवयित्रियों ने भी अपनी सुमधुर रचनाओं से सबका मन मोह लिया और भरपूर तालियां-वाहवाही भी अपने नाम की। पीयूष प्रकाश सक्सेना, परमानंद प्रकाश सक्सेना, सुभाष चंद्र वर्मा, पुष्पा देवी, सात्विक चौधरी, दीपकमल जौहरी, अमन, नमन सक्सेना आदि काव्य प्रेमियों की भी सक्रिय सहभागिता रही। अध्यक्षता कर रहे जितेंद्र कमल आनंद ने सबका आभार जताया। संस्था के महासचिव रामकिशोर वर्मा ने अपने काव्यमय सफल संचालन से कवि सम्मेलन को ऊंचाइयों पर पहुंचाने में अमूल्य सहयोग किया।

# लेखपाल भूपेंद्र वर्मा पर लग रहे खेल मैदान पर अवैध कब्जा करवाने के गंभीर आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी** मामला तहसील गोला क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत जटपुरा में तत्कालीन लेखपाल रहे भूपेंद्र वर्मा और ग्राम प्रधान के काली करतूत खुलकर सामने आई है। सूत्र बताते हैं कि ग्राम पंचायत जटपुरा में प्राइमरी पाठशाला के नाम आरक्षित भूमि गाटा संख्या 474 और गाटा संख्या 159 तथा खेल मैदान की आरक्षित भूमि गाटा संख्या 1192 हेक्टेयर पर गांव के ही दबंग लोगों से मिलीभगत करके लगभग एक दर्जन लोगों के मकान बनवा दिए गए ।इस खेल में तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र वर्मा और ग्राम प्रधान की मिली भगत होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त अवैध कब्जों की जब आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत कर अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की गई तो तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र वर्मा द्वारा अवैध कबजेदारों को संरक्षण देने की नीयत से फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए फर्जी तरीके से शिकायत का निस्तारण कर दिया गया ।भूपेंद्र वर्मा द्वारा लगाई गई जांच रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि खेल मैदान विद्यालय की बाउंड्री वाल के अंदर है तथा इस पर कोई भी अवैध कब्जा नहीं पाया गया। जबकि हाल ही में हुई शिकायत के बाद वर्तमान लेखपाल शैलेंद्र वर्मा द्वारा की गई पैमाइश में लगभग आधा दर्जन लोगों के पक्के मकान खेल मैदान पर बन पाए गए। जिनके विरुद्ध 67 (1)की कार्रवाई की गई और बेदखली की नोटिस जारी की गई है।

जो भूपेंद्र वर्मा के रिश्वतखोरी की पोल खोलने को काफी है। ग्रामीणों का आरोप है यदि लेखपाल भूपेंद्र वर्मा ने उस समय न लगाई होती फर्जी जांच रिपोर्ट और की होती करवाई तो शायद आज खेल मैदान पर अवैध कब्जा नहीं होता। मामले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर लेखपाल भूपेंद्र वर्मा के ख़िलाफ़ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करने तथा अवैध कबजेदारों को संरक्षण देने वाले लेखपाल भूपेंद्र वर्मा के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग के बाबजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जो तहसील प्रशासन के जिम्मेदारों की मिली भगत की ओर इशारा करता है देखना अब यह है की फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर अवैध कबजेदारों को संरक्षण देने वाले तथा शासन प्रशासन को गुमराह करने वाले लेखपाल भूपेंद्र वर्मा के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है या फिर जैसे खेल मैदान पर अनाधिकृत कब्जा करा दिया गया ठीक उसी तरह लेखपाल साहब को प्रमोशन कर कानूनगो बना दिया जाएगा।

# अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिंगाही (खीरी):** सिंगाही- बेलरायां पनवारी स्टेट मार्ग पर सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सिंगहा आदर्श तालाब के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार वही गिर गए जबकि बाइक अनियंत्रित होकर पास से गुजर रहे ट्रैक्टर- ट्राली के नीचे जा पहुंची।

सोमवार रात करीब 8 बजे रामखिलावन (26 वर्ष) पुत्र रोशन, निवासी थाना मझगई, अपनी बाइक पर अपने साले और सास रामकिशन (30 वर्ष) पुत्र मायाराम,सीता देवी पत्नी मायाराम को लेकर ससुराल रायपुर कोल्हौरी (थाना तिकुनिया) जा रहे थे।

जैसे ही वे सिंगहा आदर्श तालाब के पास पहुँचे, सामने से आ रहे एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही चीनी मिल जा रही गन्ने से लदी ट्राली के नीचे मोटरसाइकिल जा पहुंची। अज्ञात वाहन के एक्सीडेंट से मोटरसाइकिल चला रहे रामखिलावन का पैर टूट गया है,



जबकि उनके साथ बैठे अन्य दो लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संवेदनशीलता दिखाते हुए बिना समय गंवाए घायलों को अपनी सरकारी गाड़ी से तत्काल निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। ?निघासन सीएचसी के डॉक्टरों ने घायल लोगों का प्राथमिक उपचार के बाद रामखिलावन की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखीमपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने गन्ने से लदी ट्राली को सुपुर्द कर लिया जबकि अज्ञात चार पहिया वाहन मौके से भाग निकला।

## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर आवाज हुई बुलन्द, किया प्रदर्शन

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर मंगलवार को आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के बैनरतले अधिवक्ताओं ने आवाज बुलन्द की। एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी की अगुवाई में एकजुट अधिवक्ताओं ने परिसर में मांग को लेकर जमकर नारेबाजी भी की। वहीं एसोसिएशन की ओर से महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने संघर्ष में योगदान के लिए अधिवक्ताओं को सम्मान पत्र भी प्रदान किया। श्रम कानून सलाहकार एसोसिएसन द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि प्रदेश में विधानसभा का बजट सत्र जारी है। ऐसे में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए सरकार को कानून बनाना चाहिए। वहीं उन्होने बार काउन्सिल आफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में साथी अधिवक्ताओं से मिलकर सहयोग भी मांगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के सचिव चन्द्रमोहन शर्मा ने किया। संचालन कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव द्वारा हुआ। इस मौके पर एएन त्रिपाठी, जेपी कटियार, रोहित कुमार मिश्र, अजय विश्वकर्मा, रवि प्रजापति, अंकुर दुबे, राजीव पटेल, आदि अधिवक्ता रहे।

# यदि जिला स्तरीय जांच टीम द्वारा की गई जांच तो होगा बड़े भ्रस्टाचार का खुलासा

**● जे.ई, टी .ए. पंचायत सचिव समेत अन्य कई जिम्मेदार होंगे बेनकाब**

**श्री राम के घर से पवन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य शुरू ही नहीं और निकल गया मजदूरी का पैसा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी** जनपद के विकासखंड बिजुआ में विकास कार्य के नाम पर भारी भ्रष्टाचार होने का मामला जन चर्चा का विषय बना है जिसकी बानगी ग्राम पंचायत जहानपुर और बस्तौली में देखी जा सकती हैं।जहां महज काग़ज़ों पर अधूरे काम को पूरा दिखा सरकारी धन का बंदर बाट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।सूत्र बताते हैं कि उक्त दोनों ग्राम पंचायतों में कहीं काग़ज़ों पर काम दिखा तो कहीं आधे अधूरे कामों को पूरा दिखाकर सरकारी धन की जमकर लूट की गई है द्य ग्रामीणों का आरोप है कि इस भ्रस्टाचार के खेत.मे प्रधान, पंचायत सचिव रोजगार सेवक, सहित जे. ई..टी. ए और ए.पी . ओ तक के शामिल होने के आरोप लगाये जा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जहांपुर में राजाराम के घर से मनोरथ के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य की वर्क आईडी आरसी 064 9915 में बॉक्सिंग बोल नहीं बनाई गई पश्चिम साइड में पहले से पक्का बाल बना हुआ है और पूरब साइड में बॉक्सिंग नहीं बनाई गई है उक्त पर बी बिल के सापेक्ष कार्य नहीं कराया गया दूसरा मामला रामकुमार के घर से वेद प्रकाश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य जिसकी वर्क आईडी आरसी 06499 18 है की लंबाई 5 मीटर और चौड़ाई 3.5 मी स्थल में कम पाई गई है 15 * 3.5 बराबर 17.5 मीटर बल एवं बी के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया तीसरा नंबर पीडब्ल्यूडी की रोड से कुलदीप के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण क आईडी 6499 26 की लंबाई सत्यापन मापन के दौरान 3.5 * 3 मीटर = 10.5 मीटर कम पाई गई। यहां पर भी बी वे बिल के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया कल्याण के चारों तरफ खाई खुदाई कार्य में भी म से 40 मी कार्य काम कराया गया और भुगतान पूरे का निकाल लिया गया यह खुलासा मौके पर की गई मैप से होने की बात सामने आई है एमपी में कुल लंबाई 362 मीटर है और मौके पर मात्र 322 मी ही कार्य कराया गया है सुरेंद्र के घर से कुंडा के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य की वर्क आईडी आरसी पब्लिक 64 9929 में एक तरफ पहले से बनी नाली का निर्माण कार्य देखा गया है तथा दूसरी तरफ एक रद्द लगाकर इंटरलॉकिंग की बॉक्सिंग बनाई गई है जो मानक विपरीत है अधूरी बॉक्सिंग बिल अनुसार कार्य नहीं कराया गया है वही श्री राम के घर से पवन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य आईडी आरसी 6499 23 पर काम शुरू ही नहीं कराया गया और फर्जी तरीके से निकाल लिया गया मजदूरों का भुगतान चर्चा का विषय बना है बताया जाता है कि इस खेल में प्रधान से लेकर खंड विकास अधिकारी बिजुआ तक के शामिल होने की चर्चाएं थमने का नाम नहीं ले रही। फर्जी तरीके से निकल गया मजदूरों की मजदूरी का भुगतान जहां चर्चा का विषय बना हुआ है बताया जाता है कि ठेके पर मनवाने तरीके से मानकों के अनदेखी करते हुए आधा अधूरा काम करवा कर कागजों पर कार्य पूर्ण दिखाकर लाखों का घोटाला किया गया है ग्राम पंचायत में प्रधान और सचिव सहित रोजगार सेवक तथा टी ए की मिली भगत से काफी बड़ा घोटाला किया जाने का बताते हुए मामले की शासन प्रशासन से शिकायत किए जाने की बात सामने आई है।

सूत्र बताते है यदि इस मामले की कर ली जाए निष्पक्ष जांच जिसमें माप पुस्तिका, कार्य पूर्ति रजिस्टर, मास्टर रोल ,आदि की गहनता से कर ली जाए जांच तो एक बहुत बड़ा भ्रष्टाचार खुल कर आएगा सामने। खंड विकास अधिकारी बीजूआ से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि आप अपनी जानकारी दुरुस्त कर लीजिए कहीं कोई भुगतान नहीं निकाला गया है द्य कहीं कोई काम आधा अधूरा नहीं जबकि हकीकत के धरातल पर कई जगह माप में कार्य अपूर्ण एवं भुगतान से कम लंबाई में कार्य कराए गए हैं।

## विकासखंड बभनजोत जनपद गोंडा में मीना मंच के प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**मनकापुर गोण्डा:** विकास खण्ड बभनजोत मे मीना मंच के प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। प्रशिक्षण के शुभारंभ के अवसर पर बाल विवाह, दहेज प्रथा, कानून का दुरुपयोग, जेंडर एक्टिविटी, सामाजिक भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए मीना मंच के बच्चों को जागरूक करना, शत प्रतिशत नामांकन करना, जिज्ञासाओं का निदान, शिक्षा से जोड़ना, एवं सहयोग की भावना का विकास करना ही मीना मंच का उद्देश्य है उक्त बात खंड शिक्षा अधिकारी रियाज अहमद ने की इस अवसर पर प्रशिक्षण के संदर्भ दाता पंकज चौधरी ने अभियान गीत, प्रेरणा गीत, मैं लड़की हूं, मुझे पढ़ना है, मुझको भी आगे बढ़ाना है, गीत के साथ बालिकाओं का विद्यालय में बच्चों के ठहराव, बालिकाओं की जिज्ञासाओं का संबंध, रचनात्मक लेखन नेतृत्व क्षमता, संवर्धन सोशल मीडिया का प्रभाव, शारीरिक क्षमता, चैंपियन बना जेंडर, स्टीरियो टाइप एवं मीना मंच के गठन की जानकारी दी संदर्भदाता रामायण प्रसाद मिश्र ने शारीरिक तुलना, जनसंचार का प्रभाव, स्कूल हर दिन आएं, आओ परिवेश बदलें, एक कदम स्वच्छता की ओर पर, कहानी के माध्यम से मीना मंच के प्रशिक्षार्थियों को संबोधित किया इस अवसर पर रामविलास वर्मा नोडल बालिका शिक्षा ने चुप्पी तोड़ो, दर्पण की वोट में, आओ मिलकर करें प्रयास, विषयों पर कहानी के माध्यम से मीना मंच के प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षित किया कार्यशाला के समापन के अवसर पर सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र खंड शिक्षा अधिकारी रियाज अहमद द्वारा दिया गया इस अवसर पर मोहम्मद खालिद रजा बेग, बृजेश कुमार यादव, मिथिलेश सिंह, पल्लवी सिंह, गायत्री वर्मा, सीमा पांडे, उर्मिला देवी, संतोष कुमारी, जूही श्रीवास्तव, अलका रानी, आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रसोइयों की पाककला प्रतियोगिता में पौष्टिकता और स्वच्छता पर रहा जोर




**भदोही।** बेसिक शिक्षा विभाग भदोही द्वारा प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों की पाककला प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को ज्ञानपुर स्थित आदर्श विद्यालय परिसर में किया गया। प्रतियोगिता में प्रत्येक ब्लॉक से पांच रसोइयों सहित कुल 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी को आवश्यक सामग्री मध्याह्न भोजन विभाग की ओर से उपलब्ध कराई गई। प्रतियोगिता में तहरी को मेन्यू में शामिल किया गया। आधे घंटे में भोजन तैयार करने के नियम के साथ पौष्टिकता, स्वच्छता, सुरक्षा और स्वाद के आधार पर 55 अंकों में मूल्यांकन किया गया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शिवम पाण्डेय ने आयोजन का निरीक्षण कर रसोइयों का उत्साहवर्धन किया। मूल्यांकन समिति में खाद्य एवं औषधि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और नगर पंचायत प्रतिनिधि शामिल रहे। प्रथम पुरस्कार उगईपुर सुरियावां की संगीता देवी, द्वितीय रेनू देवी (उधवा माफी) और तृतीय ममता देवी (कुड़ी खुर्द) को मिला। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

### फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु प्रचार गाड़ी के माध्यम से किसानों को किया गया जागरूक




**सीखड़, मीरजापुर।** डीजिटल इंडिया के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा संचालित फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रचार गाड़ी के माध्यम से गांव गांव किसानों को जागरूक किया गया। प्रचार वाहन को प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी रोहित सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी रोहित सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि फार्मर रजिस्ट्री न कराने पर किसानों को सरकार द्वारा मिलने वाले विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाएंगे। प्रभारी खण्ड विकास ने बताया कि अब पी एम किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा उर्वरक खाद सहित के सी सी जैसी योजनाओं से वंचित होना पड़ जायेगा। वही फार्मर रजिस्ट्री कराने पर किसानों अपने संपूर्ण भूमि को एक यूनिक आईडी पर क्लिक कर देखा जा सकता है तथा सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता से प्राप्त होगा आगे बताया कि प्रचार वाहन के माध्यम से गांव गांव में किसानों को जागरूक किया जा रहा है, जिससे अभी तक जिन किसान भाइयों ने अपना फार्मर रजिस्ट्री नही कराएं वह किसान भाई अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा लें ताकी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित होते रहे।

### पित्त की थैली मे निकला तिन सौ पथरी महिला का ऑपरेशन करके निकाला गया सुरक्षित पथरी



**हलिया, मीरजापुर।** लालगंज क्षेत्र के बेलन बरौधा स्थित महुअट मे सम्राट हॉस्पिटल मे सिहावल मध्य प्रदेश से आई महिला पुजा कोल लगभग 40 वर्ष की उम्र में पूजा के पित्त की थैली से तिन सौ पथरी सर्जन डॉक्टर अमित सिंह के द्वारा ऑपरेशन करके निकाला गया सम्राट हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर अवधेश मौर्य ने बताया कि मध्य प्रदेश से आई महिला के पेट में तिन सौ पथरी पित्त की थैली से ऑपरेशन करके डॉक्टर अमित सिंह के द्वारा निकाला गया पथरी का ऑपरेशन सफल रहा महिला के परिजनों ने बताया कि सिहावल बैठौली मध्य प्रदेश से हम इलाज कराने सम्राट हॉस्पिटल आए थे जहां पर हमारे मरीज का हालात सही हुआ पथरी का ऑपरेशन करके सुरक्षित मरीज को बचाया गया साथी साथ मरीज के परिजन ने डॉक्टर को धन्यवाद देते हुए बताएं कि मरीज पूरी तरह से सुरक्षित महसूस कर रही है। साथ ही साथ डॉक्टर अवधेश मौर्य ने बताया जनवरी के महीने में अभियान चलाकर तमाम फ्री में अस्पताल में ऑपरेशन भी करवाया गया आए दिन हॉस्पिटल में मरीजों को अच्छा से अच्छा सुविधा दिया जाता है।

## जमीनी विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या, तीन घायल

● थाना क्षेत्र के जंगला, बनपुरवा गांव का मामला

लाइसेंसी रिवॉल्वर जब्त, चार हिरासत में

गांव पहुंचे एएसपी, एक ही हालत गंभीर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** औराई थाना क्षेत्र के जंगला वनपुरवा गांव में मंगलवार को जमीनी विवाद में 28 वर्षीय आशीष यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मारपीट में तीन लोग दोनों पक्षों से घायल हुए। पुलिस ने रिवॉल्वर और शव को कब्जे में लिया। चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। गांव में तनाव को देखते हुए फोर्स तैनात है। उक्त गांव निवासी फूलचंद यादव और बृजेश यादव के बीच कई वर्षों से भूमि विवाद चल रहा है। मामला दीवानी कोर्ट में विचाराधीन भी है। मंगलवार को एक पक्ष जमीन और निर्माण करने की तैयारी कर रहा था। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई। पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर लाठी, डंडे से वार करना शुरू कर दिया। आरोप है कि बृजेश यादव ने एक बीच अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली चला दी। जो आशीष यादव के पीठ में लगी और अखिलेश यादव के हाथ में। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को उपचार के लिए सीएचसी औराई ले गई। जहां डाक्टरों ने आशीष को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। उधर, युवक की मौत के बाद गांव में तनाव पैदा हो गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि मृत युवक के स्वजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। गोली चलाने के आरोपित समेत चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। रिवॉल्वर को कब्जे में लिया गया है। लाइसेंस निरस्त कराने का काम किया जाएगा।

**भूमि नापी के बाद बढ़ा तनाव**

**औराई।** बनपुरवा गांव स्थित भूमि का विवाद फूलचंद और बृजेश के बीच कई वर्षों से चल रहा है। प्रकरण दीवानी कोर्ट में चल रहा है। सोमवार को फूलचंद की मांग पर जमीन की नापी राजस्व टीम ने किया था। मंगलवार को निर्माण करने के दौरान मारपीट हुई। आरोपित पक्ष का कहना था कि उनके हिस्से की जमीन पर निर्माण कराया जा रहा था। जबकि पीड़ित पक्ष का कहना था कि नापी के बाद वे अपनी जमीन और निर्माण करने जा रहे थे।

## ट्रक चालकों द्वारा डीजल की चोरी कर अवैध रूप से बचने का वीडियो हुआ वायरल



● भैसोड़ बलाय पहाड़ पर बने ढाबा पर निकाला जाता है ट्रक से डीजल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ पर इन दिनों बड़े पैमाने पर डीजल की बिक्री का मामला सामने आया है वायरल हजारों लीटर डीजल ट्रक चालकों द्वारा बेचा जा रहा है जो एक संगीत जुर्म है सूत्रों ने बताया कि ट्रक चालक मोटर मालिकों की आंख में धूल झोंक कर डीजल को चोरी छुपे बेच रहे हैं जिसमें ट्रक मालिकों को भारी चूना लग रहा है जबकि प्रशासन के कान मे जू तक रेग रहा हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ियों को रोककर और दबाव बनाकर ढाबे में डीजल बेचा जा रहा है सूत्रों की माने तो इस अवैध कारोबार में स्थानीय प्रशासन की मिली भगत सामने आ रही है क्योंकि खुलेआम हाईवे पर किया जा रहा है

डीजल चोरी प्रशासन नहीं कर पा रही है कार्रवाई जबकि पहाड़ पर बराबर प्रशासन की ड्यूटी के निगरानी में गोरख धंधा होता है प्रशासन के कान में नहीं रेगता जू तक स्थानिक ग्रामीणों ने बताया कि तमाम तरीके से अवैध कारोबार पहाड़ के ऊपर किया जा रहे हैं जिसमें कई एक बार शिकायत भी किया गया लेकिन स्थानिक प्रशासन अवैध कारोबारीयो पर रोक नहीं लगा सकी बल्कि उनको बढ़ावा देने का काम कर रही है। जो की लगातार सोशल मीडिया पर डीजल चोरी का वीडियो वायरल हो रहा है लेकिन प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## शादी के नाम पर अवैध रूप से धन उगाही करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

● 06 अभियुक्त/ अभियुक्ता गिरफ्तार उनके कब्जे से 30,000/- बरामद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर पर वादिनी मीरा देवी पत्नी अखिलेश शर्मा निवासिनी ग्राम ट्रास जमुना कालोनी, फ्रंस-2 जी 6-80 रामबाग, एत्माददौला जनपद आगरा द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध शादी हेतु रिश्ते का झासा देकर अवैध रूप से धन की उगाही करने के सम्बन्ध लिखित तहरीर दी गयी। उक्त प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0- 24/2026 धारा 3(5), 316(2), 318(4) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

'अपर्णा रजत कौशिक' पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु थाना प्रभारी राजगढ़ को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा मंगलवार को जरिये मुखबिर के सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्र से घटना उपरोक्त से सम्बन्धित 06 अभियुक्तों 1. जितेन्द्र पुत्र राममुरत निवासी दाउदपुर थाना चन्दौली जनपद चन्दौली, 2. रामविलाश पुत्र राजकुमार निवासी सवैया पट्टीदारी थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली, 3. महिमा पत्नी जितेन्द्र निवासी दाउदपुर थाना चन्दौली जनपद चन्दौली, 4. रीता पत्नी राजू निवासी लालपुर थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर, 5. जिऊती पत्नी संजय निवासी चौखड़ा (भागलपुर ) थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर व 6. मनीषा पुत्री मगरू निवासी भवानीपुर थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से अवैध अवैध उगाही की धनराशि 30,000 रूपये बरामद कर उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायाल भेजा गया।

**पूछताछ विवरण-** पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उनका एक संगठित गिरोह है जिसका मुखिया अजीत उपरोक्त है हम लोगों द्वारा फर्जी दुल्हन बनाकर व दुल्हन के रिस्तेदार-नातेदार बनकर शादी का झांसा देकर जरुरत मंद लोगो से ठगी करते है। इस प्रकार प्राप्त धन को आपस में बाट कर भौतिक सुख सुविधाओं का लाभ उठाते है।

## पीस कमेटी की बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने भाई चारे की तरह मिल जुल कर त्योहार मनाने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मीरजापुर।** क्षेत्र में आगामी महाशिवरात्रि, होली व रमजान के पर्व को सकुशल शांतिपूर्ण मनाने के लिये मंगलवार को सीओ अमर बहादुर सिंह व एसो राजीव कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व पर लगने वाले मेला, होलिका दहन व रमजान त्योहार पर लोगों से आने वाली समस्या की जानकारी ली। थाना अध्यक्ष ने सरकारी नम्बर के साथ प्राइवेट नम्बर दे कर किसी समस्या को अवगत कराने को कहा। सीओ ने पीस कमेटी मे मौजूद लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की तथा किसी भी प्रकार की अफवाह से बचने को कहा। त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बीट प्रभारियों को भी अपने क्षेत्र में पौनी नजर रखने ही हिदायत दी। इस मौके पर थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, एस आई श्याम लाल, महेन्द्र यादव, अच्छे लाल, गंगा सागर तिवारी, प्रशांत दूबे, राजेश मौर्य, लालजी मौर्य आदि सहित मजिस्द के इमाम व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बीएलओ ड्यूटी में लापरवाही के मामले में शिक्षिका चेतावनी के साथ बहाल




**भदोही।** भाग संख्या 276, प्राथमिक विद्यालय मर्यादपट्टी (कक्ष संख्या 03) में बीएलओ के पद पर तैनात की गई सहायक अध्यापिका रुखसाना बेगम अंसारी द्वारा कार्यभार ग्रहण न करने के मामले में की गई अनुशासनिक कार्रवाई के बाद उन्हें चेतावनी के साथ बहाल कर दिया गया है। निर्वाचन कार्य में लापरवाही को लेकर संबंधित शिक्षिका को पूर्व में निलंबित करते हुए विभागीय जांच कराई गई थी। जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत आख्या में आरोप पूर्ण रूप से प्रमाणित नहीं पाए गए। इसके पश्चात बेसिक शिक्षा परिषद नियमावली के तहत विभागीय कार्रवाई समाप्त करते हुए शिक्षिका को चेतावनी दी गई और पद पर पुनः बहाल किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## आईजीआरएस निस्तारण में भदोही पुलिस प्रदेश में अव्वल, लगातार सातवें माह प्रथम स्थान

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार की ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में भदोही पुलिस ने एक बार फिर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनवरी 2026 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में भदोही पुलिस को शीर्ष स्थान मिला है। इससे पूर्व जुलाई से दिसंबर 2025 तक लगातार छह माह भी जनपद भदोही पुलिस प्रथम स्थान पर रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा किए गए मूल्यांकन में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में भदोही पुलिस की निस्तारण कार्यवाही 100 प्रतिशत पाई गई। जनपद के सभी थानों द्वारा प्राप्त शिकायतों का भी पूर्ण निस्तारण किया गया, जिससे भदोही पुलिस की कार्यशैली को सराहना मिली। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा आईजीआरएस निस्तारण की स्वयं नियमित मॉनिटरिंग की जाती है। उनके निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सभी थाना प्रभारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जाते हैं।आईजीआरएस सेल के माध्यम से शिकायतों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग, समयबद्ध जांच और आवेदकों से फीडबैक लेने की व्यवस्था ने भदोही पुलिस को प्रदेश में अग्रणी बनाया है। इस उपलब्धि से पुलिस विभाग के कार्यों पर आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान बना धूमधाम



**मीरजापुर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन जिले के सभी शासकीय, मान्यता प्राप्त, और साथ निजी विद्यालयो और सभी ऑगनबाडी सेंटर में मनाया गया इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले के 19 वर्ष आयु खिलाया गया. 4 से तक के बच्चो को ये टेबलेट जिले के बच्चो का लक्ष्य 1353233 है। 30 फरवरी को मुख्य चिकित्सा अधिकारी नोडल अधिकारी एन0डी0डी0 (डा0 मुकेश प्रभारी) द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुआत डेफोडिल स्कूल डी. जे. कालोनी से की गई, वहाँ 550 बच्चो को दवाई खिलाई गई. वहा पर शाम 4 बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले के 915790 बच्चों ने. एल बेन्डाजोल की दवाई बचे हुए बच्चो को 13 फरवरी एलबेन्डाजोल टेबलेट खिलाई जाएगी।

## टाइनी टॉट्स स्कूल का वार्षिकोत्सव रेडियंस 2026 सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**आजमगढ़** शहर के मध्य स्थित टाइनी टॉट्स स्कूल का वार्षिकोत्सव रेडियंस 2026 हरी औध कला भवन में मनाया गया जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व गणेश वंदना से हुई जिसे लोगों ने बहुत सराहा छोटे बच्चों द्वारा बहुत सारे कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें वेलकम सोंग दादाजी की छड़ी हूं मैं शहीद भगत सिंह के बारे में एक छोटे बच्चों ने विवान सिंह ने बहुत अच्छी बातें बताई और एक प्रोग्राम था जिसमें आजकल के किसानों की समस्याओं को उजागर किया गया था साथ में कई हंसी खुशी के कॉमेडी प्रस्तुतियां भी हुई जिसमें विद्या को बढ़ावा देने के लिए थीम पर बच्चों ने डांस प्रस्तुत किया था महाभारत का नाटक प्रस्तुत किया गया जिसे लोगों ने बहुत सराहा हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई एकता के प्रतीक के रूप में कई प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई साथ ही इस सदी के दूसरे महान कलाकार धर्मेंद्र जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई कार्यक्रम के कुछ अन्य मुख्य कार्यक्रम रहे फैशन शो बैसाखी और प्लेन अहमदाबाद प्लेन क्रैश थीम पर बना कार्यक्रम को सबने खूब सराहा अंत में प्रधानाचार्य ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया और कहा कि बिना गार्जियन के सहयोग के कुछ भी संभव नहीं था टीचरों व बच्चों ने इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए बड़ी मेहनत की है कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नितिन गौर राजीव सिंह गप्पू राजेश्वर सिंह समस्त टीचर उपस्थित रहे जिनकी मेहनत को अंत मे प्रिंसिपल सर ने सराहा व धन्यवाद दिया।

## मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर लोजपा नेता ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** नई दिल्ली स्थित मंत्रालय में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान के नेतृत्व में पार्टी की उत्तर प्रदेश टीम ने केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव लड़ेगी और कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया।

इसी अवसर पर भदोही लोक जनशक्ति पार्टी टीम की ओर से प्रदेश महासचिव एवं भदोही प्रभारी कमल तिवारी ने चिराग पासवान को दो ज्ञापन सौंपे। पहला ज्ञापन भदोही जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रेषित था। ज्ञापन में बताया गया कि भदोही जिले में आधुनिक सुविधाओं से लैस कोई बड़ा अस्पताल नहीं है, जिससे गंभीर मरीजों को बाहर रेफर करना पड़ता है और कई बार रास्ते में ही दुर्घटनाएं हो जाती हैं।

दूसरा ज्ञापन सेमराधनाथ धाम को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने की मांग को लेकर केंद्रीय पर्यटन मंत्री एवं मुख्यमंत्री को भेजा गया। इसके अलावा प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे ने भदोही जिले से होकर गुजरने वाली वरुणा नदी की सफाई एवं संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर भदोही जिला उपाध्यक्ष राहुल तिवारी और शोभित कुमार उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन दो क्वाटर फाइनल मैच सम्पन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीखड़, मीरजापुर।** विंध्य क्रिकेट एसोसिएशन मीरजापुर के तत्वाधान में राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता,चुनार प्रीमियर लीग मिनी स्टेडियम मेड़िया, चुनार, मीरजापुर के ग्राउंड पर चल रहे खेल के चौथे दिन का पहला क्वाटर फाइनल मैच गाज़ीपुर क्रिकेट एसोसिएशन और विंध्य क्रिकेट एसोसिएशन के बीच खेला गया जिसमें विंध्य क्रिकेट एसोसिएशन टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया, गाज़ीपुर क्रिकेट एसोसिएशन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में कुल 203 रन बनाई जिसमें बालेबाजीअभिनव कुमार ने अकेले 93 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पिछा करते हुए विंध्य क्रिकेट एसोसिएशन कुल 170 रन पर आल आऊट हो गई। गाज़ीपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने यह मैच 33 रन से अपने नाम किया।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अभिनव कुमार को गौतम सिंह के द्वारा दिया गया, आगे दूसरा क्वाटर फाइनल मैच सोनभद्र और जगतपुर क्रिकेट अकादमी वाराणसी के बीच खेला गया।

जिसमें टॉस जीतकर सोनभद्र की टीम फील्डिंग करने का फैसला लिया, जागतपुर क्रिकेट अकादमी वाराणसी की टीम बालेबाज़ी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में कुल 236 रन बनाए जिसमें बल्लेबाजी करते हुए रौनक सिंह सर्वाधिक 94 रन बनाए।

वहीं लक्ष्य का पिछा करते हुए सोनभद्र की टीम 118 रन पर आल आऊट हो गई, जागतपुर क्रिकेट अकादमी वाराणसी ने दुसरे टीम को पराजित कर 118 रन से विजयी हुई, रौनक सिंह को मैन ऑफ द मैच प्रितेष सोनकर के द्वारा दिया गया । उक्त अवसर पर आयोजक कमिटी गौतम सिंह, रजत सिंह , प्रवीन सिंह किट्टू , नीतेश सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह, हेमंत पाण्डेय, अमित चतुर्वेदी, संजय सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह मौजूद एवं अंपायर पवन यादव, अमित बालखंडी स्कोरर प्रितेश शोनकर कॉमेंटेटर गौतम सिंह उपस्थित रहे।

## गोपालगंज सांसद डॉश आलोक कुमार सुमन ने लोकसभा में गंडक नदी डुमरिया में स्टील फ्रेम पुल निर्माण शीघ्र कराने की मांग की- प्रमोद कुमार पटेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपालगंज (बिहार)-** गोपालगंज की जनता के हित में एक और ऐतिहासिक कदम लोकसभा में गोपालगंज के लोकप्रिय सांसद सह जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉश आलोक कुमार सुमन ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं पुल राज्य मार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से गोपालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग 27(ईस्ट-वेस्ट- कॉरिडोर) डुमरिया स्थित गंडक नदी पर जर्जर एवं निर्माणाधीन पुल के जगह पर वर्तमान में पुल निर्माण हेतु आधुनिक तकनीक से स्टील फ्रेम (स्टील गार्डर) पुल का निर्माण कार्य नए सिरे से युद्ध स्तर पर किया जाए! यह मांग लोकसभा में डॉश आलोक कुमार सुमन ने किया जिसपर मंत्री श्री गडकरी ने शीघ्र पुल निर्माण कार्य सुरु करने का आश्वासन दिया! यह समस्या कई वर्षों से क्षेत्र की जनता के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है ,अब माननीय सांसद के अथक प्रयास से समाधान की दिशा में ले जाया गया प्रयास फल हो रहा है! गोपालगंजसुमन (यू0) पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने कहां की स्ट्रिल फ्रेम पुल निर्माण होने के उपरांत गोपालगंज जिला सहित सीमावर्ती क्षेत्रों के लाखों नागरिकों को सुरक्षित सुगम एवं निर्वाध आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी तथा क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी! बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जनता की आवाज की सेवा के साथ साथ राज्य का चौतरफा सर्वज्ञ विकास हो रहा है! और विकास जमीन पर दिखाई दे रहा है! सांसद डॉ0 आलोक कुमार सुमन के प्रयास से जिले का सर्वांगीण विकास हो रहा है और



गोपालगंज से बड़े-बड़े शहरों की ट्रेन शुभारंभ हो रही है और डॉश आलोक कुमार सुमन के लगातार प्रयास से बहुत जल्द सवेया हवाई अड्डा से लंबे दूरी की उड़ान भरी जाएगी!

## राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन 12 फरवरी को किया जायेगा आयोजित

**मीरजापुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तरप्रदेश द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर के तत्वाधान मे 12फरवरी को राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन स्थानीय राज स्थान इंटर कॉलेज देवपु र वा मीरजापुर मे आयोजित किया जायेगा।इस आशय की सूचना देते हुए जिला विज्ञान क्लब समन्वयक सुशील कुमार पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय गणित दिवस प्रसिद्ध गणितज्ञ सर श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के सम्मान मे मनाया जाता है।इस कार्यक्रम का उदेश्य छात्रों मे गणित के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हे गणितीय अध्ययन एवं करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम मे श्रीनिवास रामानुजन के गणित के योगदान पर फिल्म दिखाई जाएगी ।साथ ही गणित के विषय विशेषज्ञो द्वारा व्याख्यान दिये जाएगे।इस कार्यक्रम मे गणित पर आधारित मॉडल,पोस्टर,गणित प्रश्नोतरी भी आयोजित की जाएगी।प्रतियोगिता मे चयनित छात्रों को जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।इस




कार्यक्रम मे प्रतिभागिता हेतु जनपद के विद्यालयों के गणित क्लब के 10-10 छात्रों को बुलाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### जब तक संत और समाज एक साथ खड़े रहेंगे, तब तक भारत की आत्मा अडिग रहेगी-टी राजा



**नैनी, प्रयागराज।** सोमेश्वर घाट पर स्थित सनातन धर्म के शिविर में सोमवार की शाम तेलंगाना के चर्चित विधायक टी.राजा पहुंचकर शिव शक्ति पीठ के महंत गंगाधर जी महाराज से आशीर्वाद लिया। उनके साथ आध्यात्मिक चर्चा की तथा आश्रम में आयोजित संत समागम व सामूहिक भोजन में सहभाग किया।इस अवसर पर टी राजा ने कहा कि सनातन धर्म केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन पद्धति है। जब तक संत और समाज एक साथ खड़े रहेंगे, तब तक भारत की आत्मा अडिग रहेगी। गंगाधर जी महाराज ने भी उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि सनातन की रक्षा और संस्कृति के प्रचार में युवाओं व जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर आश्रम परिसर में भारी संख्या में श्रद्धालु, संतगण और सनातन प्रेमी उपस्थित रहे।

### दबंगो के द्वारा होटल मालिक की पिटाई के मामले में मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के नैनी रेलवे स्टेशन के समीप रविवार की रात खाना खत्म होने पर कुछ दबंग किस्म के लोगों ने होटल मालिक को जमकर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद एवं एक अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले में जांच- पड़ताल कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार नैनी रेलवे स्टेशन के समीप राजेश तिवारी ने भोजनालय की दुकान खोल रखी है। उन्होंने नैनी पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया, कि रविवार की रात कुछ लोग उसकी दुकान पर पहुंच कर खाने का आर्डर देने लगे। उसके द्वारा खाना खत्म हो गया बताने पर उन लोगों ने उसे जमकर मारा पीटा तथा कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया। एसीपी करछना के आदेश पर नैनी कोतवाली की पुलिस ने कुलदीप मिश्रा, अनिल भारतीया एवं एक अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले में जांच- पड़ताल कर रही है। नैनी कस्बा चौकी प्रभारी बलिराम कुमार ने बताया की आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए मेजा पैतृक गांव गया है जहां उनके घर पर ताला लगा हुआ है अब रात मे बनारस के लिए रवाना होंगे।

### पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक सोशल मीडिया पर लीक, दिल्ली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**ब्यूरो प्रयागराज।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की आगामी किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के कथित रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस पुस्तक को अभी संबंधित प्राधिकरणों से प्रकाशन की आवश्यक अनुमति नहीं मिली है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज फोरम पर ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी इंटरनेट पर साझा की जा रही है। इन दावों के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

शुरुआती जांच में पाया गया कि 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' शीर्षक से टाइपसेट की गई एक पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। यह कॉपी कथित रूप से पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई प्रतीत होती है। इसके अलावा कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म पर पुस्तक का फाइनल कवर भी इस तरह प्रदर्शित किया गया है, मानो वह बिक्री के लिए उपलब्ध हो।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, यह मामला एक ऐसी पुस्तक के संभावित लीक या गोपनीयता उल्लंघन से जुड़ा है, जिसे अभी आधिकारिक मंजूरी मिलना बाकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल सेल में केस दर्ज किया गया है और विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि पुस्तक की प्री-प्रिंट कॉपी ऑनलाइन कैसे पहुंची, इसमें किन लोगों या संस्थाओं की भूमिका हो सकती है, और क्या इसमें कॉपीराइट या अन्य कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन हुआ है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भ्रष्टाचार हमीरपुर में सहायक आयुक्त उद्योग समेत तीन अधिकारी निलंबित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** योगी सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए हमीरपुर जिले में भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के मामलों पर बड़ी कार्रवाई की है. जिला उद्योग कार्यालय में ऑनलाइन आवेदन और पत्रावली निस्तारण के नाम पर वसूली में संलिप्त पाए जाने पर सहायक आयुक्त उद्योग, सहायक प्रबंधक और जिला प्रबंधक सहित तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. यह कार्रवाई मुख्य विकास अधिकारी और अपर जिलाधिकारी हमीरपुर की संस्तुति पर गठित दो सदस्यीय जांच समिति की आख्या के आधार पर की गई है।

शासन को शिकायत मिली थी कि जिला उद्योग कार्यालय में कई सरकारी योजनाओं से जुड़े ऑनलाइन आवेदन, फाइल आगे बढ़ाने और निस्तारण के बदले लाभार्थियों से धन की मांग की जा रही है. शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन स्तर पर जांच कराई गई। जांच के दौरान प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए, जिसके बाद शासन ने सख्त कदम उठाते हुए तीनों अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश जारी किया।

निलंबित अधिकारियों में सहायक आयुक्त उद्योग रवि वर्मा, सहायक प्रबंधक संतोष राव और जिला प्रबंधक मिलन कुमार शामिल हैं. जांच आख्या में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी कार्यों में अनियमितता बरती और लाभार्थियों से अवैध वसूली की. अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार की ओर से विज्ञप्ति भी जारी की गई है।

विज्ञप्ति ने बताया गया है कि यह कृत्य न केवल सेवा नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सरकार की पारदर्शिता और ईमानदारी की नीति पर भी आघात है. इसी को ध्यान में रखते हुए शासन ने निलंबन की कार्रवाई की है और तीनों अधिकारियों के खिलाफ आगे की विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है।

अपर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी स्तर से यह स्पष्ट किया गया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक बिना किसी बाधा और बिना भ्रष्टाचार के पहुंचे, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है. अवैध वसूली या भ्रष्टाचार में शामिल किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

### लखनऊ वालों को मिली एक और स्पेशल ट्रेन की सौगात, स्लीपर की पांच और जनरल की होंगी 12 बोगियां



**लखनऊ।** रेलवे यात्रियों की सुविधाओं के लिए आजमगढ़ से लखनऊ होकर यशवंतपुर के लिए बुधवार को एक स्पेशल ट्रेन चलाएगा। इस ट्रेन में स्लीपर और जनरल बोगियां होंगी। 05009 स्पेशल आजमगढ़ से बुधवार को सुबह 5:05 बजे चलकर मऊ, बेलथरा रोड, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट होकर लखनऊ से दोपहर 3:55 बजे छूटेगी। यह ट्रेन कानपुर , उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन झांसी, ललितपुर, बीना, भोपाल, इटारसी, बैतूल, नागपुर, चन्द्रपुर, बल्लारशह, सिरपुर कागजनगर, काजीपेट, कांचीगुडा, महबूब नगर, कुर्नूल, अनंतपुर और धर्मावरम होते हुए शुक्रवार सुबह 10:30 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में स्लीपर की पांच और जनरल की 12 बोगियां होंगी।

## छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार की 'सड़क सुरक्षा माह एवं अभियान - फरवरी 2026' के अंतर्गत हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो.ओम प्रकाश की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ ग्रहण कराये जाने हेतु समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश ने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने और सड़क पर सुरक्षित रूप से चलने के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही उन्हें यह सुझाव दिया गया कि वे अपने सगे-संबंधियों और उनसे संबंधित लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। सड़क सुरक्षा समिति के सह-संयोजक डॉ. अवधेश कुमार आर्य ने शपथ दिलाई और सह-संयोजक डॉ. अर्चना राय ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर प्रो. सविता कुमारी श्रीवास्तव, प्रो. महेंद्र प्रसाद, डॉ. हेमलता, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. मंजरी मिश्रा, डॉ. नूर फातिमा, डॉ. सुरेश कुमार पटेल, डॉ. ऋषि प्रताप सिंह, डॉ. प्रिया तिवारी, डॉ. भावना सिंह, डॉ. राजेश कुमार यादव, डॉ. संदीप सामंत सिंह सहित प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गंगानगर जोन के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीम द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना 'मिशन शक्ति 5.0' के तहत पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक-10.02.2026 को गंगानगर जोन के समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों/मिशन शक्ति टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताकर जागरुक किया गया। टीम द्वारा बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के सम्बंध में जानकारी देकर जागरुक किया गया एवं सोशल मीडिया को सावधानी पूर्वक प्रयोग करने के लिये भी सुझाव दिया गया। किसी भी शोहदों द्वारा परेशान करने पर तत्काल डायल-112 अथवा मिशन शक्ति टीम से शिकायत करने करने को बताया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर जैसे पुलिस आपात सेवा-112, वूमेन पावरलाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, सीएम हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930 व मिशन शक्ति केन्द्र आदि के बारें में जानकारी देकर जागरुक किया गया तथा पम्पलेट वितरित किया गया।

### पद्माकर त्रिपाठी IRWA के गवर्निंग काउंसिल में कार्यकारी सदस्य जनसंपर्क नामित



**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको फूलपुर इकाई में प्रबंधक प्रशासन के। पद। से सेवा निवृत पद्माकर त्रिपाठी को irwa गवर्निंग काउंसिल में कार्यकारी सदस्य जनसंपर्क नामित किया गया है। यह संस्था इफको से सेवा निवृत अधिकारियों के कल्याण के लिए गठित की गई है जो रजिस्टर्ड संस्था है।

संस्था सेवानिवृत सदस्यों की आर्थिक शारीरिक अस्वस्थता की समस्या के हल के लिए उसके निदान के लिए प्रयास करती है और इफको संस्था से संपर्क करके कर्मचारी की हर संभव मदद करने का प्रयास करती है। इसी क्रम में अभी संस्था के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने इफको के प्रबंध निदेशक केजे पटेल जी से मुलाकात की और आवेदन पत्र देकर इफको की *इरवा का प्रतिनिधि इफ़को बेनेवॉलेंट फण्ड ट्रस्ट में मनोनीत करने का अनुरोध किया। इफको के प्रबंध निदेशक ने इस पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। यह जानकारी कार्य समिति के सदस्य जनसमर्क पद्माकर त्रिपाठी ने दी।

## नैनी व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने महामंडलेश्वर स्वामी विनयानंद जी का भव्य स्वागत किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी,प्रयागराज।** श्री हरि धाम पीठाधीश्वर एवं निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी विनयानंद गिरी जी महाराज ने मंगलवार को नैनी क्षेत्र के भ्रमण पर थे। उसी दौरान उन्होंने मेवालाल बगिया स्थित एक प्रतिष्ठान पर पहुंचकर नैनी व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुभाष केसरवानी से मुलाकात की और क्षेत्र के सामाजिक व व्यापारिक विषयों पर चर्चा की।इसके पश्चात महामंडलेश्वर स्वामी विनयानंद गिरी जी महाराज कॉटन मिल तिराहा स्थित पत्रकार देवाशीष श्रीवास्तव के आवास पहुंचे,जहां उन्होंने पत्रकार की भतीजी मानसी श्रीवास्तव के विवाह की आशीर्वाद देते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाराज जी का फूल-मालाओं और जयघोष के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी विनयानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं और सत्य, सेवा व संस्कार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्कारवान परिवारों से ही समाज को दिशा देने वाली पीढ़ी तैयार होती है।

पत्रकार राहुल जायसवाल एवं पत्रकार देवाशीष श्रीवास्तव ने महाराज जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संतों का सान्निध्य जीवन को सकारात्मक ऊर्जा और नई दिशा देता है। उनके आशीर्वाद से परिवार को आत्मबल और प्रेरणा मिलती है। वहीं समाजसेवी एवं व्यापारी नेता घनश्याम जायसवाल ने कहा कि महामंडलेश्वर जी का नैनी आगमन क्षेत्र के लिए सौभाग्य का विषय है। उनके विचार समाज में नैतिकता, सेवा और समरसता को मजबूत करते हैं।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रवि पाठक,राहुल जायसवाल, राकेश गुप्ता, समाजसेवी पवन द्विवेदी,कमलेश यादव सहित बड़ी संख्या में पत्रकार,व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महाराज जी के सान्निध्य में पूरा वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण नजर आया।

## अदालत का फैसला पॉक्सो एक्ट में दोषी देवशाह को कठोर उम्रकैद की सजा, एक लाख रूपये अर्थदंड, न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद

- **करीब साढ़े तीन वर्ष पूर्व 8 वर्ष की नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/** उत्तर प्रदेश- करीब साढ़े तीन वर्ष पूर्व खेलने गई 8 वर्ष की नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट में दोषसिद्ध पाकर दोषी देवशाह को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जो उसके शेष प्राकृतिक जीवन काल के लिए कारावास रहेगा। उसके ऊपर एक लाख रूपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने 13 जून 2022 को चोपन थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 12 जून 2022 को शाम 4 बजे उसकी 8 वर्षीय नाबालिग बेटी खेलने गई थी जहां देवशाह पुत्र लालता प्रसाद निवासी कैम्हापान पनारी, थाना चोपन, जिला सोनभद्र ने दुष्कर्म किया और धमकी देकर कहा कि घर पर बताना कि कुत्ता काट लिया है, चला गया। जब बेटी को लेकर अस्पताल गया तो डॉक्टर ने कहा कि कुत्ता नहीं काटा है। पहले एफआईआर दर्ज करवा कर आओ तब इलाज होगा। इस तहरीर पर चोपन पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 8 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर पॉक्सो एक्ट में दोषी देवशाह (30) वर्ष को कठोर उम्रकैद जो उसके शेष प्राकृतिक जीवनकाल के लिए कारावास होगा एवं एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## एआई के दौर में सुरक्षित इंटरनेट के प्रति जागरूक हुए अधिकारी और छात्र

- **Safer Internet Day-2026 पर कलेक्ट्रेट समेत कई संस्थानों में हुई जिला स्तरीय कार्यशाला**

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश** – इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार और उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद में सोमवार को 'Safer Internet Day-2026' के अवसर पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार, राजकीय पॉलिटेक्निक और आईटीआई दुद्धी में आयोजित इन कार्यक्रमों में विशेषज्ञों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और साइबर सुरक्षा की बारीकियों को समझाया।

**स्मार्ट तकनीक के साथ सुरक्षित विकल्प जरूरी**

इस वर्ष की थीम 'Smart Tech, Safe Choices' पर केंद्रित रही। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने अपने संबोधन में कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल तकनीकों का सकारात्मक और सुरक्षित उपयोग विकास की गति को तेज करता है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम शासकीय कार्मिकों एवं आमजन को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (DIO) निजामुद्दीन अंसारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा और डाटा एनालिस्ट सूर्य प्रकाश ने कार्यशाला में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन धोखाधड़ी और वित्तीय साइबर अपराधों से कैसे बचें, सोशल मीडिया का उत्तरदायी और सुरक्षित उपयोग कैसे करें, एआई (AI) का विवेकपूर्ण प्रयोग कैसे किया जाए ताकि इसके जोखिमों से बचा जा सके,विभिन्न विभागों की रही सहभागिता,एनआईसी (NIC) सोनभद्र के सहयोग से आयोजित इन कार्यशालाओं में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, इसी क्रम में पॉलिटेक्निक और आईटीआई दुद्धी में संबंधित प्रधानाचार्यों के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला प्रशासन के अनुसार, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है ताकि डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों को सुरक्षित तरीके से प्राप्त किया जा सके।

## पीएम केयर्स: पीएमओ ने लोकसभा से कहा- संसद में कोई सवाल नहीं पूछा जा सकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने लोकसभा सचिवालय को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पीएम केयर्स फंड, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) और राष्ट्रीय रक्षा कोष (एनडीएफ) से संबंधित कोई भी सवाल या मामले लोकसभा में स्वीकार्य नहीं होंगे। यह जानकारी 'द इंडियन एक्सप्रेस' ने सूत्रों के हवाले से लिखी गई एक रिपोर्ट में दी है।

इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक पीएमओ ने 30 जनवरी को लोकसभा सचिवालय को सूचित किया कि लोकसभा में नियमों के तहत इन कोषों पर प्रश्न या चर्चा की अनुमति नहीं है। पीएमओ ने नियम 41(2)(viii) और 41(2)(×vii) का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि सवाल ऐसे विषयों से संबंधित नहीं होने चाहिए जो मुख्य रूप से भारत सरकार की चिंता नहीं हैं या जिन पर ऐसे निकाय या व्यक्ति नियंत्रण रखते हैं जो मुख्य रूप से सरकार के प्रति जवाबदेह नहीं हैं।

पीएमओ की ओर से दिया गया मुख्य कारण यह है कि इन तीनों कोषों का कोष पूरी तरह से जनता के स्वैच्छिक योगदान से बनता है, न कि भारत सरकार के (Consolidated Fund of India) किसी आवंटन से। इसलिए ये कोष सरकार के प्रत्यक्ष नियंत्रण में नहीं माने जाते। पीएमओ ने सलाह दी है कि यदि इन कोषों पर कोई प्रश्न, नोटिस या विशेष उल्लेख की सूचना मिले तो प्रावधानों का पालन किया जाए।

पीएम केयर्स फंड की स्थापना 27 मार्च 2020 को एक पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के रूप में की गई थी, ताकि कोविड-19 महामारी जैसी आपात स्थितियों से निपटा जा सके। 2022-23 के प्राप्ति और भुगतान खाते के अनुसार, मार्च 2023 के अंत तक इस फंड में 6,283.7 करोड़ रुपये का बैलेंस था। उसके बाद इस फंड के बारे में कोई जानकारी नहीं आई कि इसमें कितना पैसा है। पीएमएनआरएफ की स्थापना जनवरी 1948 में हुई थी, जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं और दंगों से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करता है और यह भी जनता के योगदान पर आधारित है। वहीं राष्ट्रीय रक्षा कोष (एनडीएफ) सशस्त्र और अर्धसैनिक बलों तथा उनके परिवारों के कल्याण के लिए काम करता है, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब विपक्ष और विभिन्न पक्षों से इन कोषों की पारदर्शिता, ऑडिट और जवाबदेही को लेकर सवाल उठते रहे हैं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में पीएम सीएरर्ब्ब्स फंड को एनडीआरएफ में ट्रांसफर करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि दोनों के उद्देश्य अलग हैं तथा पीएम केयर्स एक चैरिटेबल ट्रस्ट होने के कारण छ्त्र ऑडिट के दायरे में नहीं आता।

## भारत ने ट्रंप के दावों का खंडन नहीं किया, तेल खरीद को 'राष्ट्रीय हित' से जोड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि भारत की तेल आयात नीति पूरी तरह से 'राष्ट्रीय हितों' पर टिकी है। हालांकि, उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे का खंडन नहीं किया जिसमें कहा गया था कि भारत ने रूसी तेल की खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश (E&ecutive Order) जारी करते हुए भारत पर लगाए गए 25% टैरिफ को रद्द कर दिया था। इस आदेश में ट्रंप ने दावा किया था कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करने पर सहमत हो गया है और अब वह अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए अमेरिका और वेनेजुएला जैसे देशों की ओर रुख करेगा।

इस मुद्दे पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सीधे सवालों पर विदेश सचिव मिसरी ने ट्रंप के बयान की न तो पुष्टि की और न ही उसे नकारा। उन्होंने केवल इतना कहा, 'चाहे वह सरकार हो या हमारा व्यापारिक क्षेत्र, हमारे निर्णयों के पीछे 'राष्ट्रीय हित' ही मुख्य वजह होती है। ' विदेश सचिव ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा नीति को समझाते हुए कहा कि भारत अपनी आपूर्ति के स्रोतों को विविधता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहाः 'हमारी रणनीति आपूर्ति के कई स्रोत बनाए रखने की है। हम जितने अधिक विविध होंगे, उतने ही सुरक्षित रहेंगे। हमारी प्राथमिकता पर्याप्त उपलब्धता, उचित मूल्य निर्धारण और आपूर्ति की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। '

### हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा के काफिले की गाड़ी ने स्कूटी में मारी टक्कर, महिला घायल; कार भी क्षतिग्रस्त

**गभाना (अलीगढ़)।** हाईवे पर गांव पला सल्लू के पास सोमवार शाम मासूम शर्मा के काफिले में शामिल एक कार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम करीब सात बजे हरियाणवी गायक मासूम शर्मा नुमाइश में कोहिनूर मंच पर प्रस्तुति देने के लिए अपने काफिले के साथ जा रहे थे। इसी दौरान उनके काफिले में शामिल भाजपा का झंडा लगी एक कार अनियंत्रित हो गई। कार ने सामने से आ रही स्कूटी को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे एक खाली प्लाट से जा गिरी। हादसे में स्कूटी सवार चूहरपुर निवासी बृजेश देवी घायल हो गई। सांसद भी मौक़े पर पहुंचे। उन्होंने घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया। थाना प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि गायक का मुख्य काफिला आगे निकल चुका था। टक्कर मारने वाली कार के नंबर के आधार पर जानकारी जुटाई जा रही है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालय में नए प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने संभाला पदभार



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही में गुरुवार को नए प्राचार्य के पदभार ग्रहण का समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक नरसिंह शर्मा ने नवागत प्राचार्य पुष्प कुमार झा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा उनके शैक्षिक अनुभव और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। पदभार ग्रहण के पश्चात अपने संबोधन में नवनियुक्त प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने कहा कि वे विद्यालय को शैक्षिक, नैतिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्थान शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी प्रदान करता है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय की प्रगति में शिक्षकों, छात्रों एवं अभिभावकों के सहयोग को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से नए प्राचार्य को शुभकामनाएँ दी गई और उनके सफल कार्यकाल की कामना की गई।

### तालबेहट में मारपीट का मामला

**एक ही घटना को लेकर दो पक्षों की ओर से क्रॉस एफआईआर दर्ज**

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम पिपरई/पटा में खेत में भैंस चले जाने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 08 फरवरी 2026 को अपराह्न करीब 3 बजे खेत में भैंस चले जाने की बात को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी तक पहुंच गई। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाना तालबेहट में रिपोर्ट दर्ज कराई। पहले पक्ष की ओर से रमेश पुत्र कनई यादव, निवासी ग्राम पटा ने थाना तालबेहट में एफआईआर दर्ज कराई। तहरीर में आरोप लगाया गया कि खेत में भैंस चले जाने को लेकर राजा सिंह व हरिश्चंद्र ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 352 व 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से राजा सिंह पुत्र साखूलाल यादव ने आरोप लगाया कि खेत में पशु भगाने को लेकर रमेश, जहान, सुजान व सतेंद्र ने उनके साथ तथा उनके पुत्र के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में भी पुलिस ने समान धाराओं 115(2), 352 व 351(3) बीएनएस में केस दर्ज किया है।

### बिजली संकट से जूझ रहे गनगौरा के ग्रामीण, कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**ललितपुर।** सदर तहसील अंतर्गत नैगांव कलां की ग्राम पंचायत गनगौरा में लंबे समय से विद्युत आपूर्ति बाधित होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल कराए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि गांव में बीते 1 मार्च से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे किसानों और आम ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समय फसलों की सिंचाई के लिए बिजली की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है, लेकिन बिजली न होने के कारण किसान समय पर सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। परिणामस्वरूप खेतों में खड़ी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं, जिससे किसानों की मेहनत और लागत दोनों खतरे में पड़ गई हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में तैनात एक लाइनमैन ने मिलीभगत के चलते विद्युत लाइन को काट दिया है, जिसे अब तक जोड़ा नहीं गया। इसके चलते किसान वैकल्पिक साधनों से सिंचाई करने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। वहीं गांव में बिजली न होने से पेयजल, घरेलू कार्य और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल विद्युत आपूर्ति बहाल कराई जाए तथा दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो किसान और ग्रामीण आंदोलन को मजबूर होंगे।

# जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएँ, समाधान को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**●लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी शिकायतकर्ताओं की बातें ध्यानपूर्वक सुनीं और आश्वासन दिया कि सभी मामलों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।

**जल-नल योजना से वंचित महिला की समस्या पर सख्त रुख**

ग्राम नारायणपुर, पोस्ट नावागढ़, थाना लातेहार की निवासी मानो देवी ने बताया कि उनके घर से लगभग 100 मीटर दूरी पर जल मीनार स्थापित है और आसपास के अधिकांश घरों में पाइपलाइन से जलापूर्ति हो रही है, लेकिन अब तक उनके घर तक कनेक्शन नहीं दिया गया है। इस कारण उन्हें दूर से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तुरंत जांच कराने तथा पात्रता अनुसार शीघ्र पाइपलाइन कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्थानीय स्तर पर किसी भी प्रकार की बाधा को दूर कर योजना का लाभ सुनिश्चित कराया जाए।

**अन्य शिकायतों पर भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए भौतिक सत्यापन कर जल्द समाधान सुनिश्चित करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में जन समस्याओं के निवारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**नियमित रूप से जारी रहेगा जन शिकायत निवारण**

उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले के आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जन शिकायत निवारण शिविर का नियमित आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन का लक्ष्य है कि हर शिकायतकर्ता को समय पर समाधान उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

### पुरानी रंजिश में युवक पर लाठी-डंडों से हमला

**दो नामजद पर एफआईआर दर्ज**

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम नथौनीखेड़ा मजरा बसेरा में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित नत्थीखेड़ा के मजरा बसेरा निवासी घनश्याम पुत्र मानलाल ने बताया कि 8 फरवरी 2026 की शाम करीब 7.30 बजे वह अपने घर के बाहर कच्चे रास्ते पर खड़ा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही जितमान लोधी और ललित लोधी पुत्रगण घनराज उर्फ पप्पू वहां पहुंचे और लाठी-डंडों व लात-घूंसों से उसके साथ मारपीट की। मारपीट में उसे चोटें आईं। आरोप है कि हमलावरों ने उसकी मां-बहन के खिलाफ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया और थाने में रिपोर्ट करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना पर थाना पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत एफआईआर पंजीकृत की है।

## आजसू जिला अध्यक्ष ने वार्ड 24 की निर्दलीय प्रत्याशी संगीता कुमारी को दिया नैतिक समर्थन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवघर, झारखंडः-** आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने देवघर नगर निकाय चुनाव के तहत वार्ड संख्या 24 से निर्दलीय प्रत्याशी संगीता कुमारी, पति दिनेश कुमार यादव को अपना पूर्ण नैतिक समर्थन देने की घोषणा की है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने कहा कि संगीता कुमारी एक कर्मठ, ईमानदार एवं जनसेवा के प्रति समर्पित प्रत्याशी हैं। वार्ड 24 की जनता के बीच उनकी मजबूत पकड़ तथा सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी उन्हें एक योग्य एवं सक्षम प्रतिनिधि बनाती है। उन्होंने कहा कि वार्ड के समुचित विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, नाली एवं प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दिलाने के उद्देश्य से आजसू पार्टी ने उन्हें समर्थन देने का निर्णय लिया है।

आदर्श लक्ष्य ने आगे कहा कि आजसू पार्टी जनहित और क्षेत्रीय विकास की राजनीति में विश्वास रखती है तथा नगर निकाय में ऐसे प्रतिनिधियों को आगे बढ़ाना चाहती है जो जनता की आवाज को मजबूती से उठाएं और विकास कार्यों को गति दें। उन्होंने वार्ड 24 की देवतुल्य जनता से अपील की कि वे संगीता कुमारी को भारी मतों से विजयी बनाकर क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करें। गौरतलब है कि कल शाम उनके आवासीय कार्यालय पर जिला अध्यक्ष श्री आदर्श लक्ष्य का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आगामी चुनाव में जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। मौके पर पार्टी के कई पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सेवा ही श्रेष्ठ साधना है, विहिप के सेवा प्रकल्प में छात्रों के बीच नवीन वस्त्रों का वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** सेवा ही श्रेष्ठ साधना है, जो मानव को देवत्व की ओर ले जाती है और उपयुक्त समय आने पर ईश्वर के दर्शन का माध्यम बनती है। इसी विचार को साकार करते हुए विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग के सेवा प्रकल्प 'बिरसा विद्या मंदिर', डेमोटांड़ में वस्त्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों की सहायता के साथ समाज में सेवा और समरसता का संदेश भी प्रसारित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रभक्ति गीतों और सेवा संकल्प के साथ हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बरही के क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू उपस्थित रहे। साथ ही विहिप के प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सह जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, पूर्णकालिक कार्यालय प्रभारी संजय सिंह और संघ के प्रथम वर्ग प्रशिक्षित रंजीत चंद्रवंशी ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने किया।

समारोह के दौरान विद्यालय के दर्जनों छात्रों के बीच नए वस्त्र वितरित किए गए। नए कपड़े पाकर बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता और संतोष स्पष्ट दिखाई दिया, जिसने कार्यक्रम के उद्देश्य को सार्थक बना दिया। उपस्थित पदाधिकारियों ने बच्चों को अपने हाथों से वस्त्र प्रदान किए और उन्हें मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा दी। अपने संबोधन में प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन ने कहा कि सेवा कार्य केवल मदद नहीं, बल्कि समाज के प्रति कर्तव्य है। उन्होंने बिरसा विद्या मंदिर जैसे प्रकल्पों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा के साथ संस्कारों का भी बीजारोपण कर रहे हैं। त्रिवेणी साहू ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। संघ और परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के उत्थान के लिए समर्पित है और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने इस कार्य की सराहना की।

### बार में नीलगाय के बछड़े से टकराई बाइक, मौके पर मौत

**ललितपुर।** बार कस्बे के लड़वारी रोड स्थित इंडेन गैस एजेंसी के पास मंगलवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। रोंडा निवासी सचिन अहिरवार अपनी सुपर स्प्लेंडर बाइक से बहन के घर जा रहे थे, तभी खेतों की ओर से अचानक एक नीलगाय का बछड़ा सड़क पर आ गया और बाइक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बछड़ा करीब 20 मीटर तक घिसटता चला गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक तेज रफ्तार में थी, जिससे चालक संभल नहीं सका। हादसे के बाद आसपास खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम भी पहुंची तथा बाइक चालक को थाने ले गयी घटनास्थल पर एक संदिग्ध बैग देखे जाने की भी चर्चा रही, जो पुलिस पहुंचने से पहले गायब हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क किनारे से मिट्टी उठाने के कारण गहरी खाई बन गई है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में रमपुरा कठवर गांव के पास एक स्कॉर्पियो भी खाई में गिर चुकी है।

## देवघर नगर निगम व मधुपुर परिषद चुनाव में आजसू पार्टी ने निर्दलीयों को दिया खुला समर्थन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवघर, झारखंडः-** बीते मंगलवार को आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य के आवासीय कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में देवघर नगर निगम चुनाव को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा संगठन की आगामी रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने घोषणा की कि आजसू पार्टी देवघर नगर निगम अंतर्गत सभी 36 वार्डों में प्रत्येक वार्ड से ऐसे एक-एक निर्दलीय प्रत्याशी को समर्थन देगी, जो सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और समग्र विकास की बात करता हो। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य किसी विशेष दल का नहीं, बल्कि देवघर की देवतुल्य जनता के हितों का समर्थन करना है। जो भी प्रत्याशी जनता की मूलभूत समस्याओं – सड़क, नाली, जलापूर्ति, स्वच्छता और स्थानीय रोजगार – को प्राथमिकता देगा, आजसू पार्टी उसका साथ देगी। इसके साथ ही बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि मधुपुर नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी अनु गुप्ता को पूर्णरूपेण समर्थन दिया जाएगा। पार्टी ने मधुपुर नगर परिषद के सभी 23 वार्डों में भी सामाजिक सोच और विकास के प्रति प्रतिबद्ध निर्दलीय प्रत्याशियों को समर्थन देने की घोषणा की। जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने कहा कि आजसू पार्टी सदैव जनहित, सामाजिक समरसता और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने सभी समर्थित प्रत्याशियों की प्रचंड जीत की कामना करते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ मैदान में उतरें तथा जनता के बीच पार्टी की विचारधारा और समर्थन का संदेश पहुँचाएं। बैठक में पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के आलोक में 150 गर्भवती महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 फरवरी को 150 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच केंद्र के डॉक्टर अभय श्राफ और वसीम रजा ने की। स्वास्थ्य परीक्षण के क्रम में चिकित्सकों ने रक्त, रक्तचाप, आयरन और वजन की जांच की तथा आवश्यकता के अनुसार दवा भी दी। इस अवसर पर चिकित्सकों ने महिलाओं को मौसमी फल और सब्जियां भोजन में शामिल करने को कहा। वहीं गर्भावस्था में घरेलू भारी भरकम काम न करने और हल्के घरेलू कार्य करने की सलाह दी ताकि शारीरिक सक्रियता बनी रहे। ज्ञात रहे कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक महीने की 9 तारीख को स्वास्थ्य जांच की जाती है। यदि छुट्टी रहती है तब दूसरे दिन जांच की जाती है। इस अभियान को सफल बनाने में डॉक्टर गंगा शरण साह, तकनीशियन निगेश प्रसाद, अटल प्रसाद, अलखनिरंजन प्रसाद, राजकुमार, नित्य पाल, शैलेंद्र सोरेन, प्रभात कुमार और केंद्र की नर्सों का पूरा सहयोग रहा है। आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य सहियाओं की सराहनीय पहल देखी जाती है। मिली जानकारी के अनुसार इस अभियान में प्रखण्ड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से गर्भवती महिलाएं सहिया के साथ आती रही हैं। स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति महिलाओं की जागरूकता बढ़ी है। बताया जाता है कि स्वास्थ्य परीक्षण से प्रसव के समय असुविधा नहीं होती।

### हमने यह ठाना है कि फाइलेरिया मुक्त पाकुड़ बनाना है : मेडिकल स्टाफ



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** हमने यह ठाना है कि फाइलेरिया मुक्त पाकुड़ बनाना है। इसी दृढ़ विश्वास और संकल्प के साथ 9 फरवरी को प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भरत भूषण भगत के सौम्य सानिध्य में सभी मेडिकल स्टाफ तत्परता पूर्वक 10 से 25 फरवरी तक पाकुड़िया प्रखंड में विशेष अभियान के तहत प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 10 को तथा 11 फरवरी से डोर-टू-डोर जाकर एक लाख लोगों को फाइलेरिया नाम की घातक बीमारी की समाप्ति के लिए दवा खिलाएंगे। 10 फरवरी को प्रखंड के बनो ग्राम पंचायत के ग्राम पलासी आंगनवाड़ी केंद्र पर लोगों को दवा खिलाते हुए केंद्र की सेविका किरण कुमारी देवी व सहायिका दिखाई दीं। बुधवार को डोर-टू-डोर फाइलेरिया की दवा लोगों को खिलाई जाएगी।

## नगर भवन बरही में मोटिवेशनल सह कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम हुआ आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** नगर भवन बरही में श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के तत्वाधान में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को मार्गदर्शन देने हेतु एक भव्य मोटिवेशनल सह कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'ड्रीम बिग–सीबीएसई टुडे, आईएएस-आईपीएस टुमॉरो' रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में गुरुकुल के निदेशक जेपी जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार ने की। संचालन का दायित्व अमरजीत पांडेय ने निभाया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि को बुके, शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अपने प्रेरक संबोधन में जेपी जैन ने कहा कि शिक्षा समाज निर्माण की आधारशिला है और शिक्षक उसी प्रकार विद्यार्थियों के भविष्य को संवारते हैं जैसे मूर्तिकार मूर्ति गढ़ता है। उन्होंने छात्रों को परीक्षा की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स दिए और कहा कि दसवीं के बाद संकाय चयन रुचि और लक्ष्य के आधार पर होना चाहिए। साथ ही आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों–सरकारी सेवा, एकाउंटिंग, सीए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डॉक्टर, इंजीनियर आदि–की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि हर छात्र को सोशल इंजीनियर बनने का संकल्प लेना चाहिए ताकि समाज और देश की सेवा की जा सके। यूपीएससी, जेपीएससी जैसी परीक्षाओं की तैयारी के साथ वैकल्पिक योजना रखना भी जरूरी है। जैन ने एनसीईआरटी की पुस्तकों के गहन अध्ययन, अनुशासन, समय प्रबंधन और मोबाइल के सीमित उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत और समर्पण से सफलता प्राप्त की जा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अपने करियर संबंधी प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर मुख्य अतिथि ने सरल और प्रेरणादायी शब्दों में दिया। यह सत्र छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि अक्सर विद्यार्थी दसवीं के बाद बोर्ड बदल लेते हैं, जबकि सीबीएसई बोर्ड विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर और व्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि एक ही विद्यालय में पढ़ाई जारी रखने से शिक्षक और छात्र के बीच बेहतर सामंजस्य बनता है, जिससे सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण मिलता है और विद्यार्थी बिना दबाव आगे बढ़ पाते हैं। विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार ने कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल बच्चों को सिर्फ किताबी शिक्षा ही नहीं, बल्कि उनके सपनों को साकार करने का मंच भी प्रदान कर रहा है। उनका लक्ष्य है कि हर छात्र आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़े और समाज व देश का नाम रोशन करे।

## 'आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी' की हुई धमाकेदार शुरुआत, उद्घाटन मैच में रामपुर रहा विजयी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवीपुर, देवघर, झारखंडः-** देवीपुर बाजार स्थित ऐतिहासिक मैदान में देवेंद्र दास मेमोरियल क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 'आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी' क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। उद्घाटन समारोह में देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य उर्फ भैया जी ने फीता काटकर तथा खिलाड़ियों के बीच टॉस कराकर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की। इस दौरान मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। टूर्नामेंट के पहले मैच में पातार डीह और रामपुर की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। निर्धारित ओवरों के इस मैच में रामपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पातार डीह को 50 रनों से हराकर विजयी आगाज़ किया। मैच के दौरान बल्लेबाजों की तेजतर्रार पारी और गेंदबाजों की सटीक लाइन-लेंथ ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। उद्घाटन कार्यक्रम में आयोजक सचिन कुमार दास और संदीप कुमार ने मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट समाजसेवी स्वर्गीय देवेंद्र दास की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है, जिनका सामाजिक योगदान स्थानीय समुदाय के लिए प्रेरणास्रोत रहा है।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए आदर्श लक्ष्य ने कहा कि खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, एकता और सौहार्द का माध्यम है। उन्होंने घोषणा की कि स्वर्गीय देवेंद्र दास की स्मृति में आयोजित यह टूर्नामेंट अब हर वर्ष नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि खेल गतिविधियाँ युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं और समाज निर्माण में उनकी भूमिका मजबूत बनाती हैं। मुख्य अतिथि ने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं और आश्वासन दिया कि देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में हर संभव सहयोग करेगा। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं, जिससे आने वाले दिनों में कई रोमांचक मुकाबले होने की उम्मीद है। स्थानीय खेल प्रेमियों और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने उद्घाटन समारोह की गरिमा को और बढ़ा दिया। देवीपुर में आयोजित यह प्रतियोगिता क्षेत्र की युवा शक्ति में नई ऊर्जा का संचार कर रही है और स्थानीय स्तर पर खेल संस्कृति को प्रोत्साहन दे रही है।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर छात्रों को मिली साइबर सुरक्षा व AI की जानकारी

**●ओमेंद्र सिंह ने डिजिटल खतरों से बचाव के बताए उपाय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार उपायुक्त लातेहार के निर्देशानुसार बीते मंगलवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, लातेहार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस-2026 के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल अपराधों और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC), लातेहार के ओमेंद्र सिंह रहे। अपने संबोधन में उन्होंने फिशिंग, ऑनलाइन ठगी, फर्जी वेबसाइट, मैलवेयर तथा AI आधारित साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की मदद से साइबर खतरों की पहचान, रोकथाम और नियंत्रण अधिक प्रभावी ढंग से किया जा रहा है।

श्री सिंह ने छात्रों को मजबूत पासवर्ड के उपयोग, संदिग्ध लिंक से बचने, व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल पर विशेष रूप से जोर दिया। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (DIO), लातेहार ने भी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि द्ढ तकनीक सरकारी एवं निजी संस्थानों में साइबर सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिससे साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो पा रहा है। कार्यक्रम में ADIO लातेहार, साइबर थाना पुलिस, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य राजू हांसदा, शिक्षकगण, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा NIC लातेहार की टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने साइबर सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया।

## फुलवरिया में विधायक मनोज यादव ने कलश यात्रा का किया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड अंतर्गत बेलाही पंचायत के फुलवरिया में आयोजित शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ मंगलवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने मुख्य पुजारी मुंशी यादव सहित अन्य श्रद्धालुओं को कलश सौंपकर यात्रा को रवाना किया। विधायक ने कहा कि भक्ति और उत्साह से भरे इस वातावरण में सम्मिलित होकर मन अत्यंत प्रसन्न है। कहा ऐसे धार्मिक आयोजनों से न केवल गांव में भक्ति का संचार होता है, बल्कि यज्ञ से वातावरण का शुद्धिकरण भी होता है। कलश यात्रा में 501 महिलाओं एवं कन्याओं ने माथे पर कलश लेकर गाँव का भ्रमण किया। यज्ञ समिति के संरक्षक सह ब्रह्मर्षि समाज के अध्यक्ष सुधीर सिंह, अध्यक्ष दीपू सिंह, सचिव सुरेश सिंह और कोषाध्यक्ष मुंशी यादव ने मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर स्थानीय मुखिया मंटु सिंह, सांसद सह प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, जिप सदस्य आरती कौशल, पंचायत समिति सदस्य विकास रजक, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, भाजपा नेता सुनील सिंह, कपिलदेव यादव, संजय सिन्हा, पिंटू सोनी, विजय साव, सुधीर कौशल, मधु यादव, विजय सिंह, प्रेमधारी दांगी, मनीष सिंह और राजेन्द्र चंद्रवंशी समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कोंच-उरई सड़क मार्ग पर लगा दिया डस्ट का ढेर, रात के अंधेरे में टकराए वाहन

**सीओ ने कोतवाली पुलिस को दिए कार्यवाही के निर्देश**

**कोंच(जालौन)-** कोंच- उरई सड़क मार्ग पर स्थित ग्राम पनयारा के समीप सोमवार/मंगलवार की रात एक बड़ी लापरवाही ने तमाम राहगीरों की जान खतरे में डाल दी। बीच सड़क पर लगाया गया डस्ट का बड़ा ढेर हादसों की वजह बना। रात के अंधेरे में नजदीक आने पर डस्ट नजर न आने से कई तेज़ रफ्तार वाहन डस्ट से जाकर टकरा गए। टकराव में कई लोग चोटिल हो गए जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी कोंच भेजा गया। वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसी दौरान मौके से गुजर रहे सीओ कोंच परमेश्वर प्रसाद ने मौके पर रुक कर स्थिति का जायजा लिया और तत्काल सड़क पर से डस्ट हटवाने के निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने कोतवाली पुलिस को निर्देश दिए कि जिस व्यक्ति की लापरवाही से यह डस्ट सड़क पर पड़ी रही, उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाए। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर पड़े इस तरह के अवरोध अक्सर रात में गंभीर हादसों का कारण बनते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों पर नियमित निगरानी रखी जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

### शिक्षक विधायक ने वित्तविहीन विद्यालयों को सवित्त करने की मांग की



**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश के विधान परिषद में मंगलवार को गोरखपुर अयोध्या क्षेत्र के शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रदेश सरकार से वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य का समान वेतन देने की मांग की है।विधान परिषद में बोलते हुए विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सरकार को हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए शिक्षकों को अनुदानित करना चाहिए। उन्होंने कहा की वित्तविहीन शिक्षकों को वेतन न देना संविधान में वर्णित समानता के अधिकार का भी उलंघन है। सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली सरकार के लिए यह चिंता का विषय है। सरकार को 35 वर्षो से अधिक समय से प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत वित्तविहीन शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय या वेतन प्रदान करना चहिए। शिक्षक विधायक द्वारा वित्तविहीन शिक्षकों की गंभीर समस्या को सदन में उठने के लिए राम उजागिर पाण्डेय, अनिल मिश्र, विरेंद्र, अमित, जनार्दन आदि शिक्षको ने सराहना किया है।

### बेटियों के चेहरों पर बिखरी मुस्कान




**विहान बालिका विद्यालय में स्कूल बैग पाकर खिले छात्राओं के चेहरे**

**ललितपुर।** शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह उन हाथों के सहयोग से भी आगे बढ़ती है जो निस्वार्थ भाव से मदद के लिए आगे आते हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य विहान बालिका आवासीय विद्यालय में देखने को मिला। उ.प्र.उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष, समाजसेवी मनमोहन जड़िया मंगलवार को विद्यालय पहुंचे। उन्होंने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए विद्यालय की समस्त छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए। जैसे ही नन्हीं बेटियों के हाथों में नए स्कूल बैग आए, उनके चेहरे खुशी से चमक उठे और पूरा परिसर उनके उत्साह से गुंजायमान हो गया। मनमोहन जड़िया ने कहा कि बेटियां हमारे समाज का गौरव हैं और उनकी शिक्षा में कोई बाधा न आए, यह सुनिश्चित करना हम सभी का कर्तव्य है। नया बैग पाकर छात्राओं का मन प्रफुल्लित हो उठा और उनमें शिक्षा के प्रति एक नई ऊर्जा दिखाई दी। इस दौरान सावित्री (वार्डेन) नेहा कुशवाहा, आकांक्षा पांडे, जाग्रति चतुर्वेदी, अंकिता सिंह, प्रियंका नामदेव, अभिलाषा यादव मौजूद रहीं। अंत में विद्यालय की वार्डेन सावित्री ने इस नेक कार्य के लिए मनमोहन जड़िया का आभार जताया। कहा कि ऐसे प्रयासों से छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

# सहकारी समितियों के कम्प्यूटराइजेशन के अपूर्ण कार्यों पर वेतन रोकने के निर्देश

**● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डीएलआईएमसी बैठक हुई, 49 बी-पैक्स के कार्यों की हुई समीक्षा**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**उरई(जालौन)-** सहकारिता विभाग की समस्त सहकारी समितियों के कम्प्यूटराइजेशन की प्रगति की समीक्षा एवं कार्यों के अनुमोदन हेतु गठित जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं निगरानी समिति (डीएलआईएमसी) की बैठक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पैक्स कम्प्यूटराइजेशन के प्रथम एवं द्वितीय चरण में चयनित 49 बी-पैक्स से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान 31 मार्च 2025 की स्थिति के अनुसार डे-एण्ड, ईयर-एण्ड प्रोसेज एवं ऑन-सिस्टम ऑडिट, डायनमिक डे-एण्ड, अनरिकन्साइल डाटा तथा ई-पैक्स से संबंधित कार्यों की प्रगति की जांच की गई। बैठक में 14 समितियों के डे-एण्ड, 20 समितियों के ईयर-एण्ड प्रोसेज एवं ऑन-सिस्टम ऑडिट, 8 समितियों के डायनमिक डे-एण्ड तथा 24 पैक्स को ई-पैक्स घोषित किए जाने एवं समितियों पर हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा के दौरान बी-पैक्स मडोरा, उत्तरी ऊमरी, एट, गॉधीनगर गधेला, इटौरा, कदौरा एवं जगम्मनपुर में 31 मार्च 2025 की स्थिति पर डाटा फीडिंग का कार्य डे-एण्ड स्तर तक अपूर्ण पाया गया। इस पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित सचिवों का कार्य पूर्ण होने तक वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही जिन समितियों में कार्य प्रगति अत्यंत धीमी पाई गई, वहां सचिवों की कार्यों में शिथिलता को गंभीरता से लेते हुए सचिवों एवं पर्यवेक्षीय अधिकारियों को चेतावनी निर्गत करने के आदेश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सहकारी समितियों का कम्प्यूटराइजेशन शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी लक्ष्य पूर्ण किए जाएं। बैठक में सदस्य/संयोजक डा. भानुप्रताप सिंह, डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के प्रतिनिधि, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एनआईसी जालौन, नोडल अधिकारी पैक्स कम्प्यूटराइजेशन तथा विभिन्न समितियों के सचिव उपस्थित रहे।

## पचोखरा के प्राचीन राज मंदिर भूमि विवाद पर ग्रामीणों ने डीएम से लगाई गुहार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**उरई(जालौन)-** थाना एट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पचोखरा में स्थित प्राचीन राज मंदिर नागा गद्दी को लेकर विवाद सामने आया है। ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि मंदिर की लगभग 39 एकड़ (करीब 100 बीघा) भूमि पर दो पुजारियों द्वारा कब्जा कर भूमि निजी उपयोग में लाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मंदिर अत्यंत प्राचीन और धार्मिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह नागा गद्दी के नाम से प्रसिद्ध मंदिर है जहाँ पहले केवल एक ही पुजारी हुआ करता था। लेकिन वर्तमान में दो पुजारी गोपालदास (गुड्डू) महंत जो श्रीराम जानकी मंदिर के पुजारी हैं, और जीतू महंत जो गृहस्थ होकर लक्ष्मीनारायण मंदिर के महंत हैं, इस मंदिर की देखरेख का दावा करते हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, इन दोनों पुजारियों ने मंदिर से जुड़ी भूमि को आपस में बाँट लिया है और पिछले लगभग 50 वर्षों से मंदिर की जमीन से होने वाली आय को व्यक्तिगत उपयोग में खर्च कर रहे हैं। आरोप है कि दोनों महंतों ने मंदिर की मूल संरचना को नुकसान पहुँचाया है, जिसके चलते प्राचीन धूना और मठ का स्वरूप पूरी तरह नष्ट हो गया है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि मंदिर परिसर में जहां भगवान श्रीराम-जानकी विराजमान हैं वहीं पास की छत पर एक शौचालय का निर्माण भी कर लिया गया है जो धार्मिक दृष्टि से अनुचित है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जीतू महंत अपने परिवार सहित मंदिर परिसर में निवास कर रहे हैं जबकि नागा गद्दी पर परिवार या महिला सदस्यों का रहना परंपरा के अनुसार वर्जित है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इन दोनों पुजारियों के सभी दस्तावेजों और रजिस्टरों की जांच कराई जाए, मंदिर की भूमि को निजी कब्जे से मुक्त कराया जाए और ग्रामवासियों की सर्वसम्मति से एक नया योग्य पुजारी नियुक्त किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे इस मुद्दे को उच्च अधिकारियों और संत समाज तक ले जाएंगे।

## अभद्रता करने पर ईओ ने महिला के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)-** बीते रोज सोमवार को अतिक्रमण हटाते वक्त जिस महिला ने अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव के कपड़े खींचने की कोशिश की थी, ईओ ने मंगलवार को उक्त महिला के खिलाफ पुलिस में शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग कर डाली है। ईओ परती भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाने के लिए राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ गांधीनगर में गई हुई थीं। ईओ मोनिका उमराव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान गुड्डी देवी पत्नी छुन्नालाल ने उनके साथ धक्का-मुक्की करते हुए अभद्रता की और सरकारी कार्य में वाधा डालने का काम किया है। बता दें कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत इस जमीन पर 16 लाख रुपये की लागत से गौतम बुद्ध पार्क के निर्माण का काम प्रस्तावित है जो अतिक्रमण के कारण लंबे समय से रुका हुआ था। पूरा मामला नगर पालिका क्षेत्र के गांधीनगर इलाके में सिंह वाहिनी मंदिर के सामने का है।

सोमवार की दोपहर नगरपालिका की टीम राजस्व व पुलिस के अधिकारियों एसडीएम वीरेंद्र गुप्ता, नगर पालिका की ईओ मोनिका उमराव, सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाली प्रभारी ब्रजेश बहादुर सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक लल्लूराम, एसआई अशोक वर्मा, आरआई सुनील यादव एवं भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और परती भूमि पर बने तीन अस्थायी मकानों को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान लोगों में नाराजगी देखी गई और खासतौर पर बस्ती की महिलाओं ने इसका कड़ा विरोध किया। अपने घरों को गिरते देख कई महिलाएं आक्रोशित हो गई और मौके पर मौजूद अधिकारियों से बहस करने लगीं। इसी बीच कुछ महिलाओं ने अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव के साथ धक्का-मुक्की करने और उनके कपड़े खींचने का भी प्रयास किया तब मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत स्थिति को नियंत्रित किया। ईओ मोनिका उमराव ने बताया कि गुड्डी देवी का बेटा कोंच से सेवानिवृत्त लेखपाल है एवं नाती वर्तमान में रेलवे में नौकरी करता है। इनके नाम कोंच नगरपालिका में पक्का मकान है जिसका हाउस टैक्स भी ये नगरपालिका में जमा करते हैं। कई साल पहले इन्होंने परती भूमि पर कच्चा आशियाना बना कर उपले पाथने और भैंस बकरी बांधनी शुरू कर दी थी और फिर पूरी तरह बसेरा बना कर अवैध कब्जा कर लिया।

## सेफर इंटरनेट डे पर डीएम ने इण्टरनेट के सुरक्षित उपयोग पर दिया जोर

**●हरी झण्डी दिखाकर जागरुकता बाइक रैली को किया रवाना**

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को बांटे प्रशस्ति पत्र**

**साइबर फ्रॉड होने पर नजदीकी साईबर थाने व टोल फ्री नम्बर 1930**

**112 एवं एनसीआरबी पोर्टल पर शिकायत दर्ज**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** इण्टरनेट के सुरक्षित उपयोग और साईबर अपराधों के प्रति जागरुकता के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सेफर इण्टरनेट डे पर जनपदवासियों के लिए एक विशेष संदेश दिया है। उन्होंने कलैक्ट्रेट परिसर में साईबर जागरुकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए अपील की कि आज के समय में जब डिजिटल प्रयोग बढ़ गया है, प्रत्येक व्यक्ति मोबाइल व इण्टरनेट का प्रयोग कर रहा है, लेनदेन के लिए भी लोग यूपीआई क्यूआर कोर्ड का प्रयोग करते हैं, ऐसे में इंटरनेट के उपयोग में हम सभी को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से उपस्थित लोगों को साईबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**इन बातों पर दिया जोर**

जिलाधिकारी ने कहा कि इंटरनेट व सोशल साइट का प्रयोग करते समय कई बार लोगों के साथ साईबर फ्रॉड हो जाते हैं, जिसमें लोगों के पैसे भी चले जाते हैं, इसके अलावा डिजिटल अरेस्ट जैसे स्कैम भी हो रहे हैं, ऐसे में आपको ध्यान रखना है कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं होती। इन सब से बचाव के लिए ऐसे वेबलिंक जिनमें आपको धन का लालच दिया जा रहा हो, ऐसे लिंक को किसी भी दशा में क्लिक नहीं करना है। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड करने वाले लोग त्यौहारों के मैसेज बनाकर फॉरवर्ड करते रहते हैं, ऐसे लिंक वाले मैसेज पर कतई क्लिक नहीं करना है, इससे आपका मोबाइल पूरी तरह से हैक हो सकता है और आपकी निजी जानकारी जैसे फोटो, पर्सनल चैट या जरुरी दस्तावेज आदि गलत हाथों तक पहुंच सकती है। उन्होंने कहा कि किसी को ओटीपी न दें, इंटरनेट का सही इस्तेमाल करें।

**इण्टरनेट व एआई के इस्तेमाल में सावधानी**

जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि डीपफेक वीडियो और क्लोन की गई आवाजें वास्तविक लग सकती हैं। ऐसे में भावनात्मक रूप से इन पर प्रतिक्रिया करने से पहले विश्वसनीय स्रोतों से पुष्टि करें, एआई घोटालों में अक्सर भावनात्मक कहानियां या तत्काल सहायता के अनुरोध किया जाता है, इन पर प्रतिक्रिया करने से पहले रुकें, सोचें और पुष्टि होने पर ही प्रतिक्रिया करें। चिकित्सा, कानूनी या वित्तीय सलाह को लेकर कभी भी केवल एआई पर निर्भर न रहें, इसके लिए वास्तविक विशेषज्ञों से परामर्श लें। वीडियो में अप्राकृतिक चेहरे, होंठ या आवाजें एआई हेरफेर के चेतावनी संकेत हैं, इन पर ध्यान देकर इन्हें पहचाना जा सकता है। सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने से पहले सोचें। ऐप अनुमतियों की नियमित जांच करें और अनावश्यक एक्सेस हटाएं। कभी भी कॉल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी, आधार, पैन या बैंक विवरण साझा न करें। उच्चलाभ के प्रति प्रेरित करने वाले ऑनलाइन निवेश विज्ञापनों व वेब लिंक से बचें। अन्य व्यक्ति के वित्तीय लेनदेन के लिए अपने बैंक खाते का उपयोग न करें।

**सोशल साइट के इस्तेमाल में सावधानी**

जिलाधिकारी ने युवाओं से अपील की कि आज के समय में लगभग सभी युवा सोशल साइट पर अकाउंट बनाते हैं, उनके साथ भी फ्रॉड होने की संभावना रहती है, ऐसे में कोई भी ऐसी फ्रेंड रिक्वेस्ट जो अनजान हो और जिसमें किसी सिलेब्रिटी का फोटो या अन्य का फोटो लगा हो, को एक्सेप्ट न करें, अनजान नम्बर से आ रही वीडियाकॉल को न उठायें और यदि उठाना जरुरी हो तो फ्रण्ट कैमरा उंगली से कवर करके बात करें, ताकि आपकी रिकॉर्डिंग न हो।

**साइबर फ्रॉड होने पर ऐसे लें सहायता**

कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि आपके साथ साईबर फ्रॉड होता है तो जनपद में साईबर थाना स्थापित है, इसके साथ ही प्रत्येक थाने में साईबर सेल स्थापित है, तत्काल ऐसी घटना की सूचना गोल्डन आवर के भीतर नजदीकि थाने में दें। इसके साथ ही टोलफ्री नम्बर 1930, 112 एवं एनसीआरबी पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायें।

**बच्चों से मोबाइल के प्रयोग पर निगरानी (पेरेन्टल कण्ट्रोल)**

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आपके बच्चे मोबाइल या इंटरनेट पर क्या देख रहे हैं, इसके बारे में माता पिता या अभिभावक को पता होना चाहिए, यदि बच्चा ज्यादातर समय गुमसुम रहता है, तो उसकी गतिविधियों की निगरानी करें, क्लास टीचर से बात करें और बच्चे के द्वारा मोबाइल पर देखे जा रहे कन्टेंट के बारे में जानकारी लें। इसके लिए मोबाइल समय समय पर चैक करते रहें, पेरेन्टल कण्ट्रोल सेटिंग करें।

## पंचायत में किसानों ने रखी समस्याएं, सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)-** किसानों के क्षेत्र में कार्य करने वाला अराजनैतिक संगठन भारतीय किसान यूनियन तहसील क्षेत्र की मासिक पंचायत मंगलवार को नवीन कृषि मंडी परिसर स्थित किसान भवन में आयोजित की गई। पंचायत में मौजूद किसानों ने अपनी समस्याएं सामने रख कर उनका निराकरण कराए जाने की मांग की। वहीं पंचायत के उपरांत संगठन की तहसील इकाई के पदाधिकारियों ने प्रभारी एसडीएम वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।

तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल की अगुवाई में तहसील पहुंचे संगठन के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय किसानों ने प्रभारी एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि कई गांवों में बिजली की जर्जर लाइनें नीचे की झूल रहीं हैं जिससे गर्मियों के मौसम हादसे होने की संभावना बनी रहती है, साथ ही मीटर रीडिंग द्वारा रीडिंग न लिए जाने से बिल गलत निकल रहे हैं अतः बिजली की इन समस्याओं का निराकरण कराया जाए। इसके अलावा बीती 9 जनवरी को परैथा गांव में आग से जल कर किसान श्रीराम की मौत हो जाने पर परिजनों को अभी तक मुआवजा न मिलने, ग्राम घिलोर से परासनी होकर पहुज नदी तक नाले की खुदाई न होने से करीब 300 बीघा कृषि भूमि जलमग्न होने ओर फिर बोबाई न हो पाने, नदीगांव ब्लॉक के ग्राम मडैयन में निर्माणाधीन डैम से उपजाऊ कृषि भूमि भविष्य में जलमग्न हो जाने, ग्राम मनोहरी में पाइप लाइन टूटी पड़ी होने जैसी समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। इस मौके पर तहसील महासचिव डॉ पीडी निरंजन, भगवान सिंह, जगत सिंह, सुभाष परैथा आदि मौजूद रहे।

भाकियू पंचायत में उपस्थित किसानों से आह्वान किया गया कि भारत अमेरिका के मध्य हुए कृषि व्यापार समझौते को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 12 फरवरी को जिला मुख्यालय उरई में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा, साथ ही 'हमारा गांव-हमारा अधिकार' के तहत गांवों में हर खेत पर समझौते की प्रति जलाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। संगठन के तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल ने सभी किसानों से इस कार्यक्रम में सहभागिता करने का आह्वान किया है।

## कोतवाली क्षेत्र से दिनदहाड़े एक्टिवा चोरी

**अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक एक्टिवा चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन निवासी सोहिल जैन पुत्र स्व. सुरेंद्र कुमार जैन ने कोतवाली थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बीती 8 फरवरी को दोपहर करीब 12.20 बजे उन्होंने अपनी काले रंग की एक्टिवा (संख्या यू.पी. 94 जे 6903) को मंदिर के पास खड़ी की थी। इसके बाद वह अपनी दुकान पर चले गए। शाम करीब 7.15 बजे जब वह वापस लौटे तो उक्त स्थान से उनकी एक्टिवा गायब मिली। पीड़ित द्वारा आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने बताया कि चोरी गई एक्टिवा का रजिस्ट्रेशन उनकी बहन सुलभ जैन के नाम पर है। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

## सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में प्रदेश में जनपद का 6वां स्थान

**●विकास कार्यों में नंबर वन, आईजीआरएस में भी शानदार प्रदर्शन**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**उरई(जालौन)-** उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं पर जालौन जनपद ने एक बार फिर अपनी दक्षता और जवाबदेही का प्रमाण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की नवीनतम रैंकिंग में जालौन ने प्रदेश स्तर पर छठा स्थान हासिल कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। वहीं विकास कार्यों की श्रेणी में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद ने विकास के क्षेत्र में नया मानक स्थापित किया है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अनुसार, जालौन को राजस्व कार्यों में 12वां स्थान मिला है जबकि विकास कार्यों में जनपद प्रदेश में शीर्ष पर है। यह सफलता जिले के प्रशासनिक तंत्र की सख्त मॉनिटरिंग, पारदर्शिता और परिणामोन्मुखी कार्यशैली का परिणाम मानी जा रही है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट विजन, उत्तर प्रदेश सरकार की पारदर्शी शासन व्यवस्था और मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से की जा रही निरंतर समीक्षा का परिणाम है। उन्होंने कहा, शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में प्रत्येक योजना को लक्ष्यबद्ध तरीके से लागू किया गया है। राजस्व मामलों में समयबद्ध निस्तारण, जनशिकायतों के त्वरित समाधान और विकास योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर हमारा विशेष फोकस रहा है। यही कारण है कि जालौन ने विकास की श्रेणी में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासन आगे भी मुख्यमंत्री डैशबोर्ड को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जवाबदेही तय करेगा। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही प्रशासन का मुख्य लक्ष्य है। आने वाले समय में जनपद की रैंकिंग को और बेहतर बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना के साथ कार्य किया जाएगा। उधर, जनशिकायत निवारण प्रणाली आईजीआरएस में भी जालौन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया है। वहीं तहसील कोंच ने शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आधार पर प्रदेश में पुनः प्रथम स्थान हासिल कर नया कीर्तिमान रचा है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इस उपलब्धि को उत्तर प्रदेश सरकार की पारदर्शी शासन व्यवस्था और प्रशासनिक अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग का परिणाम बताया। उन्होंने कहा, आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि तहसील कोंच ने शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद, फील्ड स्तर पर त्वरित कार्रवाई और गुणवत्ता आधारित निस्तारण को प्राथमिकता दी, जिसके चलते तहसील ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि अन्य तहसीलों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

## सेठ बद्री प्रसाद महाविद्यालय में हुई घरेलू हिंसा विषय पर गोष्ठी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)-** स्थानीय सेठ बद्री प्रसाद स्मृति महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय सामान्य एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत 'घरेलू हिंसा' विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर निरंजन के मार्गदर्शन में संपन्न हुई गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त घरेलू हिंसा जैसी गंभीर सामाजिक समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उससे बचाव के लिए सकारात्मक सोच विकसित करना रहा। मुख्य अतिथि ज्योति गुप्ता ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि घरेलू हिंसा न केवल महिलाओं बल्कि पूरे परिवार और समाज की प्रगति में बाधक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, जागरूकता और आपसी सम्मान ही घरेलू हिंसा को समाप्त करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के कोर्डिनेटर कन्हैया नीखर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति सजग बनाना है। स्वयंसेवक समाज में बदलाव के वाहक होते हैं। घरेलू हिंसा जैसी कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। स्वयंसेवक पूजा, वंदना, हिमांशी, काजल, प्रियंका, नंदिनी, अजय, विशाल आदि ने समाज में समानता, सम्मान और सुरक्षा का संदेश देने का संकल्प लिया। गोष्ठी का समापन सामाजिक समरसता एवं नारी सम्मान के संदेश के साथ किया गया। इस मौके पर कार्यवाहक प्राचार्य ब्रजेंद्र सिंह निरंजन, फॉर्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार पटेल, डॉ. सत्यप्रताप, तैय्यबा सिद्दीकी, नर्सिंग विभाग से पूनम देवी, जया सरोज, हॉस्पिटल उप अधीक्षक डॉ. शिवम सिंह, इं. सन्तोष रायकवार, राघवेन्द्र पटेल, धर्मेंद्र पटेल, मनोज श्रीवास्तव, दिनेश बाबू, मनोहर प्रजापति, विवेक बाबू, राजकुमार गुप्ता, संदीप, संजय, कल्लू सिंह, नन्हे राजा आदि उपस्थित रहे।

## मारपीट व जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महरौनी थाना के मोहल्ला शहीद पार्क के सामने निवासी शाजिद खान पुत्र जिराईल खान ने बताया कि 8 फरवरी 2026 को अपराह्न करीब 3 बजे वह अपनी दुकान के पास बैठा था। इसी दौरान पड़ोसी फरूख और छोटू पुत्रगण शरफुद्दीन आए और छत से पानी गिरने को लेकर विवाद करने लगे। पीड़ित के अनुसार, जब उसने गाली-गलौज से मना किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। आरोप है कि जाते-जाते आरोपियों ने रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर थाना महरौनी पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत



**उरई(जालौन)-** चुर्खी थाना क्षेत्र में सोमवार की देर शाम हुए सड़क हादसे में एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब किसान बाइक से घर लौट रहा था। जानकारी के मुताबिक, चुर्खी थाना क्षेत्र के बम्हौरा गांव निवासी रामदेव सिंह (55 वर्ष) सोमवार की देर शाम बाइक से अटरिया से घर लौट रहा था। बताया गया कि वह अटरिया में एक मंडप समारोह में खाना खाने गया था। लौटते समय चुर्खी-मुसमरिया मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। चुर्खी थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के छोटे भाई महेंद्र सिंह ने बताया कि रामदेव खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। खेती कर ही वह परिवार का खर्च चलाते थे। उनके परिवार में पत्नी रामसुखी और तीन बेटे हैं। मामले में पुलिस ने बताया किसीसीटीवी फुटेज के आधार पर टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

## नोटिस निर्गत प्रकरणों की सुनवाई प्रक्रिया का जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा, नोटिस प्रकरणों पर सुनवाई जारी



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**उरई(जालौन)-** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत विकास भवन स्थित सभागार सहित विभिन्न मतदेय स्थलों पर चल रही सुनवाई प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उन मतदाताओं से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की, जिनकी मैपिंग विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2003 की मतदाता सूची से नहीं हो सकी थी तथा जिनके संबंध में पूर्व में नोटिस निर्गत किए गए थे।निर्धारित तिथि के अनुसार ऐसे मतदाताओं के प्रकरणों पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अभिलेखों के आधार पर विधिवत सुनवाई की जा रही है। उन्होंने सुनवाई की कार्यवाही, अभिलेख परीक्षण एवं प्रक्रिया की पारदर्शिता का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण निष्पक्षता, संवेदनशीलता एवं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। उन्होंने कोई मतदाता न छूटे के उद्देश्य के अनुरूप पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित मतदाताओं को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे युवा जो 1 जनवरी 2026 के अतिरिक्त 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की अर्ह आयु पूर्ण कर रहे है, वह फॉर्म-6 भर सकते हैं। इसके साथ ही फॉर्म-6 के साथ घोषणा पत्र संलग्न करना भी अनिवार्य है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनशिकायत निस्तारण में झाँसी पुलिस ने रचा इतिहास, जिले के सभी थाने टॉप



**झाँसी।** उत्तर प्रदेश में जनसुनवाई व्यवस्था पर मुख्यमंत्री की विशेष निगरानी का असर लगातार दिख रहा है।आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों के निस्तारण में इस बार भी झाँसी जनपद ने बाजी मारी है।बता दे कि वर्ष-2026जनवरी माह की रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है।तेजतर्रार छवि के कर्तव्यनिष्ठ व न्यायप्रिय वरिष्ठ एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल नेतृत्व में जनपद की कार्यशैली को एक बार फिर मजबूती से सराहा जा रहा है।एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण,समयबद्ध,उच्च गुणवत्ता और निष्पक्ष निस्तारण को प्राथमिकता दी है।शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतकर्ता को न्याय दिलाना ही प्राथमिकता रही,और यह लक्ष्य वरिष्ठ एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की सक्षम निगरानी व सख्त अनुशासन से ही संभव हो सका।उनका स्पष्ट संदेश है कि जनसुनवाई और आईजीआरएस निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जनपद के सभी 26 में से 26 थानों का शानदार प्रदर्शन इस बात का संकेत है कि मजबूत नेतृत्व और जवाबदी आधारित कार्यशैली जनता के विश्वास और प्रशासनिक प्रभावशीलता को निरंतर मजबूत कर रही है।उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों को पछाड़ते हुए झाँसी ने लगातार प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपनी कार्यशैली का लोहा मनवाया,बल्कि शानदार एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल नेतृत्व की खूब प्रशंसा हो रही है।

### खेलो इंडिया हॉकी सेंटर के बालक बालिकाओं को वितरित की गई खेल सामग्री



**प्रतापगढ़।** स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में संचालित हो रहे खेलो इंडिया हॉकी सेंटर के तहत बच्चों को मिलने वाली खेलकूद की सामग्री मंगलवार को वितरित की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शैलेंद्र लाल एडिशनल एसपी पूर्वी तथा उनकी धर्मपत्नी सुमन कांत झा की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि ने जीवन में खेलो के माध्यम से चतुर्दिक विकास के बारे में वर्णन किया और उनकी धर्मपत्नी सुमन कांत झा ने खेलो में अनुशासन और समर्पण के बारे में बच्चों को जागरूक किया।इस मौके पर 20 बालक तथा 10 बालिकाएं लाभान्वित हुई। कार्यकम में प्रमुख रूप से अनवर हॉकी सोसायटी के सचिव खुर्शीद अली ,जसीम खान ,पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अमजद खान,गुलरेज आलम ,मोहम्मद सैफ,मोहम्मद उमर ,ईरानी ,युवा हिंदू वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग सिंह सहित बहुत सारे बच्चों के अभिभावक खेल प्रेमी खिलाड़ी और उप खेल अधिकारी रंजीत यादव, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, कबड्डी प्रशिक्षक जेपी यादव, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह, जिला क्रिकेट संघ के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी आदित्य शुक्ला ने किया अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

**खेलो इंडिया हॉकी सेंटर के बालक बालिकाओं को वितरित की गई खेल सामग्री**

**प्रतापगढ़।** स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में संचालित हो रहे खेलो इंडिया हॉकी सेंटर के तहत बच्चों को मिलने वाली खेलकूद की सामग्री मंगलवार को वितरित की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शैलेंद्र लाल एडिशनल एसपी पूर्वी तथा उनकी धर्मपत्नी सुमन कांत झा की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि ने जीवन में खेलो के माध्यम से चतुर्दिक विकास के बारे में वर्णन किया और उनकी धर्मपत्नी सुमन कांत झा ने खेलो में अनुशासन और समर्पण के बारे में बच्चों को जागरूक किया।इस मौके पर 20 बालक तथा 10 बालिकाएं लाभान्वित हुई। कार्यकम में प्रमुख रूप से अनवर हॉकी सोसायटी के सचिव खुर्शीद अली कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी आदित्य शुक्ला ने किया अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# वी.एस.एस.डी कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** मंगलवार को वी.एस.एस.डी कॉलेज में प्रतिष्ठित कंपनी ऑप्टिफ्लो टेक्नोलॉजीज़ द्वारा एक प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 10:45 बजे महाविद्यालय के स्मार्ट रूम में संपन्न हुआ। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बी.सी.ए., बी.ए., एम.ए. एवं बी.कॉम संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चयन प्रक्रिया के उपरांत कुल 57 विद्यार्थियों को विभिन्न पदों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। उपलब्ध पदों में टेलीकॉलर, सेल्स एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, सोशल मीडिया मार्केटर, ग्राफिक डिज़ाइनर, वीडियो एडिटर तथा PHP Laravel इंटर्नशिप शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. नीरू टंडन की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही, महाविद्यालय की प्लेसमेंट टीम के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता से संपूर्ण चयन प्रक्रिया सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संपन्न हुई। कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के संचार कौशल, तकनीकी दक्षता एवं सीखने की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए उनके प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। कंपनी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि शॉर्टलिस्ट किए गए विद्यार्थियों का अंतिम परिणाम 15 दिनों के भीतर घोषित किया जाएगा।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. नीरू टंडन ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के उपरांत कंपनी प्रतिनिधियों ने महाविद्यालय प्रशासन से संवाद के दौरान भविष्य में पुनः भर्ती एवं प्रशिक्षण गतिविधियों हेतु सहयोग करने की इच्छा भी व्यक्त की। यह प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख अवसर प्रदान करने तथा उनके व्यावसायिक कौशल के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक पहल सिद्ध हुई। इस दौरान प्लेसमेंट सेल के कोऑर्डिनेटर प्रत्यूष चंद्र सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने थाना सचेण्डी का वार्षिक निरीक्षण कर की समीक्षा



**कानपुर।** आज दिनांक 10.02.2026 को पुलिस उपायुक्त पश्चिम, एस. एम. कासिम आबिदी द्वारा थाना सचेण्डी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, बैरक व्यवस्था, चौकीदार ड्यूटी, पेयजल व्यवस्था, मालखाना, रोजनामचा/रजिस्टरों का रख-रखाव, मिशन शक्ति केन्द्र सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों व व्यवस्थाओं को चेक किया गया। इसके अतिरिक्त विवेचकों एवं चौकी प्रभारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं जनता से शालीन व्यवहार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना स्टाफ को कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा सतर्क रहकर ड्यूटी करने के निर्देश भी दिए गए।

# डिजिटल अनुशासन है सुरक्षा की कुंजी जागरूक रहें, सुरक्षित रहें: डीएम

**●सेफर इंटरनेट डे पर कार्यशाला का हुआ आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर जोखिमों के मद्देनज़र मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 'सेफर इंटरनेट डे' के अवसर पर साइबर सुरक्षा विषयक कार्यशाला आयोजित की गई। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने स्पष्ट कहा कि डिजिटल अनुशासन और साइबर सुरक्षा कार्यालय की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक कर्मचारी की सजगता ही शासकीय तंत्र को सुरक्षित रख सकती है। कार्यशाला का संचालन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी और ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार और सकारात्मक उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रतिभागियों को बताया गया कि व्यक्तिगत जानकारी जैसे पासवर्ड, ओटीपी और बैंक विवरण किसी भी परिस्थिति में साझा न करें। सोशल मीडिया पर सोच-समझकर पोस्ट एवं साझा करें तथा साइबर बुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और फर्जी खबरों से सावधान रहें। मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और समय-समय पर उसे बदलते रहें। कार्यालयी व्यवस्था के अंतर्गत ऑफिस ई-मेल का प्रयोग केवल आधिकारिक कार्यों के लिए करने, अनजान ई-मेल या अटैचमेंट खोलने से पूर्व सत्यापन करने तथा फिशिंग कॉल और संदिग्ध संदेशों से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अपनाने, कंप्यूटर छोड़ते समय सिस्टम लॉक करने तथा गोपनीय दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

# लैम्बोर्गिनी एक्सीडेंट मामले की विवेचना में चालक के मामले में शिवम् मिश्रा का नाम आया

**●लैम्बोर्गिनी पर कवर ढकवाने के मामले में इंस्पेक्टर हुए लाइन हाजिर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** दिनांक 8.02.2026 को थाना ग्वालटोली क्षेत्रान्तर्गत हुई सड़क दुर्घटना के संबंध में जिस कार (लैम्बोर्गिनी) के चालक का नाम सामने आया है, वह शिवम मिश्रा है। प्रकरण में सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया जा चुका है। सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर विवेचना का शीघ्र निस्तारण करते हुए सही धाराओं में चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित की जाएगी। पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने बताया कि प्रकरण के दौरान यह पाया गया कि सड़क दुर्घटना जैसे संवेदनशील प्रकरण में प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर थाना प्रभारी ग्वालटोली को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। उन्होंने लैम्बोर्गिनी कार पर कवर ढकवा दिया था जिससे कि गलत नैरेटिव सैट हो रहा था। और पुलिस पर पक्षपात का आरोप लग रहा था। पुलिस आयुक्त ने कहा कि कानून सभी के लिए समान है, चाहे व्यक्ति कितना ही बड़ा क्यों न हो। इस मामले में निष्पक्ष और सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है और आगे भी की जाएगी। पुलिस आयुक्त ने बताया कि जब पुलिस की टीम के.के. मिश्रा के घर गई तो गेट नहीं खोला गया। इस बीच के.के. मिश्रा पुलिस के सामने आये और कहा कि डर की बजह से उनके घर के गेट नहीं खोले गये थे लेकिन वे विवेचना में पुलिस की पूरी मदद करेंगे और शिवम् मिश्रा को भी पेश किया जाएगा। शिवम् मिश्रा के पिता ने बताया कि शिवम को तकलीफ़ है जिसका इलाज दिल्ली में चल रहा है।

# प्रदेश स्तरीय जनसुनवाई समाधान प्रणाली मासिक मूल्यांकन में कानपुर जोन का शानदार प्रदर्शन

**●जनवरी 2026 में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान को शासन की प्राथमिकताओं में सर्वोपरि रखा गया है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु शासन द्वारा जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) को प्रभावी रूप से लागू किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिकों की शिकायतों का सतत अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किया जाता है। IGRS पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की मासिक समीक्षा शासन स्तर पर माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाती है। इस समीक्षा में शिकायत प्राप्ति से लेकर जांच की निष्पक्षता, निस्तारण की गुणवत्ता तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि तक के सभी पहलुओं का विस्तृत मूल्यांकन किया जाता है। मूल्यांकन के आधार पर थाना प्रभारी से लेकर अपर पुलिस महानिदेशक स्तर तक के अधिकारियों की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग निर्धारित की जाती है।

उक्त प्रक्रिया के अंतर्गत माह जनवरी 2026 के मूल्यांकन में कानपुर जोन ने जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही कानपुर जोन के पर्यवेक्षणाधीन कानपुर परिक्षेत्र, झाँसी परिक्षेत्र एवं सभी 08 जनपदों कानपुर देहात, इटावा, औरैया, फतेहगढ़, कन्नौज, झाँसी, जालौन व ललितपुर सहित जोन के अधीन कार्यरत 117 थानों द्वारा भी उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित किया गया है, जो पुलिस की जवाबदेह, जनोन्मुख एवं परिणामोन्मुख कार्यप्रणाली का स्पष्ट प्रमाण है। जनसुनवाई के क्षेत्र में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु जिन अधिकारियों/थाना प्रभारियों द्वारा अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया गया है, उन्हें कार्यशैली में त्वरित सुधार सुनिश्चित करते हुए IGRS के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सजेती पुलिस ने तार कटिंग करनें वाले तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण गिरफ्तारी करने सफलता प्राप्त की, अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था कानपुर नगर कमिश्नरेट द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहें विशेष अभियान के तहत् पुलिस उपायुक्त दक्षिण जोन,अपर पुलिस उपायुक्त जोन दक्षिण कमिश्नरेट कानपुर नगर के कुशल निर्देशन व सहायक पुलिस आयुक्त घाटमपुर के कुशल पर्वेक्षण में दिनांक 10/2/2026 को थाना सजेती पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 36/2026 थाना सजेती कानपुर नगर से संबंधित अभियुक्त गण की गिरफ्तारी, सतेंद्र पुत्र इंद्रपाल निवासी ग्राम इमिलिया थाना भरूआ सुमेरपुर जिला हमीरपुर उम्र लगभग 32 वर्ष 2,, सियापाल पुत्र दयाराम निवासी ग्राम इमिलिया थाना भरूआ सुमेरपुर जिला हमीरपुर उम्र लगभग 20 वर्ष 3, शमशाद पुत्र समसुद्दीन निवासी ग्राम इमिलिया थाना भरूआ सुमेरपुर जिला हमीरपुर उम्र लगभग 30 वर्ष, को थाना क्षेत्र सजेती,बरीपाल क्रासिंग वाली सड़क आनूपुर मोड़ के बीच पेट्रोल पंप के पास मय माल बरामद किया गया, जिसमें एक अदद आरी ब्लेड,एक अदद तार काटने वाला बड़ा कटर, एक अदद तार काटने वाला छोटा कटर, पांच बंडल प्लास्टिक तार व केविल,के छोटे-छोटे टुकड़े,एक अदद सफेद धातु की चैन,सील मोहर,मय नमूना मोहर,व बरामद शुदा 3580 रूपए व एक अदद मोटरसाइकिल होंडा साइन,सीज बिना नंबर प्लेट, अंतर्गत धारा 207एमबी एक्ट के आवश्यक बल प्रयोग करते हुए हिरासत पुलिस मे लिया गया, अभियुक्त गण को न्यायालय में पेश कर विधिक कार्रवाई की जाएगी, गिरफ्तार करने वाली टीम, थानाध्यक्ष सजेती अनुज भारती, उपनिरीक्षक अनुराग सिंह चौकी प्रभारी निवेली, उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह चौंकी प्रभारी बीबीपुर, उपनिरीक्षक राजेन्द्र वर्मा, उपनिरीक्षक गणेश शंकर पाठक, उपनिरीक्षक सालिकराम, उपनिरीक्षक ब्रजेद्र सिंह पटेल, कांस्टेबल मुकेश कुमार, आदि।

# महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एनयूपीपीएल की सराहनीय पहल

**●सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय बैच का समापन, महिलाओं को मिला स्वरोजगार का अवसर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**घाटमपुर कानपुर नगर-** एनयूपीपीएल टाउनशिप में सोमवार को महिलाओं के लिए आयोजित सेल्फ-एम्प्लॉयड टेलर (सिलाई) प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय बैच का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम एनयूपीपीएल की कॉर्पोरेट एनवायरनमेंट रिस्पॉन्सिबिलिटी (CER) पहल के अंतर्गत संचालित किया गया, जिसका सफल क्रियान्वयन यदुपति सिंघानिया फाउंडेशन फॉर वोकेशनल एजुकेशन (YPSVEF), कानपुर द्वारा किया गया। इस 90 दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में आसपास के गाँवों की 50 से अधिक महिलाओं एवं युवतियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत प्रतिभागियों को एनएसडीसी द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र तथा सिलाई मशीनें प्रदान की गईं, ताकि वे आत्मनिर्भर बनते हुए स्वरोजगार की शुरुआत कर सकें।

समापन समारोह में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, समुदाय के प्रतिनिधियों, एनयूपीपीएल के अधिकारियों एवं प्रशिक्षण संस्था के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने और महिला-नेतृत्व वाले आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण से उनके आत्मविश्वास, कौशल और भविष्य की संभावनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उनके अनुभवों ने इस पहल के वास्तविक सामाजिक प्रभाव को स्पष्ट रूप से सामने रखा। एनयूपीपीएल के प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम कंपनी की समावेशी एवं सतत विकास की सोच का अहम हिस्सा हैं, जिनके माध्यम से परियोजना क्षेत्र के समुदायों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होता है। सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय बैच का सफल समापन महिलाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में एनयूपीपीएल की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कंपनी द्वारा भविष्य में भी ऐसे कई और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है।

# सिद्धार्थनगर में उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दूसरे दिन भी किया धरना/ प्रदर्शन

**● आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी नहीं हुई तो राजस्व संग्रह अमीन संघ करेगा राजस्व वसूली कार्य का बहिष्कार:राजेश कुमार मिश्रा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के रोडीला गांव के सिंगहा टोला में संग्रह अमीन के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ ने आक्रोश व्याप्त है। कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को दूसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन करते हुए दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी व उनका शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा की अगुवाई में संग्रह अमीनों ने घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। बीते चार फरवरी को उस समय घटित हुई जब बकाया न जमा करने पर कुर्की के लिए संग्रह अमीन सुभाष चंद्र उक्त गांव पहुंचे। ग्राम निवासी अनिल कुमार व अखिलेश कुमार पुत्र शोभ नारायण पर ग्रामीण बैंक शाखा मोहाना बाजार का 5,05,160 रुपये बकाया है। बकाया न जमा करने पर उनके खिलाफ आरसी जारी हो चुकी थी।नायब तहसीलदार के साथ संग्रह अमीन सुभाष चंद्र संपत्ति कुर्क करने पहुंचे थे। मौके पर पहुंचते ही दोनों भाई आग बबूला हो गए और संग्रह अमीन पर हमला बोल दिया। वहां मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। घटना से नाराज अमीन संघ ने जिलाधिकारी से आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो तहसील स्तर पर वसूली कार्य का बहिष्कार किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। रामेश कुमार मिश्र, कौलेश्वर पांडेय, संतोष कुमार श्रीवास्तव, शिवाल्या प्रसाद, रमेश चंद, शिव सागर, अरविन्द तिवारी, अरविन्द मिश्र, राजेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

# उसका बाजार में रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार कस्बा के सुभाष नगर वार्ड में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ और शिव महापुराण कथा का शुभारंभ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर निकाली गई कलश यात्रा में भारी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं युवतियां श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुईं। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर आद्या प्रसाद नगर, ससनी, परती ,उस्कराजा होते हुए कूड़ा नदी पर पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ कलश में पवित्र जल भरकर श्रद्धालु पुनः यज्ञशाला लौटे। पूरे मार्ग में वातावरण हर-हर महादेव और ? नमः शिवाय के जयघोष से भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु माथे पर धार्मिक पट्टियां लगाई हुई थी। बैंड-बाजे और भक्ति गीतों की मधुर धुन पर श्रद्धालु भक्ति के सागर में झूमते नजर आए। यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कलश यात्रा में इस धार्मिक अनुष्ठान के आयोजक कथा वाचक आचार्य संतोष जी महाराज, नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू जायसवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल, महंथ लाल बहादुर दास, सभासद सूरज मोदनवाल, रामेश्वर पाण्डेय, सुरेश यादव, निर्मल छापड़िया, राहुल दूबे, संजू निराला, धनेश वर्मा, धर्मेंद्र पाण्डेय, राकेश आर्या, सत्य प्रकाश वर्मा, शिव जायसवाल, मनीष अग्रहरी, राजन मिश्र, पंकज अग्रहरि, मनीष अग्रहरि, संजू निराला, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, सुभाष यादव, सचिन चौरसिया, रवि जायसवाल, शिव जायसवाल, सत्यप्रकाश वर्मा, संजय जायसवाल, सोमनाथ मिश्रा, विजय पहलवाल, ऋषि अग्रहरि, विवेकानंद अग्रहरि, राहुल दुबे, विवेकानंद पाण्डेय आदि लोग शामिल रहे।

### आदर्श दुबे की घातक गेंदबाजी से मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में स्टेडियम रेड को स्टेडियम ब्लू ने 6 विकेट से दी शिकस्त



**प्रतापगढ़।** जिला खेल कार्यालय के क्रिकेट मैदान पर मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें टॉस जीतकर स्टेडियम रेड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।निर्धारित 30 ओवरों में 9 विकेट खोकर 189 रन ही बना सकी,जिसमें लिटिल सरोज ने 38 और रेहान खान ने 34 रनों का योगदान दिया।स्टेडियम ब्लू के कप्तान आदर्श दुबे ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 ओवरों में 24 रन देकर 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टेडियम ब्लू ने 20 ओवरों में ही मैच अपने नाम कर लिया। स्टेडियम ब्लू के लिए रुस्तम ने 76 और सुजल ने 19 रनों का योगदान दिया। स्टेडियम रेड के लिए अयान खान ने दो विकेट झटके। इस प्रकार मैच को स्टेडियम ब्लू ने अपने नाम किया। मैच के अंपायर रमन और अरबाज रहे उक्त मौके पर जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज,उप खेल अधिकारी और ताइक्वांडो प्रशिक्षक रंजीत यादव ,पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव,कबड्डी प्रशिक्षक जेपी यादव,फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार,जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह, जिला क्रिकेट संघ के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी, कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा उपस्थित रहे।

# श्री शतचंडी रुद्र महायज्ञ आज से बाबा आनंदेश्वर मंदिर परिसर में शुभारंभ हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** बाबा आनंदेश्वर मंदिर के विकास व जीवउद्धार की मनोकामना के साथ आज जूना अखाड़े के गुरु मूर्ति व मंदिर के कोठारी महान परम पूज्य महाकाल गिरी जी महाराज परम पूज्य जूना अखाड़ा सचिव विवेक पुरी जी महाराज परम पूज्य हितेश गिरी जी महाराज परम पूज्य इच्छा गिरी जी महाराज परम पूज्यअत्रिवन जी महाराज सुनील गिरी जी महाराज मथुरा गिरी जी महाराज व जूना अखाड़ा मीडिया प्रभारी आशुतोष कुमार अंश ने आज नवग्रह की पूजा करते हुए महायज्ञ में सम्मिलित हुए 21 आचार्य ने विधि विधान मंत्रउच्चारण के साथ आज मंदिर परिषद में महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। जूना अखाड़ा मीडिया प्रभारी आशुतोष कुमार अंश ने बताया कि इस महायज्ञ आयोजन देवताओं की आराधना जिससे मंदिर परिषद का विकास और भक्तों का कल्याण हेतु यह महायज्ञ रखा गया है जूना अखाड़ा संरक्षक व अखाड़ा परिषद महामंत्री परम पूज्य हरि गिरि जी महाराज ने बाबा आनंदेश्वर के भक्तों के कल्याण के लिए मंदिर के विकास हेतु महाशिवरात्रि से पूर्व एक सप्ताह पहले ही महाशिवरात्रि पर्व के रूप में महायज्ञ का आयोजन करने का मंदिर प्रशासन को दिया था निर्देश श्री रुद्र महायज्ञ चंडी पाठ अर्थात सौ बार एक साथ दुर्गसप्तशती पढ़ने के बाद यज्ञ, तर्पण, मार्जन करना है। अब एक बार संस्कृत में दुर्गासप्तशती पढने में किसी को भी कुछ घंटे का समय लगेगा। ऐसे मे किसी एक इंसान द्वारा यह अनुष्ठान अत्यंत लंबे समय का हो सकता है। इसीलिए यह अनुष्ठान आचार्य शास्त्रियों अथवा आचार्यों द्वारा करवाया है। चंडी पाठ को शक्ति का स्त्रोत कहा गया है, और शक्ति किसी विशेष कर्म को क्रियांवित करने का मूल है। शतचंडी पाठ भी विशिष्ट परिस्थितिओं में शक्ति का आवाहन है। यह विशेषतः षट कर्मों के लिए होता है, अथवा ऐसी परिस्थिति के लिए जिसके आगे आप विवश हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध संबंध के चलते हुई थी बृजभान की हत्या, घटना का पुलिस ने किया खुलासा, वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार



**सिद्धार्थनगर,** थाना त्रिलोकपुर थानाध्यक्ष चन्द्रकान्त पाण्डेय के नेतृत्व में थाना में 26 जनवरी को उजैनिया निवासी उदयराज पुत्र स्व0 रामदुलारे चौरसिया ने निवासी उजैनिया थाना त्रिलोकपुर में लिखित सूचना दिये कि छोटा भाई बृजभान पुत्र स्व0 रामदुलारे चौरसिया 25 जनवरी को शाम 4 बजे सौदा लेने गये थे कि देर तक घर न आने पर सवेरे खोजबीन के दौरान 26 की सुबह गांव के पूरब गेहूं खेत के पास बृजभान की लाश मिली ।किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हत्या कर दिया गया है ,उक्त घटना के सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर थाना त्रिलोकपुर पर मु0अ0सं0- 10/2026 धारा 103(1) बीएनएस (302 भा0 द0वि0) अज्ञात अभियोग पंजीकृत किया गया था, मुकदमे की गहनता से जाँच की और पुलिस घटना का खुलासा किया की उसी गांव की निवासी इन्द्रावती पत्नी रामचन्दर की संलिप्ता पाई गई। जिसमें पुलिस ने उसके घर से उसे गिरफ्तार कर लिया। विवेचना से यह तथ्य प्रकाश मे आया कि बृजभान अपने ही गाँव के इन्द्रावती के साथ अवैध सम्बन्ध था।25 जनवरी की शाम को बृजभान व इन्द्रावती से फोन पर कहा सुनी व गाली गलौज हुई थी। उसी दिन शाम को बृजभान, मजनू के घर से दारु पीकर जा रहा था। बृजभान का अपने खेत के पास इन्द्रावती से मुलाकात हो गयी वही पर इन्द्रावती व बृजभान मे कहा सुनी व गाली गलौज हो गयी जिससे इन्द्रावती द्वारा अपने हाथ मे लिए लाठी से बृजभान के सिर पर मार दिया जिससे बृजभान की मौके पर मृत्यु हो गयी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त आला क़त्ल एक अदद बांस का सूखा डंडा अभियुक्ता के घर से बरामद किया गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष चन्द्रकान्त पाण्डेय, उ0नि0 शिवाकांत राय, हे0का0 अभिषेक सिंह, का0 नितिन पाठक, का0 सागर जायसवाल, म0 का0 प्रीती रही।

### मन की पवित्रता में हुआ करता है प्रभु श्रीराम का दर्शन- आचार्य देवव्रत जी

**मानस सम्मेलन में श्रीराम की महिमा का गुणगान सुन मगन हुए श्रद्धालु**




**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में मानस सम्मेलन के दूसरे दिन मंगलवार को कथाव्यास प्रयागराज से पधारे आचार्य देवव्रत जी महराज ने कहा कि मन की पवित्रता तथा चरित्र से ही श्रीराम की कृपा मिला करती है। उन्होने कहा कि भगवान की प्राप्ति का एक मात्र साधन मन की शुद्धता है। आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि प्रभु श्रीराम का चरित्र युवाओं के लिए आज के युग में सबसे अधिक सम्बल प्रदान करता है। उन्होने उदाहरण देते हुए बताया कि रावण ने भी सीताहरण के बाद राम के स्वरूप को धारण करने की कल्पना की थी। उन्होने कहा कि रावण को भगवान राम का स्मरण करते ही दूसरी महिलाएं मां के स्वरूप में दिखने लगी। आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि आज सनातन पर सबसे बड़ा संकट मानस की विकृति है। उन्होने कहा कि युवाओं को इन विकृतियों से बचाने के लिए चरित्र निर्माण की प्रेरणा प्रदान करना ही सनातन की सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम भक्ति के अधीन हैं। उदाहरण के तौर पर सबरी तथा केवट प्रसंग सुनाते हुए कहा कि यह शुद्ध भक्ति भाव में प्रभु के आराधक रहे। उन्होने कहा कि भक्ति के सामने भगवान श्रीराम को स्वयं इन्हें दर्शन देना पड़ा। कथा में कथावाचक सचिन कृष्ण जी महराज का भी श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके पहले सावित्री वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में हो रही कथा में श्रीराम दरबार के समक्ष कथा के संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी, प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र तथा अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलन किया। संचालन साहित्यकार जयप्रकाश पाण्डेय सरल ने किया। श्रद्धालुओं का स्वागत शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रदोष नारायण सिंह ने किया। इस मौके पर पं0 वीरेन्द्रमणि तिवारी, केशवराम ओझा, वैभव त्रिपाठी, उमेशपाल तिवारी, राजू मिश्र, मोनू पाण्डेय, रवीन्द्र तिवारी, श्रीधर तिवारी, दयाराम वर्मा, आचार्य प्रभाकर शुक्ल, राजा शुक्ला, संजय शुक्ला, दिनेश सिंह, साकेत मिश्र आदि रहे।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा शहडोल ने दिया कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन

**● सिंहपुर में हुए कांड का आखिर दोषी कौन पुलिस य राघवेंद्र तिवारी सहित उसके सहयोगी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**शहडोल।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के द्वारा आज जिले के कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया हैं। जिसमें सिंहपुर थाना में हुए मारपीट और गांजे के झूठे केस में फाँसने को लेकर एक ज्ञापन दिया गया हैं। जिसमें मुख्य रूप से मामले को दबाने और अपराधियों को बचाव और भी आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के द्वारा अपनी मांगो को रखी हैं।

जिले में हो रहे अपराध को रोकने की बात तो दूर जिले की पुलिसिया सिस्टम भी पूरी तरह से फेल हो गई। जहाँ पर कानून व्यवस्था जुगाड़ के आगे फेल हो तो ऐसे में क्या ही कहे। शहडोल जिले के सिंहपुर थाना में हुए आपराधिक रिकॉर्ड की बात करें तो यहाँ नियम कानून नहीं बल्कि जुगाड़ चलता हैं और जिसके पास हैं (जुगाड़) वो बरी जिसके पास नहीं (जुगाड़) वो दोषी।

**जाँच के नाम पर खेल अपराधी अब भी घूम रहे बेखौफ**

सिंहपुर थाना अंतर्गत ग्राम सिंहपुर में अभी हाल ही में मारपीट और गांजे के केस में एक नया मोड़ सामने आया जिसमे पुलिस ने मारपीट के आरोपी अमरेंद्र तिवारी सहित अन्य के ऊपर मामला तो पंजीबद्ध कर लिए हैं लेकिन गांजे वाले मामले में केवल जाँच ही कर रही । तीन दिन बीत जाने के बाद भी सिंहपुर पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं। जबकि मौके में आई विटनेस भी वहाँ पर मौजूद थे। यहाँ तक कि पुलिस और मीडिया को वीडियो के माध्यम से मारपीट और गांजे की बात भी कही गई हैं। लेकिन सिंहपुर पुलिस कुछ भी कार्यवाही नहीं किए हैं।

**अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने दिया ज्ञापन**

कुशवाहा महासभा के द्वारा अपनी मांगों को रखते हुए ज्ञापन में कहा हैं कि लगभग 10:00 ग्राम पड़मनिया करौंदिया टोला में मुकेश कुशवाहा के साथ मारपीट अमरेंद्र तिवारी ,दिलीप शर्मा व प्रकाश तिवारी के द्वारा किया गया है। सिंहपुर थाने में फोन कर अमरेंद्र तिवारी ने पुलिस को बुलाया जिसमें पुलिस कर्मी मनोज बरमानिया व रामजी डोगरे आए उनके आते ही अमरेंद्र तिवारी गांजे की पोटली अपने पास से निकालकर मुकेश कुशवाहा के पास फेंक दिया और पुलिस वाले को जबरन उठाने के कह रहे थे , पुलिस ने मुकेश कुशवाहा को थाने ले गए , जहां फरियादी को थाने में पुलिसकर्मी दीपक सिंह परिहार के द्वारा मुकेश कुशवाहा के साथ लात और घुसो से मारपीट किया गया। इस घटना में कुशवाहा महासभा की निम्न मांगे हैं, जिसमें अमरेंद्र तिवारी के पास गांजे जैसे मादक पदार्थ आया कहां से जिसकी जांच कर तस्कर के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

2. सिंहपुर थाने में पदस्थ रामजी डोगरे व मनोज बामनिया को पुलिस कर्मियों के द्वारा मादक पदार्थ तस्करों को संरक्षण दी जाती है , इन दो उपरोक्त पुलिस वालों को सस्पेंड कर सिंहपुर थाने से हटाए जाने की मांग करते हैं।

3. सिंहपुर थाने में पदस्थ दीपक सिंह परिहार के द्वारा लगभग 12:00 बजे से 1:00 बजे के बीच पीड़ित मुकेश कुशवाहा के साथ थाने के अंदर मारपीट किया गया ,थाने में लगे सीसीटीवी फुटेज निकलवाया जाए , पुष्टि होने पर दीपक सिंह परिवार को भी सस्पेंड कर सिंहपुर थाने से हटाए जाने की मांग कुशवाहा महासभा के द्वारा मांग की जाती हैं।

## एनएच 730 बाइपास निर्माण से जल निकासी बाधित होने की आशंका, मौके पर पहुंची टीम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर,** सिद्धार्थनगर- गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 730 के बाइपास निर्माण कार्य के दौरान उस्का बाजार नगर पंचायत अंतर्गत सेखुई वार्ड में मुख्य जल निकासी नाले को बंद किए जाने से क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न होने की आशंका है। सभासद पूनम त्रिपाठी द्वारा जिलाधिकारी से शिकायत करने के बाद प्रशासन व निर्माण संस्था सक्रिय हो गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को मौके पर एक टीम पहुंची और वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया। सभासद की आशंका पर सहमति जताते हुए अंडर बाईपास बनवाने का आश्वासन दिया गया है। सभासद ने शिकायत किया था कि बाईपास निर्माण होने से नाला अवरुद्ध हो जाएगा और पूरे वार्ड में बारिश के मौसम में पानी जमा हो सकता है, जिससे जनजीवन प्रभावित होगा। समस्या यहीं तक सीमित नहीं है। बाइपास निर्माण के कारण वार्ड के दो प्रमुख रास्ते भी प्रभावित हो रहे हैं, जिससे वार्ड दो हिस्सों में बंटता नजर आ रहा है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

सभासद ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए पुराने जल निकासी नाले पर पुलिया का निर्माण कराया जाए तथा दोनों प्रभावित रास्तों पर अंडरपास बनाया जाय, ताकि जल निकासी बाधित न हो और लोगों की आवाजाही सुचारु बनी रहे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बरसात के दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं।

## अजगर सांप को पकड़कर रोहिन नदी में छोड़ा



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर टोला मोतीपुर के समीप मंगलवार को फिर अजगर सांप निकलने से गांव में भय का माहौल बना हुआ है। वहीं ग्रामीणों की मदद से अजगर सांप को पकड़ कर रोहिन नदी में छोड़ दिया गया है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर टोला मोतीपुर रोहिन नदी के समीप होने के कारण बीते बुद्धवार को अजगर सांप निकल कर गांव के समीप आ गया था। मंगलवार को फिर अजगर सांप निकलने की सूचना पर भीड़ इकट्ठा हो गयी। ग्रामीण गिरीश चंद्र साहनी, पिंटू साहनी, सन्नी चौधरी, रवि साहनी, विकास साहनी, शिवमोद चौधरी, शिवा जायसवाल, अमन चौधरी, जितेन्द्र बरुण सहित आदि लोगों ने अजगर सांप को रेस्क्यू कर रोहिन नदी में छोड़ा। इस संबंध में उत्तरी चौंक रेंज के घोड़हवा बीट फारेस्टर जितेन्द्र कुमार गौड़ ने बताया कि अजगर सांप निकलने की सूचना हमें नहीं है।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने माँ पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन परिसर का किया निरीक्षण

**● एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम में लिया भाग**

**एचपीवी टीकाकरण को लेकर दिया जागरूकता का संदेश, स्वस्थ-शिक्षित भारत के लक्ष्य पर जोर**










स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मंगलवार को माँ पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय, बलरामपुर के निर्माणाधीन परिसर के निरीक्षण पर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर स्थित कुलाधिपति वाटिका में मौलिसरी का पौधरोपण किया तथा निर्माणाधीन सरोवर का नामकरण 'कुलाधिपति सरोवर' किया। राज्यपाल ने प्रशासनिक भवन, अकादमिक भवन, कुलपति आवास सहित अन्य निर्माणाधीन संरचनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी निर्माण कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण किए जाएं, ताकि विश्वविद्यालय को उच्च शिक्षा का एक सशक्त केंद्र बनाया जा सके।

इसके उपरांत राज्यपाल ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम में भाग लिया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाकर बेटियों को एचपीवी वायरस से सुरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 9 से 14 वर्ष की आयु की बच्चियों को एचपीवी टीके की दो डोज लगाए जाने से लगभग 95 प्रतिशत तक सुरक्षा संभव है। यह टीका 26 वर्ष की आयु तक लगाया जा सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि ऐसे जनकल्याणकारी अभियानों में इंडस्ट्री और निजी कंपनियों का सहयोग भी लिया जाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे जागरूक बनें और अपनी

**बच्चियों का टीकाकरण अवश्य कराएं।**

उन्होंने कहा कि तीन वर्ष का बच्चा अनिवार्य रूप से आंगनबाड़ी जाए और छह वर्ष का बच्चा विद्यालय अवश्य जाए। विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब कोई भी बच्चा बीमार या अशिक्षित न रहे। उच्च शिक्षा में हुए सुधारों का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में शिक्षा व्यवस्था को अधिक लचीला बनाया गया है, जिससे विद्यार्थी विज्ञान के साथ कला और भाषा जैसे विषयों का भी अध्ययन कर सकते हैं।उन्होंने बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगाने और ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति संवेदनशीलता व समान सम्मान की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने बच्चियों को पोषण किट तथा टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया। कार्यक्रम में मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील, कुलपति रवि शंकर सिंह, जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति राय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ. मुकेश रस्तोगी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक 11 फरवरी को, भूतपूर्व सैनिक व आश्रित शिकायती पत्र करें प्रस्तुत




**प्रतापगढ़।** जिला सैनिक एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर दिनेश कुमार मिश्र (अ0प्रा0) ने जनपद के समस्त भूतपूर्व सैनिकों उनको आश्रितों को सूचित किया है कि जिला स्तरीय समिति की बैठक 11 फरवरी 2026 को अपरान्ह 1.30 बजे के प कार्यालय में होगी जिसमें अपना शिकायती प्रार्थना पत्र जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय प्रतापगढ़ में दो प्रतियों के साथ प्रस्तुत करें।

## दिल्ली में खुले गड्ढे और नालों बन रहे मौत का सबब सुरक्षा मानकों की हो रही अनदेखी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली,** जनकपुरी हादसे में 25 वर्षीय युवक कमल की मौत के बाद संबंधित एजेंसियो को सरकार की ओर से चेताया गया है। लेकिन जमीनी हालात कुछ और ही बयां कर रही है। दिल्ली में विकास परियोजनाओ के तहत खोदे गए गड्ढे और नाले जानलेवा साबित हो रहें हैं।कई स्थानों पर गड्ढे खुले हुए हैं। लक्ष्मी नगर, वेलकम, सीलमपुर,मंडोली, हर्ष बिहार, आनंद पर्वत सहित ईस्ट, वेस्ट नार्थ और साउथ दिल्ली के कई इलाकों में बिना बैरिकेड्स और चेतावनी चिह्नों के ये खुले पड़े हैं। दिल्ली मेट्रो,जल बोर्ड और नगर निगम से जुड़ी इन लापरवाहियों के कारण हादसे का ख़तरा बढ़ गया है। जगह जगह दुर्घटनाओं को दावत दे ते मलबों के ढेर पडे मिले जिन्हें उठाने वाल कोई नहीं है। बिना बेरिकेट्स लगाएं हों रहां निर्माण कार्य यह साबित करता है की ठेकेदार ज्यादा मुनाफे कमाने के लिए सुरक्षा मानकों का उलंघन कर रहे हैं। आउटर दिल्ली के मुंडका इलाके में सड़कों पर खुले नालों की वजह से भी बड़ा हादसा हो सकता है, वहीं




कैपिटल पार्क मेट्रो स्टेशन के नीचे रोहतक रोड पर नाले के निर्माण का काम चल रहा है।

नतीजतन खोदे गए गड्ढे खुले छोड़ दिए गए हैं।इसी तरह ईस्ट दिल्ली के विनोद नगर में सीवर सिस्टम के खुले मैन होल हर वहां से गुजरने वाले स्टूडेंट्स की जान के लिए खतरा बने हुए हैं।ह्वा- 9 की सर्विस रोड पर विनोद नगर अंडरपास के सामने लगभग दस फुट चौड़ा खुला नाला किसी भी हादसा करवा सकता है। जनकपुरी में एक मौत के बाद भी हालत नहीं बदले है। दिल्ली में जगह जगह खुले गड्ढे और नालों इस बात का गवाह है कि संबंधित विभाग जनकपुरी जैसी घटना होने का इंतजार कर रहा है।

## तिलक नगर के गणेश नगर एवं महावीर नगर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
स्वतंत्र सिंह भुल्लर



**नई दिल्ली।** गणेश नगर एवं महावीर नगर (तिलक नगर) में रविवार को एक विशाल हिंदू सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में श्रीमन जगद्गुरु स्वामी महायोगी महाराज की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने आशीर्वचनों से उपस्थित जनसमूह को सनातन मूल्यों से जुड़ने का संदेश दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत प्राध्यापिका अर्थशास्त्री डॉ. हरीश ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महेंद्र दीवान थे। वंदेमातरम् गायन से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में श्री सनातन धर्म मंदिर गणेश नगर की महिला भजन मंडल की ओर से राम नाम के भजनों की सुन्दर प्रस्तुति की।भजन प्रस्तुत करते हुए मंडल के दिपक धवन,इंदु गुप्ता,सोना रावत व अन्य सदस्यों ने उपस्थित जनों को मंत्र मुग्ध कर दिया।जिसके उपरान्त स्थानीय समाज सेवी कर्मवीर त्यागी एवं उनकी टीम द्वारा ताइक्वांडो का प्रदर्शन किया,जबकि हरीश पुरोहित और स्वयंसेवकों ने आत्मरक्षा की नियुध कला तकनीकों का प्रदर्शन कर लोगों को आत्मसुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर राकेश सब्बरवाल ने 'पंच परिवर्तन' विषय पर प्रेरक उद्बोधन दिया।इसी के साथ स्थानीय छात्र छात्राओं ने 'पंच परिवर्तन 'पर एक नुक्कड़ नाटिका भी प्रस्तुत की।इस हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत विगत 1 फरवरी को श्री सनातन धर्म मंदिर गणेश नगर में चित्रकला सभा स्पर्धा व हनुमान चालीसा पठन स्पर्धा का आयोजन किया गया था,कार्यक्रम में इन स्पर्धाओं के विजेताओं को प्राध्यापिका अर्थशास्त्री डॉ. हरीश ,हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज गुप्ता जी व सचिव सुमीत अलख के हाथों सम्मानित किया गया।हनुमान चालीसा स्पर्धा के विजेताओं ने सामूहिक चालीसा पठन की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में दिलीप एवं उनकी टीम द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के सचिव सुमीत अलघ प्रस्तावना करते हुए समाज में संस्कार,सुरक्षा और संगठन की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। समिति के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सम्मेलन समाज को सांस्कृतिक रूप से जागरूक और संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंच का संचालन राकेश सब्बरवाल एवं राकेश शर्मा ने किया।सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक अमर सिंह,स्थानीय पार्षद हरीश ओबेरॉय तथा विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष सेठ राम निवास गुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सनातन धर्म मंदिर, गणेश नगर समिति सहित क्षेत्र की अन्य धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने आयोजन में सहयोग दिया और उनके सदस्य बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन भारत माता की सामूहिक आरती,प्रसाद वितरण के साथ समाज में एकता, संस्कार और सनातन संस्कृति को मजबूत करने के संकल्प के साथ किया गया।

## गोपालगंज में डीएम ने स्वयं खायी फाइलेरिया से बचाव की दवा, बोले- सामूहिक सहभागिता से सफल होगा अभियान

**● 27 फरवरी तक चलेगा सर्वजन दवा सेवन अभियान**

**आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर खिलायेंगी फाइलेरिया से बचाव की दवा**

**27.94 लाख से अधिक लाभार्थियों को दवा खिलाने का लक्ष्य**

**2 वर्ष से कम उम्र के बच्चें और गर्भवती महिलाओं को नहीं दी जायेगी दवा**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपालगंज (बिहार)-** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी से 27 फरवरी तक चलने वाले सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रमा का शुभारंभ जिलाधिकारी पवन कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने स्वयं फाइलेरिया से बचाव की दवा खाकर अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होने कहा कि फाइलेरिया मुक्त जिला बनाने प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अभियान में सामूहिक सहभागिता जरूरी है। सभी लोगों से अपील है कि फाइलेरिया से बचाव की दवा जरूर खाएं। खुद और अपने परिवार को सुरक्षित रखें। यह दवा पूरी तरह से प्रभावी और सुरक्षित है। 27 लाख 94 हजार से अधिक लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए 11 फरवरी को मेगा एम.डी.ए. कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बूथ लगाकर स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने लक्षित लाभार्थियों को दवा का सेवन कराएंगे। इसके अलावा, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी अगले 14 दिनों तक घर-घर जाकर छूटे हुए लोगों को दवा खिलाना सुनिश्चित करेंगे। दवा खाली पेट नहीं खानी है। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं और अत्यंत गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति इस अभियान से बाहर रखे गए हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए 1230 आशा कार्यकर्ता (ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर) एवं 124 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन डॉ. बीरेंद्र प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डीएमओ डॉ. सुषमा शरण, डीपीएम धीरज कुमार, डीसीएम, डीपीसी, जिला वीबीडी सलाहकार अमित कुमार, वीडीसीओ राजेश कुमार, वीडीसीओ प्रशांत कुमार, बीपीन कुमार सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी-कर्मी और सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**शिक्षण संस्थानों व कार्यालयों में भी होगा दवा सेवन:** जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के अंतिम तीन कार्यदिवसों में सभी शिक्षण संस्थानों, कार्यालयों, कारागृह एवं अन्य संस्थानों में बूथ लगाकर फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके। अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सेविका घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगी। इस क्रम में ष्ठश्वष्ट 100 द्वद्द एवं ,द्यड्डद्गठ्ठस्रड्ड5श्वद्यद्ग की गोलियां पात्र व्यक्तियों को दी जाएंगी।

**दवा खाने के बाद हल्के लक्षण दिखें तो घबराएं नहीं** सिविल सर्जन डॉ. बीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। उच्च रक्तचाप, शुगर, गठिया अथवा अन्य सामान्य बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों को भी ये दवाएं अवश्य लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि दवा खाने के बाद मितली, चक्कर या हल्का बुखार जैसे लक्षण दिखाई दें तो यह शुभ संकेत है। इसका अर्थ है कि शरीर में मौजूद फाइलेरिया के परजीवी दवा के प्रभाव से नष्ट हो रहे हैं। किसी भी असुविधा की स्थिति से निपटने के लिए प्रत्येक प्रखंड में रैपिड रिस्पॉन्स टीम तैनात रहेगी।

**बचाव ही है सबसे बड़ा उपाय:** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुषमा शरण के अनुसार फाइलेरिया होने पर इसका कोई प्रभावी इलाज नहीं है, लेकिन समय पर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर इस बीमारी से बचाव पूरी तरह संभव है। विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा दी जाने वाली दवा का सेवन अवश्य करें और जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग दें।

## सैकडों छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजाल की दी गई गई खुराक




**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत रतनपुर में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व कम्पोजिट विद्यालय सहित करीब आधा दर्जन स्कूलों में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आरबीएसके टीम रतनपुर के चिकित्सकों द्वारा सैकडों छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजाल की खुराक दी गई है। आरबीएसके टीम के चिकित्सक डॉ एसके त्रिपाठी ने बच्चों किशोर किशोरियों को कृमि नियंत्रण दवाई के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए उन्हे कृमि की दवाई लेने के लिए तथा शरीर में होने वाले तमाम प्रकार के किटाणुओं से सतर्क रहने के लिए जागरूक किया। साथ ही यह भी बताया कि एक वर्ष से 19 वर्ष के सभी बच्चों, किशोर व किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजाल निःशुल्क खिलाई जाएगी। इस दौरान चिकित्सक डॉ जेपी चौधरी, जितेन्द्र त्रिपाठी, सुनील चन्द्र, रामसुभाष, कस्तूरबा स्टाप रेनूलता, साईदा खातून, मधु अग्रहरी, प्रियंका चौरसिया, सुनीता कुमारी, शिक्षा मित्र गोविन्द साहनी, साफिया खातून आदि मौजूद रहे।